जबलपुर
शुक्रवार 29 मई 2026
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष -13
वर्ष : 21, अंक : 29
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

मौसम
अधि. 40
न्यून. 23



जावेद अख्तर ने कहा-उर्दू आज 'और गरीब' हो गई

पैदाइश: 15.02.1935 इंतकाल: 28.05.26

## मशहूर शायर बशीर बद्र नहीं रहे, 91 की उम्र में भोपाल में निधन

# श्रीराम की अयोध्या में जन्मे.. और अलीगढ़ से पढ़े, और सारी दुनिया को बताया-हम भी दरिया हैं, हमें अपना हुनर मालूम है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शायरी की दुनिया ने गुरुवार को अपना एक और सितारा खो दिया। अजीम शायर बशीर बद्र नहीं रहे। 91 बरस की उम्र में उन्होंने भोपाल में आखिरी सांस ली। वे पिछले कुछ समय से मनोभ्रंश ( डिमेंशिया) से जूझ रहे थे। डिमेंशिया कोई बीमारी नहीं है, बल्कि मस्तिष्क की कार्यप्रणाली में गिरावट आने से जुड़े लक्षणों (सिंड्रोम) का एक समूह है। इसमें याददाश्त का कमजोर होना, सोचने-समझने की क्षमता, ध्यान केंद्रित करने, भाषा और निर्णय लेने में परेशानी शामिल हैं।

- साहित्य और शायरी जगत में शोक की लहर, सीएम डॉ. यादव ने भी जताया दुख
- बशीर साहब पिछले कुछ समय से डिमेंशिया से जूझ रहे थे

सीएम ने जताई संवेदना

### रचनाओं से मानवता के साथ जीने का संदेश दिया

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी डॉ. बशीर बद्र के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि 'पद्म श्री' से सम्मानित, प्रसिद्ध शायर डॉ. बशीर बद्र के निधन पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। उन्होंने अपनी रचनाओं के माध्यम से जीवन को संवेदनशीलता, अपनत्व और मानवता के साथ जीने का संदेश दिया।

उन्होंने भुट्टो से कहा था

### 'दुश्मनी जमकर करो लेकिन ये गुंजाइश रहे, जब कभी हम दोस्त बन जाएं तो शर्मिंदा न हों'

भारत-पाकिस्तान बंटवारे के दौर पर बशीर बद्र ने कई ऐसी गजलें और शेर लिखे, जो आज भी लोगों के दिलों में जिंदा हैं। कहा जाता है कि शिमला समझौते के दौरान तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो को बशीर बद्र का एक मशहूर शेर सुनाया था।

बद्र साहब ने उर्दू ग़ज़ल को आम आदमी की ज़िंदगी और अहसास से जोड़ा

## उर्दू अदब के एक खूबसूरत दौर का यूं समाप्त हो जाना

डॉ. बशीर बद्र साहब का निधन केवल एक बड़े शायर का बिछड़ना नहीं, बल्कि उर्दू अदब के एक ख़ूबसूरत और रौशन दौर का समाप्त हो जाना है। उन्होंने ग़ज़ल को नई ज़बान, नई संवेदनाएं और नई इमेजरी दी। उनकी शायरी में सादगी भी थी, गहराई भी, दर्द भी था और इंसानी रिश्तों की गर्माहट भी। यही वजह है कि वे सिर्फ़ उर्दू तक सीमित नहीं रहे, बल्कि हिंदी पाठकों और आम लोगों के दिलों तक भी पहुंचे। मुझे यह सौभाग्य मिला कि मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी की सचिव के रूप में उनके साथ काम करने और उन्हें बहुत क़रीब से जानने का अवसर मिला। वे अकादमी के अध्यक्ष थे। अध्यक्ष और इतने बड़े शायर होने के बावजूद उनमें कोई बनावट, कोई औपचारिकता या दंभ नहीं था। वे बेहद सादा, आत्मीय और मोहब्बत करने वाले इंसान थे। उनकी बातचीत, उनका अंदाज़ और उनकी शायरी, सबमें अपनाइयत थी। बशीर बद्र साहब ने उर्दू ग़ज़ल को क्लिष्ट शब्दों और कठिन अभिव्यक्तियों से निकालकर आम आदमी की ज़िंदगी और अहसास से जोड़ा। उन्होंने रोज़मर्रा की भाषा में ऐसी गहरी बातें कहीं जो सीधे दिल में उतर जाती हैं। यही उनकी सबसे बड़ी पहचान और कामयाबी रही। आज उनका यूं चले जाना अत्यंत दुखद है किंतु उनकी शायरी, उनकी आवाज़ और उनकी स्मृतियां हमेशा हमारे साथ रहेंगी।



डॉ. नुसरत मेहदी
निदेशक
मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी







## खबर संक्षेप

### सीयूईटी यूजी परीक्षा का रिवाइज्ड शेड्यूल जारी



नई दिल्ली। एनटीए ने सीयूईटी यूजी परीक्षा का रिवाइज्ड शेड्यूल जारी कर दिया है। बकरीद के चलते 28 मई को स्थगित हुई यह परीक्षा अब दो चरणों 31 मई और 6 व 7 जून 2026 को आयोजित की जाएगी। एनटीए ने 31 मई को होने वाले एग्जाम के लिए एडमिट कार्ड वेबसाइट पर अपलोड कर दिए हैं।

### लिफ्ट के बहाने हनी ट्रैप चार आरोपी गिरफ्तार



भिंड। जिले में हनी ट्रैप गिरोह का पर्दाफाश करते हुए देहात थाना पुलिस ने दो महिलाओं समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पीड़ित किसान की शिकायत पर की गई है। किसान से एक महिला ने पैर दर्द का बहाना बनाकर लिफ्ट ली। फिर रेप केस में फंसाने की धमकी देने लगे।

### गाय का कटा सिर मिलने से बवाल, किया चक्काजाम



रतलाम। स्टेशन रोड थाना क्षेत्र में गाय का कटा सिर और अवशेष मिलने से भारी तनाव फैल गया। घटना की खबर फैलते ही हिंदू संगठन के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में इकट्ठा हो गए। प्रदर्शनकाकरियों ने गो-अवशेषों को सड़क पर रखकर चक्काजाम कर दिया।


## सीबीएसई के नए मार्किंग सिस्टम पर बढ़ा बवाल तो केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने मानी गड़बड़ी

# जिम्मेदारी ली, कहा- पुनर्मूल्यांकन में हर विद्यार्थी को मिलेगा 'इंसाफ'

*प्रधान ने बताया कि 40 करोड़ पेज की चेकिंग हुई है, इसमें 17 लाख में से 4 लाख स्टूडेंट्स लौटकर आए हैं, जिनकी 11 लाख कॉपियां आई हैं*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सीबीएसई 12वीं की परीक्षा देने वाले देश भर के लाखों छात्रों के गुस्से और सोशल मीडिया पर मचे हाहाकार के बाद आखिरकार केंद्र सरकार ने इस मामले पर बड़ा कदम उठाया है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) यानी डिजिटल चेकिंग प्रणाली में हुई गंभीर विसंगतियों और तकनीकी गड़बड़ियों को खुले तौर पर स्वीकार कर लिया है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि इस पूरे डिजिटल सिस्टम में जो भी कमियां रही हैं, उसकी जिम्मेदारी वे खुद लेते हैं और देश के किसी भी छात्र के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।




शिक्षा मंत्री ने कहा कि 40 करोड़ पेज की चेकिंग हुई है, इसमें 17 लाख में से 4 लाख स्टूडेंट्स लौटकर आए हैं, जिनकी 11 लाख कॉपियां आई हैं। हम लोगों ने गुरुवार को बैठकर इस पर चर्चा की, सीबीएसई ने कई अच्छी एजेंसियों को भी इसमें शामिल किया है। इसमें भारत सरकार की टेक्नोलॉजी को सर्टिफाई करने वाली एजेंसी भी काम पर लगी हैं।

### ये भी बोले जिम्मेदार अफसरों को छोडूंगा नहीं



धर्मेंद्र प्रधान

- *छात्र मांग रहे फिजिकल चेकिंग, शिक्षा मंत्री बोले- दुनियाभर में हो रहा ओएसएम का इस्तेमाल*
- *हम किसी भी एक छात्र की शंका, चिंता या सवाल को बिना सुलझाए नहीं छोड़ेंगे*

### ओएसएम को लेकर क्यों हो रहा विवाद?

सीबीएसई के ऑन स्क्रीन मार्किंग सिस्टम को लेकर 12वीं के रिजल्ट के बाद से ही सवाल उठने लगे हैं। पहले छात्रों ने कम नंबर मिलने का आरोप लगाया, इसके बाद जब स्कैन कॉपी डाउनलोड हुई तो खराब स्कैनिंग का मुद्दा सामने आया। इसके ठीक बाद कई ऐसे छात्र भी सामने आए, जिन्होंने बताया कि उन्हें किसी और की कॉपी जोड़ दी गई है। कुछ छात्रों की आंसर शीट से पन्ने गायब मिले। ऐसे में छात्रों और पेरेंट्स का गुस्सा और ज्यादा बढ़ गया और अब इस सिस्टम को ही हटाने की मांग हो रही है।

### सरकार और बोर्ड समस्या सुलझाने में जुटे

कॉपियों की अदला-बदली और गायब पन्नों के आरोपों पर उन्होंने साफ कहा कि यह पहली बार है जब सीबीएसई ने देश में इस तरह का बड़ा डिजिटल सिस्टम लागू किया है। कुछ विसंगतियां हमारे संज्ञान में आई हैं। इन सभी कमियों को जल्द से जल्द सुधारा जाएगा। सरकार और बोर्ड के तमाम अधिकारी इस वक्त सिर्फ इसी समस्या को सुलझाने में जुटे हैं।

### *नीट पेपर लीक मामले पर राजनाथ सिंह के घर बड़ी बैठक*

इधर, नीट पेपर लीक मामले को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आवास पर हाई लेवल बैठक हुई। बैठक में केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, ज्योतिरादित्य सिंधिया, एनटीए डीजी अभिषेक सिंह और पीएमओ के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। गौरतलब है कि नीट यूजी 2026 परीक्षा 3 मई को आयोजित हुई थी। अनियमितताओं के संकेत मिलने के बाद परीक्षा 12 मई को रद्द कर दी गई थी। अब 21 जून को होने वाली नीट पुनर्परीक्षा में करीब 23 लाख छात्र शामिल होंगे। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान लगातार परीक्षा तैयारियों की समीक्षा कर रहे हैं।



इस्तीफा सौंपते हुए

## कर्नाटक में 3 साल बाद सत्ता परिवर्तन

# सिद्धारमैया ने दिया इस्तीफा, डीके ने छुए पैर, वही होंगे अब नए बॉस

- सिद्धारमैया बोले- पार्टी हाईकमान ने जो कहा वो मैंने किया
- लेकिन, इस्तीफा देने की एवज में मैं राज्यसभा नहीं जाऊंगा

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने लोकभवन जाकर अपना इस्तीफा सौंपा। कर्नाटक के राज्यपाल के विशेष सचिव, प्रभु शंकर ने कहा कि मैंने सिद्धारमैया का मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा प्राप्त किया है। लेकिन वापस आने के बाद राज्यपाल ही इसे स्वीकार करेंगे। राज्यपाल थावरचंद गहलोत, मध्य प्रदेश के नागदा स्थित अपने गृह नगर गए हुए हैं। इससे पहले, सिद्धारमैया ने अपने आवास पर जलपान के दौरान हुई बैठक में मंत्रिमंडल के सहयोगियों को पद छोड़ने के अपने फैसले से अवगत कराया था।



आशीर्वाद लेते डीके

### *7 करोड़ कन्नडिगा मेरे भगवान सोनिया-राहुल का धन्यवाद*

सिद्धारमैया ने जनता का आभार जताते हुए कहा कि 7 करोड़ कन्नडिगा ने मुझे मौका दिया, वही मेरे भगवान हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें पार्टी नेतृत्व- सोनिया गांधी, राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे का पूरा समर्थन मिला और इसके लिए वह आभारी हैं।

चुनावी तैयारियों के बीच भाजपा का बड़ा दांव

### दिल्ली, हरियाणा, पंजाब और त्रिपुरा के नए प्रदेश अध्यक्षों का हुआ ऐलान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी ने संगठन में बड़ा फेरबदल करते हुए गुरुवार को चार राज्यों के प्रदेश अध्यक्षों को बदलने का ऐलान किया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के निर्देशानुसार, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब और त्रिपुरा में नए संगठन प्रमुखों की नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है। दिल्ली की कमान वीरेंद्र सचदेवा की जगह पूर्वी दिल्ली से सांसद और केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा को सौंपी गई है।



■ हर्ष को दिल्ली हरियाणा में अर्चना को जिम्मा

पुलिस की बड़ी लापरवाही

### जली लाश को माना 'शिवानी' बेगुनाह पिता-भाई को भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर

जिले से एक बेहद हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जहां जिस युवती की हत्या के आरोप में पिता और भाई जेल में सजा काट रहे हैं, वह अचानक जिंदा लौट आई। खकनार थाने पहुंची युवती ने पुलिस से कहा कि साहब! मैं जिंदा हूं, मेरे पिता और भाई को छोड़ दीजिए। इस नाटकीय मोड़ के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। दरअसल, खकनार क्षेत्र की रहने वाली शिवानी बीते 24 अप्रैल को अचानक लापता हो गई थी।




■ युवती थाने में बोली-साहब मैं जिंदा हूं

बकरीद पर मप्र से उठी अनोखी मांग

### मुस्लिम समाज बोला - गाय को राष्ट्रीय धरोहर घोषित करे सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल/इंदौर

प्रदेश में गुरुवार को ईद-उल-अजहा (बकरीद) का त्योहार अकीदत, भाईचारे और सांप्रदायिक सौहार्द के साथ मनाया गया। इस मौके पर इंदौर, उज्जैन, खंडवा और धार समेत मालवा-निमाड़ अंचल के कई शहरों में मुस्लिम समाज ने सामूहिक नमाज अदा कर देश में अमन-चैन और खुशहाली की दुआ मांगी। इस बार बकरीद के अवसर पर सूबे के कई शहरों से आपसी सद्भाव की एक अनोखी मिसाल देखने को मिली।



■ नमाजियों ने हाथ उठाकर किया समर्थन

## सादगी भरे अंदाज में सीएम पहुंचे उज्जैन



सीएम की यह पहल ईंधन बचत और अनावश्यक खर्चों में कमी की दिशा में एक सकारात्मक संदेश

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव काफिला छोड़ टूरिस्ट बस में हुए सवार

भोपाल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सादगी, मितव्ययिता और सुशासन के मंत्र को आत्मसात करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश में एक नई कार्य संस्कृति स्थापित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा प्रशासनिक खर्चों में संयम और संसाधनों के संतुलित उपयोग को लगातार प्राथमिकता दी जा रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को एक प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया।

प्रदेश में भीषण गर्मी, 10 जिले 45 डिग्री पार

# लेकिन... दमोह, सागर में तो बारिश के साथ ओले भी गिरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में गुरुवार को भी भीषण गर्मी का दौर रहा। 10 जिलों में पारा 45 डिग्री पार रहा, जबकि सबसे गर्म रहे खजुराहो में पारा 46.5 डिग्री दर्ज हुआ है। नौगांव, राजगढ़, दमोह, मंडला, सागर, सतना, टीकमगढ़, मलाजखंड, दतिया में 45 से 46 डिग्री तक रहा। यहां तीव्र लू चली। गुना, ग्वालियर, श्योपुर, छिंदवाड़ा, जबलपुर, रीवा, उमरिया, रायसेन आदि जिलों में पारा 44 से 45 डिग्री के बीच रहा है। भोपाल में दशमलव 2 डिग्री बढ़कर 43.8 डिग्री रहा, जो सामान्य से 2.5 डिग्री अधिक है।

- भोपाल में पारा 43.8 डिग्री
- प्री-मानसून कल से शुरू होगा



भोपाल की बड़ी झील का दृश्य

### आज यहां लू और भीषण गर्मी

मौसम केंद्र ने शुक्रवार को सतना, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी में लू का रेड अलर्ट जारी किया है। दतिया, भिंड, सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, उमरिया, कटनी, मैहर, छिंदवाड़ा, गुना, दमोह, सागर में रात गर्म रहेगी। जबलपुर, मंडला, भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन, शाजापुर, आगर, मंदसौर में कहीं-कहीं आंधी बारिश होगी।

## ट्विशा डेथ केस: एक दिन पहले ही हाईकोर्ट ने उनकी अग्रिम जमानत खारिज की थी

गिरिबाला का एम्स में फिलहाल मेडिकल नहीं कराया गया

# सीबीआई ने लंबी पूछताछ के बाद सास पूर्व जज गिरिबाला सिंह को किया अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ट्विशा डेथ केस में सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश गिरिबाला सिंह को भोपाल पुलिस ने गुरुवार को 7 घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। सीबीआई के अधिकारी गुरुवार सुबह साढ़े 10 बजे गिरिबाला के कटारा हिल्स स्थित घर पहुंचे थे। शाम 5 बजकर 10 मिनट पर उन्हें गिरफ्तार किया गया। इससे पहले बुधवार को मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने गिरिबाला की अग्रिम जमानत रद्द कर दी थी।








इसी कार से गिरीबाला को ले जाया गया

- *पूर्व जज को मैनिट के कैंप फिर एम्स में मेडिकल कराया बाद में सीबीआई दफ्तर ले जाया गया*
- *शुक्रवार को समर्थ और गिरिबाला को एक साथ किया जाएगा पेश*

### हाई इंटेंसिटी कैमरे से रिकॉर्डिंग की

इससे पहले जांच के दौरान सीबीआई ने गिरिबाला सिंह के घर में हाई इंटेंसिटी 3डी कैमरा लगाकर पूरे परिसर की 360 डिग्री रिकॉर्डिंग की। आसपास की लोकेशन भी स्कैन की गई, ताकि यह पता लगाया जा सके कि घटनास्थल किसी पड़ोसी मकान की छत या बालकनी से दिखाई देता है या नहीं?

### फूंक-फूंक कर कदम रख रही है सीबीआई

गिरिबाला सिंह सेवानिवृत्त न्यायाधीश हैं, इसलिए सीबीआई ने भी फूंक-फंककर कदम रख रही है। पूरी कानूनी प्रक्रियाओं की जानकारी गिरिबाला सिंह को है, इसलिए सीबीआई ने गिरिबाला सिंह को उनके बयान और मुख्य आरोपी ट्विशा शर्मा के पति समर्थ सिंह के बयानों में विरोधाभासी पाए जाने और एम्स भोपाल की मेडिकल रिपोर्ट में मौत से पहले ट्विशा शर्मा के शरीर पर चोट के निशान को प्रताड़ना सिद्ध होने के बाद गिरफ्तारी की है।

## कर्नाटक के 'नाटक' का आखिरकार हो गया समापन

# मुख्यमंत्री पद को लेकर 3 साल की रस्साकशी 3 दिन में हो गई खत्म

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक में मुख्यमंत्री पद के लिए 3साल पहले शुरू हुई जद्दोजहद आखिरकार खात्म हो गई है। 2023 में मई के महीने में ही कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार बनी थी। तब 2कद्दावर नेताओं- सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार में मुख्यमंत्री बनने की होड़ मची थी।

कांग्रेस आलाकमान ने सिद्धारमैया को सीएम बनाने को मंजूरी दी, वहीं शिवकुमार को डिप्टी सीएम पद से संतोष करना पड़ा। तब यह भी अटकलें लगी थीं कि दोनों नेताओं के बीच ढाई-ढाई साल सीएम पद पर रहने की सहमति बनी है।

### 3 साल पहले लगी थी सीएम पद की होड़

तीन साल पहले मई 2023 में जब कांग्रेस ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव में जीत हासिल की थी, तब मुख्यमंत्री पद के लिए सिद्धारमैया औरशिवकुमार के बीच कड़ी होड़, जिसे गेम ऑफ थ्रोन्स भी कहा गया, शुरू हो गई थी। दोनों ही दिग्गजों ने इस शीर्ष पद के लिए अपनी मजबूत दावेदारी और पैरवी पेश की थी। उस समय दोनों ही नेताओं ने अपनी ताकत दर्शाते हुए सीएम पद पर दावा रखा था।

## मई 2023 में बनी थी सिद्धारमैया के नेतृत्व में सरकार



### यह था सिद्धारमैया का पक्ष

सिद्धारमैया ने अपने पास राजनीति का लंबा अनुभव और पार्टी के 135 नवनिर्वाचित कांग्रेस विधायकों में से 90 का समर्थन होने की बात कही थी। इसके अलावा, अल्पसंख्यक, पिछड़े वर्गों और दलितों खासकर कुरुबा और मुस्लिम समुदायों के बीच उनका एक बहुत मजबूत और व्यापक जनाधार था।

### यह था शिवकुमार का पक्ष

शिवकुमार ने कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में पार्टी को मुश्किल समय से निकालते हुए राज्य में चुनाव अभियान का सफलतापूर्वक नेतृत्व किया था और कांग्रेस को एक शानदार जीत दिलाई थी। उन्हें राजनीतिक रूप से प्रभावशाली लिंगायत और वोक्कालिगा समुदायों के नेताओं का भी कड़ा समर्थन हासिल है।

### कथित गुप्त समझौते की होती रही चर्चा

सिद्धारमैया और शिवकुमार के बीच मुख्यमंत्री पद के लिए कड़े मुकाबले को सुलझाने के लिए कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व ने हस्तक्षेप किया और एक कथित समझौता कराया। इस समझौते के तहत सिद्धारमैया को राज्य का मुख्यमंत्री और शिवकुमार को उपमुख्यमंत्री बनाया गया। शिवकुमार के समर्थकों का लगातार यह दावा करते रहे हैं कि सरकार गठन के समय ढाई-ढाई साल के लिए रोटेशनल मुख्यमंत्री का फॉर्मूला तय किया गया था।

### ये रही भावी सीएम शिवकुमार की 'अमीरी'

## 852 करोड़ का शॉपिंग मॉल, आलीशान घर और नेटवर्थ 1,400 करोड़ रु.के पार

शिवकुमार की गिनती सबसे अमीर नेताओं में की जाती है। विधानसभा चुनाव 2023 के दौरान चुनाव आयोग को सौंपे गए हलफनामे में शिवकुमार ने अपनी चल-अचल संपत्ति का खुलासा किया था। उनके नाम पर शॉपिंग मॉल समेत अन्य महंगी कमर्शियल प्रॉपर्टीज हैं, वहीं शेयर बाजार में भी उन्होंने करोड़ों रुपए का निवेश किया है।

### 4 करोड़ के शेयर, सोना भी करोड़ों का

शिवकुमार ने शेयर बाजार में भी करोड़ों का निवेश किया है। यूनियन बैंक से लेकर बैंक ऑफ बड़ोदा तक, कौस्तुभा प्रोजेक्ट्स से लेकर वीक्रॉस डेवपलर्स तक के शेयरों में उन्होंने पत्नी समेत 4.20 करोड़ लगाए हैं।

### अचल संपत्ति बेशुमार

शिवकुमार व पत्नी के नाम पर 30 करोड़ की एग्रीकल्चर लैंड दर्ज है। 84 करोड़ से ज्यादा कीमत के कई घर और फ्लैट हैं, जो दिल्ली से बेंगलुरु तक में हैं।

## खबर संक्षेप

### डब्ल्यूएफआई ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी



**नई दिल्ली।** विनेश फोगाट को एशियन गेम्स 2026 चयन ट्रायल में भाग लेने की अनुमति देने वाले दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। मामले की सुनवाई शुक्रवार को बेंच करेगी। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की बेंच डब्ल्यूएफआई की याचिका पर सुनवाई करेगी।

### केरलम में ईडी अफसरों पर हमले, 8 गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** केरलम के पूर्व मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के आवास के बाहर ईडी की गाड़ी पर हुए हमले के मामले में केरल पुलिस ने 8 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। राज्य पुलिस महानिदेशक रवदा आजाद चंद्रशेखर ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। चंद्रशेखर ने कहा हमने अन्य शामिल लोगों की भी पहचान कर ली है।

### आप नेता जयपाल को सरेआम मारी गोली




**अमृतसर।** पंजाब के अमृतसर में आप से जुड़े नेता जयपाल सिंह बाऊ को सरेआम गोली मारने की घटना सामने आई है। इस गोलीबारी के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। जयपाल को अमृतसर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि घटना अमृतसर के कोट आत्मा राम इलाके की है।

### लू की चपेट में कई हिस्से श्रीगंगानगर सबसे गरम



**जयपुर।** राजस्थान में बृहस्पतिवार को सीमावर्ती श्रीगंगानगर जिले में अधिकतम तापमान 47.1 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने बताया कि राज्य में भीषण गर्मी का दौर अभी जारी रहेगा। गुरुवार को राज्य के अधिकांश भाग लू और भीषण गर्मी के चपेट में रहे। विभाग के अनुसार श्रीगंगानगर में अधिकतम तापमान सबसे अधिक 47.1 डिग्री सेल्सियस रहा।

### तृणमूल कार्यालय से 300 पहचान पत्र जब्त



**कोलकाता।** कोलकाता के तंगरा इलाके में बृहस्पतिवार को तृणमूल कांग्रेस के एक स्थानीय कार्यालय से कथित तौर पर बड़ी संख्या में मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड और राशन कार्ड बरामद किए गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वार्ड नंबर 57 के तंगरा सेकेंड लेन में स्थित पार्टी कार्यालय में एक अलमारी से करीब 300 पहचान पत्र बरामद हुए हैं।

## गुजरात दौरे पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित ने किया बड़ा ऐलान

# ममता सरकार ने कराई घुसपैठ, अब घुसपैठिए स्वेच्छा से लौट जाएं तो सख्त कार्रवाई नहीं होगी



गांधीनगर में जनता के बीच गृहमंत्री शाह

## 600 हेक्टेयर जमीन बीएसएफ को देने पर सीएम सुवेंदु को बधाई दी

एजेंसी ▶▶ गांधीनगर

गुजरात दौरे पर पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल के सीएम सुवेंदु अधिकारी को बीएसएफ को केवल 7 दिन में 600 हेक्टेयर जमीन सौंपने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि पहले ममता के शासनकाल में हर दिन घुसपैठ होती थी, लेकिन अब घुसपैठिए खुद ही वापस लौटने लगे हैं। गांधीनगर में शाह ने कहा कि चुनाव के दौरान हमने कहा था कि अगर हमें सत्ता मिलती है तो बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने का काम कुछ ही दिनों में शुरू कर दिया जाएगा। शाह ने कहा, चिकन नेक कॉरिडोर में 121 हेक्टेयर जमीन भी भारत सरकार को सौंप दी गई है। पहले ममता के शासनकाल में हर दिन घुसपैठ होती थी लेकिन अब घुसपैठिए खुद ही वापस लौटने लगे हैं। सुवेंदु सरकार ने नजरबंदी केंद्र स्थापित किए हैं। हम सभी चाहते हैं कि अवैध रूप से प्रवेश करने वाले लोग स्वेच्छा से अपने मूल स्थानों पर लौट जाएं। अगर वे खुद लौटते हैं तो बंगाल सरकार उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करेगी और उन्हें जाने की प्रक्रिया में मदद भी करेगी।

बाड़ लगाने का काम जल्द शुरू होगा

सरकार उनके लौटने की प्रक्रिया में मदद करेगी

### देश के लगभग 80 फीसदी भौगोलिक क्षेत्र में भाजपा का शासन



गांधीनगर में परियोजना का लोकार्पण किया

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने गुजरात से विकास की यात्रा शुरू की थी और आज उनकी सरकार ने 12 साल पूरे कर लिए हैं। उन्होंने गुजरात के विकास मॉडल को कश्मीर से कन्याकुमारी और गंगासागर से सोमनाथ तक फैलाया है। आज विकास दिखाई दे रहा है।

### वीर सावरकर को दी श्रद्धांजलि

शाह ने कहा कि आज वीर सावरकर की जयंती है। विनायक दामोदर सावरकर इतने महान देशभक्त थे कि उन्हें किसी सरकारी सम्मान की आवश्यकता नहीं थी। पूरे देश में उन्हें केवल विनायक दामोदर सावरकर के रूप में ही नहीं, बल्कि भारत के हर बच्चे को 'वीर सावरकर' के नाम से याद किया जाता है। उन्होंने पूरा जीवन देशभक्ति और भारत माता को ब्रिटिश शासन से मुक्त कराने के लिए समर्पित किया। वे एकमात्र स्वतंत्रता सेनानी थे जिन्हें दो बार आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई।

### जनसांख्यिकीय आयोग गठित करने का फैसला

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनसांख्यिकीय परिवर्तन आयोग समिति गठित करने का निर्णय लिया है। यह उच्चस्तरीय समिति देश भर में हो रहे आर्टिफ़िशियल डेमोग्राफिक चेंज के कारणों की जांच करेगी और संभावित समाधानों पर भी विचार करेगी। यह इस बात का भी आकलन करेगी कि क्या इस मुद्दे को हल करने के लिए किसी कानून की आवश्यकता है। जनसांख्यिकीय परिवर्तन आयोग एक साल के अंदर ही अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा और आर्टिफ़िशियल डेमोग्राफिक चेंज को रोकने के प्रयास किए जाएंगे।

### सुवेंदु ने अवैध प्रवासियों को दी थी सख्त चेतावनी

## बंगाल छोड़कर चले जाएं, यहां पालने की जरूरत नहीं



बंगाल के सीएम सुवेंदु अधिकारी ने राज्य में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी घुसपैठियों को कड़ी चेतावनी दी है कि वे तुरंत बंगाल छोड़कर चले जाएं। उन्होंने पुलिस को निर्देश दिए हैं कि इन घुसपैठियों को जेल में रखकर सरकारी पैसे (भोजन, दवा, और कपड़े) पर पालने की कोई जरूरत नहीं है। हाकिमपुर चेकपोस्ट और कल्याणी में जनसभाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने तंज कसा।

**सीधे खदेड़ने के निर्देश:** उन्होंने घुसपैठियों को 'जल्दी-जल्दी भागो' की अंतिम चेतावनी दी है। साथ ही, पुलिस को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि उन्हें जेल न भेजकर सीधा सीमा पार खदेड़ा जाए।

**जमीनी कार्रवाई:** मुख्यमंत्री के सख्त तेवरों के बाद, राज्य के कई संवेदनशील सीमावर्ती इलाकों (जैसे मालदा और मुर्शिदाबाद) में विशेष होल्डिंग सेंटर सक्रिय कर दिए गए हैं।

**बॉर्डर पर भीड़:** इस अल्टीमेटम के बाद, हाकिमपुर बॉर्डर चेकपोस्ट पर भारी संख्या में ऐसे बांग्लादेशी नागरिकों की कतारें देखी गई हैं।

### प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर जानकारी दी

## केवल ढांचा तैयार न करें,अब विकास को तेजी से पूरा भी करें

### विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



समीक्षा बैठक में पीएम मोदी

पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को एक्स पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि उन्होंने बुधवार को प्रगति की 51वीं बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें देशभर की कई अहम विकास परियोजनाओं की समीक्षा की गई। यह बैठक 'सेवा तीर्थ' में आयोजित हुई। प्रधानमंत्री ने 30,000 करोड़ से अधिक लागत वाली विभिन्न बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इनमें रेलवे, बिजली और सड़क संपर्क से जुड़ी परियोजनाएं शामिल थीं, जो 9 राज्यों में फैली हैं। इसमें समय-सीमा, विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय और लंबित मुद्दों के समाधान पर विशेष ध्यान दिया गया। केन-बेतवा लिंक परियोजना और स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा था कि इन परियोजनाओं का उद्देश्य केवल ढांचा तैयार करना नहीं है बल्कि लोगों के जीवन में वास्तविक बदलाव लाना जरूरी है। उन्होंने राज्यों से ठोस कचरा प्रबंधन, अपशिष्ट प्रसंस्करण संयंत्र को पूरा करने की बात कही।

### रूफटॉप सोलर सिस्टम को बढ़ावा दें

प्रधानमंत्री ने शहरी क्षेत्रों में रूफटॉप सोलर सिस्टम को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा था कि इसे मिशन मोड में लागू किया जाना चाहिए, ताकि बिजली की लागत कम हो, ऊर्जा सुरक्षा मजबूत हो और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिले। उन्होंने इसके विस्तार की आवश्यकता बताई। प्रधानमंत्री ने वधावन बंदरगाह को एक आधुनिक मल्टी-मॉडल विकास मॉडल के रूप में विकसित करने की बात कही। उन्होंने कहा था कि इसे राष्ट्रीय स्तर के एक प्रमुख प्रवेश द्वार के रूप में तैयार किया जाना चाहिए।


### 'केन-बेतवा नदी जोड़ो' की प्रस्तुति दी गई

बैठक में केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना को भी एक मॉडल परियोजना के रूप में प्रस्तुत किया गया। पीएम मोदी ने कहा था कि ऐसी परियोजनाएं राज्यों के बीच सहयोग और जल संसाधनों के बेहतर उपयोग का उदाहरण बन सकती हैं। उन्होंने जल संरक्षण, भूजल पुनर्भरण और कुशल सिंचाई प्रणाली को मजबूत करने पर भी जोर दिया। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा था कि सरकारी परियोजनाओं में देरी से लागत बढ़ती है और आम जनता को सुविधाओं का लाभ देर से मिलता है। इसलिए सभी मंत्रालयों और राज्यों को अधिक सक्रिय होकर समयबद्ध तरीके से काम पूरा करना चाहिए।

### मथुरा में भंडारे को लेकर खूनी संघर्ष

## ताबड़तोड़ फायरिंग में 6 लोग घायल, गांव में फोर्स तैनात

एजेंसी ▶▶ मथुरा



गांव महोली में भंडारे को लेकर 2 पक्षों के बीच विवाद खूनी संघर्ष और फायरिंग तक पहुंच गया। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। गोली से 6 लोग घायल हो गए है। एक की हालत गंभीर है। विवाद एक पक्ष की ओर से पार्षद पुष्पा देवी उर्फ गुड्डी प्रधान और दूसरे पक्ष की ओर से चंद्रपाल सिंह के समर्थकों के बीच हुआ।


### घटना के बाद गांव में फैला तनाव

दोनों ओर से लाठी-डंडे चले और फिर फायरिंग शुरू हो गई। घटना में दोनों पक्षों के 6लोग गगंभीर घायल हो गए। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां हरिओम नामक युवक की हालत गंभीर होने पर उसे सिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों पक्ष ठाकुर समाज से हैं। घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है।

### बघेल का रामभद्राचार्य पर निशाना

## फ्यूल सस्ता कराने अपने चेले धीरेंद्र शास्त्री से निकलवाएं पर्ची

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



छत्तीसगढ़ में जगतगुरु रामभद्राचार्य और बागेश्वर धाम सरकार पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्रकृष्ण शास्त्री को लेकर जमकर सियासत गरमाई है। अब पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने भी उन्हें निशाने पर लिया है। बघेल ने जगद्गुरु रामभद्राचार्य पर तंज कसते हुए कहा कि वे अपने चेले कथावाचक पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री से पेट्रोल-डीजल के दाम कम करवाएं। पर्ची निकलवाएं।

### ट्वीट कर साधा निशाना

बघेल ने निशाना साधते हुए कहा कि रामभद्राचार्य जी गौ-भक्त हैं, राम भक्त हैं तो वे ये बताएं कि मोदी जी ने तो गौ-मांस भक्षक किरण रिजिजू को अपने मंत्रिमंडल में रखा है? रामभद्राचार्य जी बड़े ज्ञानी और गुणी हैं, मैं उनसे पूछना चाहूंगा कि ये मोदी जी ट्रंप के सामने इतना झुक क्यों जाते हैं, आप अपनी दिव्यदृष्टि से बताएं?

## दिल्ली विस में बिरला ने किया विमोचन



**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरुवार को दिल्ली विधानसभा में केंद्रीय विधायी विधानसभा की 1924–1930 की कार्यवाही पर आधारित 89 खंडों (वॉल्यूम) का विमोचन किया। उन्होंने कहा कि यह दुर्लभ ऐतिहासिक दस्तावेज युवा पीढ़ी के लिए एक मार्गदर्शक का काम करेगा। इस दौरान बिरला ने विधानसभा की पत्रिका 'विधान चेतना' के उद्घाटन अंक का भी अनावरण किया।

### चुनाव हारते ही टीएमसी में अंदरूनी कलह चरम पर

# पार्टी प्रवक्ता डॉ. सेन ने दिया इस्तीफा, नहीं करूंगा समर्थन

एजेंसी ▶▶ कोलकाता



पश्चिम बंगाल की राजनीति में टीएमसी को फिर बड़ा झटका लगा है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. शांतनु सेन ने राष्ट्रीय प्रवक्ता पद से इस्तीफा दे दिया है। डॉ. सेन ने इस्तीफा पार्टी प्रमुख ममता बेनर्जी को भेजा है। उन्होंने साफ कहा कि मौजूदा हालात में वह ऐसा करने के लिए मानसिक रूप से तैयार नहीं हैं। जब जनता ने आरजी कर केस, अभया केस और भ्रष्टाचार को लेकर हमें खारिज कर दिया है।

## मौजूदा हालात में हम मानसिक रूप से तैयार नहीं

### काकोली ने बिरला को लिखा पत्र

### अपनी ही पार्टी के नेता कल्याण बेनर्जी की शिकायत की



अब बंगाल में कलह सार्वजनिक हो गई है। टीएमसी नेता काकोली घोष ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को एक पत्र लिखा है। इस पत्र में टीएमसी सांसद कल्याण बेनर्जी के खिलाफ शिकायत की गई है। घोष ने स्पीकर से अपनी पार्टी के चीफ व्हिप कल्याण के खिलाफ औपचारिक शिकायत दर्ज कराने की अनुमति मांगी है।

### कल्याण ने किया पलटवार

### उनकी मंशा पर उठता है सवाल



टीएमसी सांसद कल्याण बेनर्जी ने काकोली घोष द्वारा उन पर लगाए गए आरोपों पर कहा कि सदन में किसी भी घटना की जानकारी तुरंत स्पीकर को दी जानी चाहिए। अगर सदन के भीतर कोई घटना होती है तो स्पीकर के संज्ञान में लाना जरूरी होता है। कल्याण ने आरोपों पर सवाल उठाते हुए कहा कि असली मुद्दा यह है कि किसने क्या कहा और कब कहा। उन्होंने आरोप लगाने वालों की मंशा पर भी संदेह जताया कि पूरे मामले के पीछे कोई उद्देश्य है।

### टीएमसी सांसद रॉय ने की सीएम सुवेंदु की तारीफ

### हमने ऐसा मेहनती नेता नहीं देखा



टीएमसी के सांसद सुखेंदु शेखर रॉय ने सीएम सुवेंदु अधिकारी और उनकी सरकार की तारीफ की है। रॉय ने कहा कि वे बहुत ही ज्यादा मेहनती हैं। अभी-अभी तक जो भी काम सरकार ने किए हैं, उससे आम जनता बहुत खुश हैं। सरकार सही रास्ते पर है।

### एडीआर की रिपोर्ट

## क्षेत्रीय दलों के खजाने में 51% गिरावट, पर खर्च 20 फीसदी बढ़ा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



देश की सियासत में सक्रिय क्षेत्रीय राजनीतिक दलों की आय आधे से अधिक घट गई है। पर, उनका खर्चा आय से अधिक रहा। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। 36 क्षेत्रीय दलों के ऑडिट से पता चला कि 2024-25 में इनकी आय वित्तीय वर्ष 2023-24 के मुकाबले 51.57 प्रतिशत गिर गई। उनका खर्च वित्तीय वर्ष 2023-24 के मुकाबले 20 प्रतिशत बढ़ गया। इनमें से 21 दलों ने अपनी घोषित कमाई से अधिक खर्च किया है। यह रिपोर्ट 27 मई को जारी हुई है। एडीआर ने चुनाव आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध 36 दलों के ऑडिट खातों का विश्लेषण किया। इन 36 क्षेत्रीय पार्टियों की आय वित्त वर्ष 2024-25 में 1,192.94 करोड़ रुपए रही। यह वित्त वर्ष 2023-24 के 2,463.17 करोड़ रुपये से 1,270.23 करोड़ कम रही। इन दलों की आय में 51.57 प्रतिशत की गिरावट आई।

## साइप्रस में इयू के विदेश मंत्रियों से मिले जयशंकर

# यूक्रेन जंग और पश्चिम एशिया में क्षेत्रीय संकट पर की चर्चा

एजेंसी ▶▶ निकोसिया

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने गुरुवार को साइप्रस में यूरोपीय संघ (ईयू) के विदेश मंत्रियों की अनौपचारिक बैठक में भाग लिया। बैठक के दौरान मंत्रियों ने उभरते बहुध्रुवीय व्यवस्था में अवसरों, व्यावहारिक सहयोग और अपने साझा हितों पर चर्चा की।

विदेश मंत्री जयशंकर ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि यूरोपीय संघ के विदेश मामलों के मंत्रियों की अनौपचारिक जिम्निच बैठक में शामिल होने के लिए लिमासोल में आकर बहुत अच्छा लगा। यूरोपीय संघ और इस क्षेत्र के साथ हमारी साझेदारी कई क्षेत्रों में लगातार गहरी होती जा रही है। उभरते बहुध्रुवीय व्यवस्था में अवसरों, व्यावहारिक सहयोग और हमारे साझा हितों पर चर्चा की गई।

> जयशंकर ने कहा कि यूरोपीय संघ और इस क्षेत्र के साथ हमारी साझेदारी कई क्षेत्रों में लगातार गहरी होती जा रही है। उभरते बहुध्रुवीय व्यवस्था में अवसरों, व्यावहारिक सहयोग और हमारे साझा हितों पर चर्चा की गई

### कई देशों के साथ द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर हुई बातचीत


ईयू के विदेश मंत्रियों के साथ विदेश मंत्री एस. जयशंकर

### भू-आर्थिक चुनौतियों पर विचार-विमर्श

*जिम्निच फोरम यूरोपीय संघ के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की अनौपचारिक बैठक है, जो प्रमुख भू-आर्थिक चुनौतियों, सुरक्षा और रणनीतिक मामलों पर चर्चा करने के लिए समय-समय पर आयोजित की जाती है। जयशंकर ने जिम्निच फोरम से इतर नीदरलैंड, पोलैंड, फ्रांस, स्लोवाकिया और एस्टोनिया के विदेश मंत्रियों और पोलैंड के उप प्रधानमंत्री राडोस्लाव सिकोरस्की के साथ भी बैठकें कीं। बता दें, विदेश मंत्री एस. जयशंकर बुधवार को यूरोपीय संघ के विदेश मंत्रियों की एक अनौपचारिक बैठक में भाग लेने के लिए साइप्रस पहुंचे।*

### रूस-यूक्रेन के बीच स्थायी शांति हो



विदेश मंत्री जयशंकर ने अपने यूक्रेनी समकक्ष एंड्री सिबिहा से भी मुलाकात में रूस-यूक्रेन संघर्ष पर स्थायी शांति की प्रतिबद्धता जताई और द्विपक्षीय सहयोग को गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की।

### ईयू संग एफटीए पर चर्चा



जयशंकर ने यूरोपीय संघ की विदेश मामलों और सुरक्षा नीति की उच्च प्रतिनिधि काजा कल्लास से भारत-यूरोपीय संघ के साथ हुए एफटीए को तेज गति देने और पश्चिम एशिया हालात पर भी बातचीत की।

### सऊदी अरब के विदेश मंत्री से मुलाकात



विदेश मंत्री जयशंकर ने सऊदी अरब के विदेश मंत्री फैसल बिन फरहान अल सऊद के साथ बैठक की, जहां दोनों पक्षों ने पश्चिम एशिया में क्षेत्रीय घटनाक्रम पर विचारों पर बात की।

### स्पेन के साथ रक्षा सहयोग बढ़ाएंगे



जयशंकर ने स्पेन के विदेश मंत्री जोस मैनुअल अल्बारेस से मुलाकात में रक्षा सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की।


## खबर संक्षेप

### इबोला के चलते हाई अलर्ट पर सभी एयरपोर्ट



**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर इबोला के बढ़ते खतरों को देखते हुए एयरपोर्ट हेल्थ आर्गेनाइजेशन (एपीएचओ) ने देश के सभी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर सुरक्षा व्यवस्था को बेहद कड़ा कर दिया है। अब दुनिया के किसी भी कोने से भारत पहुंचने वाले हर यात्री को इस सख्त सुरक्षा घेरे से गुजरना होगा। नए प्रोटोकाल के तहत, अंतरराष्ट्रीय उड़ानों से उतरने वाले सभी यात्रियों की थर्मल स्क्रीनिंग की जा रही है। 21 दिनों का विस्तृत यात्रा इतिहास देना होगा। स्वास्थ्य संबंधी लक्षणों की वर्तमान स्थिति भी बतानी होगी।

### सऊदी जेल से 20 साल बाद लौटा अब्दुल रहीम



**नई दिल्ली।** सऊदी अरब में मौत की सजा का सामना कर रहे अब्दुल रहीम 20 साल बाद बकरीद पर घर लौटे। लोगों ने क्राउडफंडिंग के जरिए ब्लड मनी के लिए 34 करोड़ रुपए जुटाए, तब जाकर कहीं उन्हें मौत की सजा से राहत मिली। रहीम नवंबर 2006 में सऊदी अरब गए थे। रियाद में रहीम को एक परिवार के दिव्यांग बेटे अनस अल फायिस की देखभाल का जिम्मा सौंपा गया था। कार यात्रा के दौरान, रहीम के हाथ से गलती से अनस के लाइफ सपोर्ट सिस्टम की ट्यूब टूट गई।

## ओमान के दखल पर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने दी चेतावनी

# स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पर किसी का नियंत्रण नहीं नाजुक बातचीत के समय दखल अस्वीकार्य

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

> ट्रंप ने कहा कि यह समुद्री रास्ता सबके लिए खुला रहेगा। यह अंतरराष्ट्रीय पानी है। इस पर किसी का नियंत्रण नहीं होगा। हम इस पर नजर रखेंगे, लेकिन इसे कोई कंट्रोल नहीं करेगा। यह हमारी बातचीत का हिस्सा है

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ओमान को चेतावनी दी है कि वह ईरान के साथ चल रही नाजुक बातचीत में दखल न दे, यह अस्वीकार्य है। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका स्टेट ऑफ होर्मुज पर नजर रखेगा।

व्हाइट हाउस में कैबिनेट बैठक के दौरान पत्रकारों ने ट्रंप से पूछा कि क्या वह ऐसे छोटे समय के समझौते को मानेंगे, जिसमें ईरान और ओमान इस अहम समुद्री रास्ते को मिलकर नियंत्रित करें। इस पर ट्रंप ने कहा कि यह समुद्री रास्ता सबके लिए खुला रहेगा। यह अंतरराष्ट्रीय पानी है। इस पर किसी का नियंत्रण नहीं होगा। हम इस पर नजर रखेंगे, लेकिन इसे कोई कंट्रोल नहीं करेगा। यह हमारी बातचीत का हिस्सा है।

### ईरान को किसी भी तरह के प्रतिबंधों से राहत नहीं मिलेगी


कैबिनेट बैठक के बाद पत्रकारों से चर्चा करते डोनाल्ड ट्रंप

### जल्दबाजी में नहीं करेंगे समझौता

*ट्रंप ने कहा कि वह मिडटर्म चुनावों के राजनीतिक दबाव की वजह से ईरान के साथ किसी समझौते में जल्दबाजी नहीं करेंगे। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका अभी चर्चा में चल रही शर्तों से संतुष्ट नहीं है और अगर उसकी मांगें पूरी नहीं हुईं तो वह फिर से सैन्य कार्रवाई कर सकता है। कैबिनेट बैठक के दौरान ट्रंप ने कहा कि ईरान को अपने उच्च स्तर पर समृद्ध यूरेनियम के भंडार को छोड़ने के बदले में किसी तरह की प्रतिबंधों से राहत नहीं मिलेगी।*

### कुवैत पर मिसाइल से हमला

कुवैत की सेना ने कहा है कि उनके एयर डिफेंस ने एक मिसाइल हमले का पता लगाया है। कुवैती सेना ने कहा कि एयर डिफेंस ने मिसाइल और ड्रोन्स को हवा में ही मार गिराया, जिससे तेज धमाका हुआ। कुवैत की सरकार ने सभी नागरिकों से सुरक्षा सलाह को मानने की अपील की।

### ओमान को आदेश मानना होगा

ट्रंप ने चेतावनी देते हुए कहा कि ओमान को बाकी देशों की तरह ही व्यवहार करना होगा, नहीं तो हमें कार्रवाई करनी पड़ेगी। ट्रंप की यह टिप्पणी उस खबर के बाद आई, जिसमें ईरानी सरकारी टीवी ने दावा किया था कि उसे ईरान-अमेरिका समझौते का एक अनौपचारिक मसौदा मिला है।

### ईरान के बंदर अब्बास बंदरगाह पर हमला

ईरान के बंदर अब्बास पोर्ट शहर के पूर्वी इलाके में गुरुवार तड़के करीब 1:30 बजे तीन धमाकों की आवाज सुनी गई। यह शहर होर्मुज स्ट्रेट के पास स्थित है। एयर डिफेंस सिस्टम तुरंत सक्रिय कर दिए गए। अमेरिका ने दावा किया कि उसने यह हमला आत्मरक्षा में किया है। ईरान का कहना है कि अमेरिका ने हमला करके पहले से ही नाजुक सीजफायर को चुनौती दी है।

#### दक्षिणी लेबनान पर इजराइल का हमला

### महिलाओं-बच्चों समेत 14 की मौत

*दक्षिणी लेबनान में इजराइल और हिजबुल्ला के बीच जारी तनाव एक बार फिर भड़क उठा है। ताजा हवाई हमलों में कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई है, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। 2 मार्च से 27 मई तक बढ़कर 3,269 हो गई है, जबकि 9,840 लोग घायल हुए हैं।*

### 'डोनाल्ड ट्रंप' नाम के भैंसे की कुर्बानी पर रोक



बांग्लादेश में सुनहरे बालों की वजह से 'डोनाल्ड ट्रंप' नाम से मशहूर इस भैंसे को बकरीद की कुर्बानी से बचा लिया गया है और ढाका के राष्ट्रीय चिड़ियाघर में भेज दिया है। यह 700 किलो का एक दुर्लभ एल्बिनो भैंसा है।

## ऑस्ट्रेलिया की संसद में अल्बनीज बोले

# पीएम मोदी की मेजबानी करना हमारे लिए बेहद सम्मान की बात


एंथनी अल्बनीज और पीएम मोदी फाइल फोटो

एजेंसी ▶▶ कैनबरा

ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बनीज ने पीएम नरेंद्र मोदी के जल्द ऑस्ट्रेलिया दौरे को लेकर बड़ा बयान दिया है। कैनबरा में संसद को संबोधित करते हुए अल्बनीज ने कहा कि भारत, जो पहले ही दुनिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बन चुका है, इस दशक में वैश्विक अर्थव्यवस्था की तीसरी सबसे बड़ी शक्ति बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने भारत को ऑस्ट्रेलिया का बेहद महत्वपूर्ण साझेदार बताते हुए दोनों देशों के मजबूत होते रिश्तों की जमकर तारीफ की। पीएम ने कहा मुझे जल्द ही पीएम मोदी की मेजबानी करने का अवसर मिलेगा, और यह मेरे लिए बेहद सम्मान की बात होगी। वहीं, ऑस्ट्रेलिया में भारत के उच्चायुक्त फिलिप ग्रीन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अल्बनीज के संबोधन का वीडियो साझा किया।

### भारत की विकास यात्रा से सबके लिए अवसर

पीएम अल्बनीज ने कहा कि भारत की आर्थिक वृद्धि सिर्फ एक देश की उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह पूरे हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए एक बड़ा अवसर है। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया केवल प्रशांत महासागर का देश नहीं, बल्कि हिंद महासागर क्षेत्र का भी महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिससे दोनों देशों के रिश्ते और गहरे होते हैं। उन्होंने 2022 में हुए आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौते का उल्लेख करते हुए कहा कि इस समझौते ने दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों को नई मजबूती दी है। साथ ही शिक्षा, संस्कृति और क्रिकेट जैसे क्षेत्रों ने भी दोनों देशों को आपस में करीब लाने का काम किया है।

### भारतीय समुदाय की रक्षा करेंगे

अल्बनीज ने ऑस्ट्रेलिया में बसे भारतीय समुदाय की भी खुलकर सराहना की। उन्होंने कहा कि लगभग दस लाख भारतीय मूल के लोग न केवल देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रहे हैं, बल्कि छोटे व्यापारों और समाज में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। हमारा देश आप सभी की वजह से बेहतर हुआ है। मेरी सरकार हमेशा आपके हितों की रक्षा करेगी और किसी भी तरह के विभाजनकारी प्रयासों का विरोध करेगी।

## दो से तीन आतंकियों के छिपे होने की आशंका

# राजौरी में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़

एजेंसी ▶▶ राजौरी



जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में गुरुवार सुबह आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच फिर से मुठभेड़ शुरू हो गई। राजौरी के दोरीमल के घने जंगलों में दो से तीन आतंकियों के छिपे होने की आशंका है। आतंकियों को मार गिराने के लिए छठे दिन भी सुरक्षाबलों की कार्रवाई जारी है। आतंकियों के खिलाफ जारी ऑपरेशनल शेरवाली अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच चुका है। सुरक्षाबलों की भारी तैनाती के साथ-साथ, अतिरिक्त कुमक और लॉजिस्टिक मदद को भी मुठभेड़ वाली जगह पर तुरंत भेजा गया है। मंजाकोट सेक्टर में छिपे आतंकी राजौरी जिले के मंजाकोट सेक्टर में गंभीर मुगलान और दोरीमल के घने जंगलों में आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिलने के बाद से ही भारतीय सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ ने घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू कर दिया था।



### नेपाल में 14 स्कूलों का निर्माण करेगा भारत

**काठमांडू।** भारत ने नेपाल के भूकंप प्रभावित 8 जिलों में 14 स्कूलों के निर्माण के लिए 56.02 करोड़ नेपाली रुपए देने की प्रतिबद्धता जताई है। नेपाल के शिक्षा एवं खेल मंत्रालय ने बताया कि ये स्कूल गोरखा, नुवाकोट, धाडिंग, दोलखा, काठमांडू, कावरेपालंचोक, रामेछाप और सिंधुपालचोक जिलों में बनाए जाएंगे। ये वे क्षेत्र हैं जो पिछले कई वर्षों में देश में आए भूकंपों से सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं।

## कनाडा में गुंडागर्दी का शिकार हुई भारतीय बेटी

# गुजरात की छात्रा विधि की चाकू घोंपकर हत्या, अपराधी फरार

एजेंसी ▶▶ ओटावा



गुजरात के आनंद जिले की रहने वाली 22 वर्षीय भारतीय छात्रा विधि कल्पेशभाई मेघानी कनाडा में करियर बनाने गई थी। जहां नायग्रा में 15 मई को उसकी चाकू गोद कर हत्या कर दी गई है।

वो घर से निकली थी कि हमलावार ने इस पर चाकुओं से ताबड़तोड़ वार शुरू कर दिए। विधि चीखती-चिल्लाती रही लेकिन जब तक मदद पहुंची तब तक बहुत देर हो चुकी थी। हालांकि, इस खौफनाक घटना को कई दिन बीत जाने के बाद भी आरोपी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ा है। पुलिस हत्या का केस दर्ज कर मामले की तफ्तीश में जुट गई है। वारदात वाली जगह के आसपास लगे सभी सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है और रास्ते से गुजरने वाले चश्मदीदों से लंबी पूछताछ की जा रही है।

## पीयूष गोयल ने कनाडा कंपनियों को भारत में निवेश का दिया न्योता

# एआई और दुर्लभ खनिज क्षेत्र में निवेश और सहयोग करेगा कनाडा, नवंबर में दिल्ली आएगा विशेष दल

एजेंसी ▶▶ टोरंटो

एआई, दुर्लभ खनिज समेत कई क्षेत्रों में सहयोग-निवेश के लिए कनाडाई कंपनियां भारत में दस्तक देंगी। कनाडा इस वर्ष नवंबर में टीम कनाडा ट्रेड मिशन भारत भेजेगा। यह ऐलान कनाडाई व्यापार मंत्री मनिंदर सिद्धू ने केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के साथ किया। गोयल स्वच्छ ऊर्जा व एआई क्षेत्र में भारत के साथ साझेदारी के लिए कनाडाई निवेशकों के साथ बैठक की।

### सीईपीए पर वार्ता जारी

भारत और कनाडा ने प्रस्तावित 'व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते' (सीईपीए) पर जारी वार्ता में जल्दी सहमति बन सकने वाले क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने का फैसला किया है जबकि संवेदनशील क्षेत्रों को फिलहाल अलग रखा जाएगा। गोयल ने कहा कि दोनों देशों ने बातचीत को व्यावहारिक बनाए रखने पर सहमति जताई है।

## संकरी सड़कें और रास्ता ठीक नहीं होने से लग रहा बार-बार जाम

### 22 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन, जून महीने में और बढ़ेगा आंकड़ा

# चारधाम यात्रा: तीन दिन के सफर में लग रहे हैं दस दिन

एजेंसी ▶▶ कर्णप्रयाग

उत्तराखंड में चारधाम यात्रा चरम पर है लेकिन यात्रा मार्ग पर कई जगह संकरी सड़कें और रास्ता ठीक नहीं होने के कारण बार-बार जाम लग रहा है। ऐसे में वाहन रेंगते हुए आगे बढ़ रहे हैं। चारधाम यात्रियों के साथ ही स्थानीय लोगों का भी यात्रा का शेड्यूल गड़बड़ा रहा है।

लोगों के तीन दिन के सफर में दस दिन लग रहे हैं। पार्किंग की उचित व्यवस्था न होने से सड़क किनारे वाहन खड़े किए गए हैं जिससे कई बार जाम की स्थिति बन रही है। बदरीनाथ और केदारनाथ दर्शन के लिए सवारियों को लेकर आए थे लेकिन एक घंटे का रास्ता तय करने में ही दोगुना समय लग जा रहा है।


चारधाम यात्रा पर जाते वाहन

### केदारनाथ में 8.75 लाख लोगों ने दर्शन किए

चार धाम यात्रा इस बार रिकॉर्ड तोड़ रही है। चारों धाम में 22 लाख 75 हजार श्रद्धालुओं ने दर्शन किए हैं। केदारनाथ धाम में अब तक 8 लाख 75 हजार लोगों में दर्शन किए हैं। बद्रीनाथ धाम में 6 लाख 13 हजार श्रद्धालु पहुंचे हैं। यमुनोत्री में 3 लाख 87 हजार श्रद्धालुओं में दर्शन किए है। गंगोत्री धाम में 3 लाख 85 हजार श्रद्धालु पहुंचे है। हेमकुंड साहिब में भी श्रद्धालुओं का आंकड़ा 12 हजार पार पहुंचा गया है। ऐसे में यात्रियों की व्यवस्था में सरकार और प्रशासन जुटा है। जून महीने में श्रद्धालुओं का आंकड़ा और बढ़ेगा। पुलिस अधीक्षक सुरजीत सिंह पंवार ने बदरीनाथ धाम में यातायात व सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

### सिंगल लेन की हो गई सड़क

श्रीनगर, धारीदेवी, फरासू और सिरोहबगड़ में वाहनों की आवाजाही धीमी है। यहां वाहन रेंगते हुए आगे बढ़ रे हैं। रुद्रप्रयाग के बाद कमेड़ा-टू में नदी किनारे सुरक्षा कार्य के कारण सड़क सिंगल लेन की हो गई है। सुबह और रात में दोनों ओर से वाहनों के आने पर जाम लग रहा है। दिन में ड्यूटी कर्मी एक-एक कर वाहनों को रवाना कर रहे हैं। ऐसे में यहां वाहनों की कतारें लग रही हैं। कर्णप्रयाग में सड़क चौड़ीकरण न होने से भी वाहन रेंगते हुए चल रहे हैं।



### भारतीय कपल से यूएस में की गई बदसलूकी

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में एक भारतीय दंपति के साथ कथित नस्लभेदी बदसलूकी का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। यह वीडियो एवाईटोन फोर्थ नाम के यूजर ने शेयर किया। जो भारतीय दंपति से उनकी नागरिकता और भारत को लेकर सवाल पूछता नजर आ रहा है। जवाब मिलने के बाद वह उन्हें अमेरिका छोड़कर जाने को कहता है। वह कहता है कि हम तुम्हें यहां नहीं चाहते। तुम्हें अपने देश वापस जाना होगा।




शहरों के बीच दूरी और यात्रा समय को कम करना उद्देश्य

# एरियल डिस्टेंस के आधार पर बनेंगे आधा दर्जन नए ग्रीनफील्ड हाईवे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश में पहली बार एरियल डिस्टेंस के आधार पर हाईवे विकसित किए जाएंगे। प्रदेश सरकार करीब आधा दर्जन नए ग्रीनफील्ड हाईवे बनाने की तैयारी कर रही है, जिनकी कुल लंबाई 1100 किलोमीटर से अधिक होगी। इन हाईवे को अधिकतम सीधा बनाने की योजना है, ताकि शहरों के बीच दूरी और यात्रा समय कम किया जा सके। लोक निर्माण विभाग के अनुसार, इन हाईवे के बनने के बाद बड़े शहरों के बीच यात्रा में एक से तीन घंटे तक की बचत होगी।

परियोजनाओं का निर्माण ग्रीनफील्ड मॉडल पर किया जाएगा और इन्हें एक्सक्लूसिव कॉरिडोर के रूप में विकसित किया जाएगा। इन हाईवे पर लोकल वाहनों को सीधे प्रवेश नहीं मिलेगा। हर 50 किलोमीटर पर एंट्री और एग्जिट पॉइंट बनाए जाएंगे। इसके अलावा जहां ग्रामीण सड़कें या स्थानीय आवागमन होगा, वहां फ्लाईओवर, ओवरब्रिज और अंडरपास बनाए जाएंगे, ताकि गांवों का संपर्क प्रभावित न हो। हाईवे सामान्य जमीन स्तर से 5 से 7 फीट ऊपर बनाए जाएंगे और दोनों तरफ सुरक्षा रेलिंग लगाई जाएगी, जिससे मवेशियों और वाहनों की अनियंत्रित एंट्री रोकी जा सके।

**मप्र में पहली बार लागू होगा मॉडल, हर 50 किमी पर होगा एंट्री-एग्जिट पॉइंट**

## निजी एजेंसी करेगी रूट तय, राहगीरों को होगा लाभ


प्रतीकात्मक फोटो।

हाईवे का अंतिम रूट निजी एजेंसी द्वारा फिजिबिलिटी सर्वे के आधार पर तय किया जाएगा। कोशिश रहेगी कि सड़कें अधिकतम सीधी रहें, लेकिन घनी आबादी वाले क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार मोड़ दिए जाएंगे। इससे विस्थापन कम होगा और शहरों को बायपास सुविधा भी मिलेगी।

### प्रस्तावित हाईवे और यात्रा समय में कमी

सागर-सतना हाईवे : 295 किमी की मौजूदा दूरी घटकर 235 किमी होगी। यात्रा समय 6-7 घंटे से घटकर करीब 3 से 3.30 घंटे रह जाएगा।

### दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे से जुड़ेगा भोपाल

भोपाल-मंदसौर हाईवे को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे से जोड़ा जाएगा। इसके बाद भोपाल से दिल्ली की यात्रा करीब 8 घंटे में पूरी हो सकेगी, जबकि अभी 10 से 12 घंटे लगते हैं। करीब 11,550 करोड़ रुपए की लागत वाली इस परियोजना में सिर्फ 13 इंटरचेंज प्रस्तावित हैं।

### रूट तय होने के बाद कुछ ऐसा रहेगा खाका

- **भोपाल-इंदौर हाईवे :** दूरी 190 किमी से घटकर 160 किमी होगी। सफर 3-4 घंटे के बजाय 2 से 2.30 घंटे में पूरा होगा।
- **भोपाल-मंदसौर हाईवे :** 313 किमी की दूरी घटकर 255 किमी होगी। यात्रा समय 4-5 घंटे से घटकर 2-3 घंटे रह जाएगा।
- **जबलपुर-भोपाल मार्ग :** 350 किमी से घटकर 320 किमी होगा और यात्रा समय 8-9 घंटे से घटकर 5-6 घंटे हो जाएगा।
- **सागर-जबलपुर हाईवे :** दूरी 54.4 किमी से घटकर 48 किमी होगी। यात्रा समय 1 घंटे से घटकर 35-40 मिनट रह जाएगा।
- **इंदौर-उज्जैन मार्ग :** 199 किमी से घटकर 140 किमी होगा और यात्रा समय 4-5 घंटे से घटकर करीब 2 से 2.15 घंटे हो जाएगा।

### डीपीआर का काम शुरू हो चुका है...

कई परियोजनाओं की डीपीआर तैयार करने का काम शुरू हो चुका है। इन हाईवे के निर्माण से प्रदेश में व्यावसायिक गतिविधियों और माल परिवहन को नई गति मिलेगी।

**सुखबीर सिंह,** प्रमुख सचिव, लोक निर्माण विभाग

## खबर संक्षेप

### प्रशिक्षण वर्ग में शामिल हुए शिवप्रकाश

**भोपाल।** भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने बुधवार को माँ नर्मदा के उद्गम स्थल अमरकंटक में पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के अंतर्गत अनूपपुर के जिला प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रशिक्षण आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

### रेल मंत्री ने पन्ना के जंगल में रेलवे लाइन पर दिए निर्देश

**भोपाल।** ललितपुर–सिंगरौली रेल लाइन परियोजना बुंदेलखंड और विंध्य क्षेत्र को जोड़ने वाली एक महत्वपूर्ण रेल कनेक्टिविटी परियोजना है। यह परियोजना मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के पिछड़े क्षेत्रों को रेल नेटवर्क से जोड़ती है। सिंगरौली ललितपुर रेलवे लाइन पन्ना के जंगलों से गुजरती है यह लाइन मध्य प्रदेश के पूर्वी क्षेत्र को झांसी भोपाल के मेन लाइन से जोड़ती है।

### जनजातीय विद्यार्थियों को मिल रहीं बेहतर शिक्षा

**भोपाल।** प्रदेश के जनजातीय विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा और आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए जनजातीय कार्य विभाग लगातार कार्य कर रहा है। यह बात जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने कही। उन्होने कहा कि सरकार जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर भविष्य देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि जनजातीय समाज का हर बच्चा आधुनिक शिक्षा से जुड़े और अपने सपनों को पूरा कर सके।

विश्व धरोहर खजुराहो में आयोजित हुआ योग महोत्सव

# योग और खजुराहो दोनों भारतीय संस्कृति के प्रमुख स्तंभः डॉ यादव

**मुख्यमंत्री ने वीडियो संदेश से किया संबोधित**

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि भारतीय योग परम्परा को सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़कर स्वस्थ, जागरूक एवं आध्यात्मिक रूप से समृद्ध समाज के निर्माण की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। योग और खजुराहो, दोनों ही सदियों से भारतीय संस्कृति के अभिन्न स्तंभ रहे हैं।

हमारी सरकार योग के प्रचार के लिए सभी जरूरी कदम उठा रही है। योग को प्रदेश के घर-घर तक पहुंचाने के लिए आयुष विभाग द्वारा इन दिनों 'घर-घर योग-हर व्यक्ति निरोग' अभियान भी चलाया जा रहा है। डॉ यादव ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के 25 दिवसीय काउंटडाउन के अवसर पर यूनेस्को द्वारा घोषित विश्व धरोहर स्थल खजुराहो में आयोजित 'योग महोत्सवः 2026' कार्यक्रम को वीडियो संदेश के जरिए संबोधित किया।


डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

### आयोजन को सफल बनाने के लिए बधाई

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्र और राज्य सरकार के आयुष मंत्रालय के अधिकारियों और जिला प्रशासन, छतरपुर को खजुराहो में इस विशेष आयोजन को सफल बनाने के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम को केंद्रीय आयुष और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रतापराव जाधव, उच्च शिक्षा, आयुष एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, संस्कृति एवं पर्यटन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी और सांसद खजुराहो विष्णुदत्त शर्मा ने भी संबोधित किया।

### योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने अभियान

सीएम ने कहा कि अंतराष्ट्रीय योग दिवस से पहले काउंटडाउन इवेंट से देशभर में लाखों लोग जुड़ रहे हैं। आज की युवा पीढ़ी भी योग को सहर्ष स्वीकार कर रही है। हम योग को सांस्कृतिक मूल्यों के साथ जोड़कर एक स्वस्थ, जागरुक और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध समाज के निर्माण की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि सबके सहयोग से हम योग को हर नागरिक के जीवन का हिस्सा बनाने की ओर बढ़ रहे हैं। केन्द्रीय आयुष मंत्रालय का यह आयोजन अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2026 की राष्ट्रव्यापी तैयारियों में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ है। यह कार्यक्रम योग के माध्यम से समग्र स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने के प्रति केन्द्र और राज्य सरकार की प्रतिबद्धता का भी प्रतीक है।

गेहूं उपार्जन और जलसंकट के चलते सरकार नहीं देगी राहत

# आईएएस संतोष वर्मा और कलेक्टर्स नहीं जाएंगे मिड करियर ट्रेनिंग पर

**वर्तमान में मध्यप्रदेश के 11 आईएएस अधिकारी मसूरी में हैं मिड करियर ट्रेनिंग पर**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

ब्राह्मण बेटियों को लेकर विवादित टिप्पणी के बाद चर्चा में आए आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा को सरकार मिड करियर ट्रेनिंग पर नहीं भेजेगी। उनके थर्ड फेज की ट्रेनिंग पहले ही रोक दी गई थी और अब चौथे चरण की ट्रेनिंग में भी उन्हें शामिल नहीं किया जाएगा।

सूत्रों के अनुसार, संतोष वर्मा के खिलाफ लगे आरोपों के बाद कार्रवाई के लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा गया है, लेकिन उस पर अभी निर्णय नहीं हुआ है। ऐसे में उन्हें फिलहाल ट्रेनिंग के लिए अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके अलावा प्रदेश के कलेक्टरों को भी इस बार मिड करियर ट्रेनिंग से छूट नहीं मिलेगी। सरकार ने गेहूं उपार्जन, जलसंकट, जनगणना और मतदाता सूची से जुड़े कार्यों को देखते हुए कलेक्टरों को ट्रेनिंग पर नहीं भेजने का फैसला किया है। वर्तमान में मध्यप्रदेश के 11 आईएएस अधिकारी मसूरी में मिड करियर ट्रेनिंग पर हैं। यह ट्रेनिंग 11 मई से शुरू हुई थी और 5 जून को समाप्त होगी। इस बैच में संतोष वर्मा को पहले ही रोक दिया गया था। बताया गया है कि इस चरण में केवल सिवनी कलेक्टर को ही ट्रेनिंग पर भेजा गया, जबकि अन्य कलेक्टरों को प्रशासनिक व्यस्तताओं के कारण नहीं भेजा गया। मिड करियर ट्रेनिंग का चौथा चरण 15 जून से 10 जुलाई के बीच प्रस्तावित है। इसमें वर्ष 2000 से 2012 बैच तक के अधिकारियों को शामिल किया जाना है। हालांकि समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी, भंडारण, परिवहन व्यवस्था, जल संकट और जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्यों के चलते इस बार भी कई कलेक्टरों को ट्रेनिंग से बाहर रखा जा सकता है।

### आईएएस आईपीएस और आईएफएस अफसरों का बढ़ा डीए

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की मोहन सरकार ने आईएएस, आइपीएस और आईएफएस अधिकारियों को बड़ा तोहफा दिया है। राज्य सरकार ने ऑल इंडिया सर्विस अधिकारियों के महंगाई भत्ते यानी डीए में 2 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर दी है। अब इन अधिकारियों को 58 प्रतिशत की जगह 60 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलेगा। सरकार का यह फैसला 1 जनवरी 2026 से प्रभावी माना जाएगा। बताया जा रहा है कि यह निर्णय केंद्र सरकार के वित्त मंत्रालय की 22 अप्रैल 2026 को जारी अधिसूचना के आधार पर लिया गया है। महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी के बाद प्रदेश के आईएएस, आइपीएस और आईएफएस अधिकारियों के वेतन में भी इजाफा होगा। राज्य सरकार के इस फैसले को अधिकारियों के लिए बड़ी राहत माना जा रहा है।

## मंत्री राकेश शुक्ला पहुंचे भाजपा प्रदेश कार्यालय, कार्यकर्ताओं से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भाजपा के प्रदेश कार्यालय में संगठन और सरकार के बेहतर तालमेल के लिए नई व्यवस्था शुरू की गई है। इसके तहत मंत्रियों और कार्यकर्ताओं के बीच संवाद और समस्याओं के निराकरण की व्यवस्था जारी है। इसी क्रम में बुधवार को मंत्री राकेश शुक्ला ने भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचे और प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद किया। मंत्री शुक्ला ने प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं एवं आमजनों से संवाद कर उनकी जनसमस्याओं का तत्काल समाधान भी किया। जिन समस्याओं का तत्काल समाधान नहीं किया जा सका, उन्हें संबंधित विभागों को निराकरण के लिए भेजा गया है।

# बूथ पर किसानों संग 'मन की बात' सुनेंगे जनप्रतिनिधि प्रदेशाध्यक्ष खंडेलवाल ने बूथ अध्यक्षों को लिखा पत्र


हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने विशेष रणनीति तैयार की है।

इस बार कार्यक्रम किसानों के बीच सुनाने पर जोर दिया जा रहा है। हेमंत खंडेलवाल ने प्रदेश के बूथ अध्यक्षों को पत्र लिखकर निर्देश दिए हैं कि 31 मई को होने वाले 'मन की बात' कार्यक्रम में किसानों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित की जाए। पत्र में कहा गया है कि मध्य प्रदेश कृषि प्रधान राज्य है, जहां बड़ी संख्या में किसान खेती-किसानी से जुड़े हैं। इसे ध्यान में रखते हुए प्रदेशभर के कृषि आधारित क्षेत्रों में किसान मोर्चा के समन्वय से बूथ स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें किसानों के साथ बैठकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'मन की बात' सुनी जाएगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा है कि इस आयोजन में सरपंच से लेकर सांसद तक सभी जनप्रतिनिधियों और पार्टी पदाधिकारियों की मौजूदगी सुनिश्चित की जाए। कार्यक्रम के दौरान किसानों से संवाद भी किया जाएगा और राज्य सरकार की किसान कल्याण योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

### बहुसंख्यक सांप्रदायिकता सबसे बड़ी चुनौतीः सिंह

**भोपाल।** देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में दिग्विजय सिंह ने केंद्र सरकार और मौजूदा राजनीतिक माहौल पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पंडित नेहरू की विचारधारा और संविधान में शामिल मूल्यों को बदलने की कोशिश की जा रही है। दिग्विजय सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री बनने के बाद पंडित नेहरू ने भारतीय संविधान में जिन सिद्धांतों और मूल्यों को स्थान दिलाया था, आज उन्हें कमजोर करने और बदलने का प्रयास हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति देश के सामने स्पष्ट दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि पंडित नेहरू की जो विचारधारा थी, उसका भारतीय संविधान में उल्लेख करवाया गया था। उसे भी इस प्रकार से बदलने का काम किया जा रहा है, वह आप सबके सामने है। सांप्रदायिकता के मुद्दे पर बोलते हुए दिग्विजय सिंह ने नेहरू के विचारों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि नेहरू सांप्रदायिकता को समाज के लिए बेहद खतरनाक मानते थे। दिग्विजय सिंह ने कहा कि नेहरू जी कहा करते थे कि सांप्रदायिकता बहुत खराब चीज है। यह द्वेष पैदा करती है, नफरत पैदा करती है। लेकिन अल्पसंख्यकों की सांप्रदायिकता से ज्यादा खतरनाक बहुसंख्यकों की सांप्रदायिकता होती है और वही आज हम सबके सामने सबसे बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि देश को संविधान की मूल भावना, सामाजिक सौहार्द और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए एकजुट होकर काम करने की जरूरत है। कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इस दौरान पंडित नेहरू को श्रद्धांजलि भी अर्पित की।


दिग्विजय सिंह

आक्रोशित लोगों ने वाहन में की तोड़फोड

# बेकाबू बुलेरो ने बरपाया कहर मासूम बच्ची समेत दो घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बुधवार की देर रात मानिकपुर चौकी क्षेत्र में एक तेज रफ्तार बोलेरो ने कहर बरपाया। बुधवारी बायपास मार्ग पर पेट्रोल पंप के पास बोलेरो ने एक्टिवा और बाइक सवार को टक्कर मार दी। इस हादसे में एक मासूम बच्चे सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बोलेरो की रफ्तार बहुत तेज थी। चालक अचानक सामने आए एक्टिवा और बाइक सवार को संभाल नहीं पाया। जोरदार टक्कर से एक्टिवा सवार 10 साल का मासूम उछलकर दूर जा गिरा। बाइक सवार भी सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गया। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भारी भीड़ जमा हो गई। घायलों की हालत देखकर लोग आक्रोशित हो गए। गुस्साई भीड़ ने बोलेरो वाहन में जमकर तोड़फोड़ शुरू कर दी। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर चालक से पूछताछ शुरू कर दी है। मानिकपुर पुलिस सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है। लोग वाहन में आग लगाने वाले थे। सूचना मिलते ही मानिकपुर चौकी पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस के पहुंचते ही माहौल नियंत्रण में आया। पुलिस ने भीड़ को शांत कराया और घायलों को तुरंत अस्पताल भेजा।



### मऊगंज को मिला नया आरटीओ कोड, एमपी 72 से होगी पहचान

**भोपाल।** मप्र शासन ने मऊगंज जिले को नया आरटीओ कोड जारी कर दिया है। अब मऊगंज जिले में खरीदे जाने वाले नए वाहनों का पंजीयन एमपी-72 सीरीज से किया जाएगा। इस फैसले के बाद जिले के वाहन मालिकों को अपनी गाड़ियों पर अलग पहचान मिलेगी और जिले की प्रशासनिक पहचान भी और मजबूत होगी। हालिया स्थानीय रिपोर्ट्स में एमपी-72 को मऊगंज के लिए आवंटित किए जाने की जानकारी सामने आई है। अब तक मऊगंज जिले के वाहन रीवा या अन्य संबंधित आरटीओ कोड से पंजीकृत होते थे, लेकिन अब जिले के लिए अलग कोड जारी होने से वाहन पंजीयन प्रक्रिया में सुविधा मिलेगी। नई बाइक, कार या अन्य वाहन खरीदने वाले लोगों को अब एमपी-72 नंबर आवंटित किया जाएगा। इस निर्णय से जिलेवासियों में खुशी का माहौल है।

## डिप्टी सीएम ने किया 'एयर एम्बुलेंस एमपी' मोबाइल ऐप का शुभारंभ

**अब तक 140 जीवनरक्षक मिशनों को सफलता पूर्वक दे चुकी अंजाम**



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने मंत्रालय में 'एयर एम्बुलेंस एमपी' पोर्टल एवं मोबाइल ऐप का शुभारंभ किया। शुक्ल ने कहा कि पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा राज्य सरकार की उस प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जिसके तहत किसी भी नागरिक को समय पर उपचार के अभाव में जीवन न गंवाना पड़े। नए पोर्टल एवं मोबाइल ऐप के माध्यम से एयर एम्बुलेंस सेवा के लिए अनुरोध की प्रक्रिया अब और अधिक सरल एवं तेज होगी। पोर्टल में एयर एम्बुलेंस फ्लीट की रियल टाइम ट्रैकिंग, सेवा अनुरोधों का सुगम डिजिटल प्रवाह, सेवा प्रदाताओं को तत्परता के लिये रियल टाइम नोटिफिकेशन तथा अनुमोदन प्राधिकारी को समयबद्ध स्वीकृति के लिए अलर्ट जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। साथ ही पूरी प्रक्रिया में जवाबदेही भी सुनिश्चित की जाएगी। प्रदेश में यह सेवा अब तक 140 जीवनरक्षक मिशनों को सफलतापूर्वक पूरा कर चुकी है। इनमें नवजात शिशुओं, हृदय रोग, ट्रॉमा, न्यूरोलॉजिकल आपात स्थितियों एवं अंग प्रत्यारोपण से जुड़े मामलों का सफल एयर मेडिकल ट्रांसफर शामिल है।

### युवा कांग्रेस में खाली पद भरने की कवायद तेज, जिलों-विधान सभाओं से मांगे नाम

**भोपाल।** प्रदेश भारतीय युवा कांग्रेस में संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने के लिए खाली पड़े पदों को भरने की कवायद तेज कर दी गई है। युवा कांग्रेस चुनाव के दौरान जिन जिलों और विधानसभा इकाइयों में पदाधिकारी नहीं चुने जा सके थे, वहां अब मनोनयन के जरिए नियुक्तियां की जाएंगी। प्रदेश संगठन ने सभी जिला अध्यक्षों, जोन और जिला प्रभारियों से 10 जून तक योग्य उम्मीदवारों के नामों का पैनल भेजने को कहा है। संगठन का उद्देश्य जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाना और संगठन को मजबूत करना बताया जा रहा है। युवा कांग्रेस के संगठनात्मक ढांचे के अनुसार जिला कमेटी में कुल 31 पदाधिकारी होते हैं, जिनमें 1 अध्यक्ष, 10 उपाध्यक्ष और 20 महासचिव शामिल रहते हैं। वहीं प्रत्येक विधानसभा कमेटी में 27 पदाधिकारी तय किए गए हैं, जिनमें 1 अध्यक्ष, 6 उपाध्यक्ष और 20 महासचिव शामिल होते हैं। बताया गया है कि पिछले संगठनात्मक चुनाव में कई जिलों और विधानसभा क्षेत्रों में तय संख्या के अनुसार पदाधिकारी निर्वाचित नहीं हो सके थे। इसके चलते संगठनात्मक कामकाज प्रभावित हो रहा था। अब राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। संगठन से जुड़े नेताओं का कहना है कि नई नियुक्तियों के बाद बूथ और विस स्तर पर संगठन को मजबूती मिलेगी।

1 से 7 जुलाई तक थाईलैंड के नाखोन रत्चासिमा सिटी में होगा आयोजन

# आगामी एशियाई अंडर-18 गर्ल्स वॉलीबॉल चैंपियनशिप के लिए रायपुर की रेणु पारीक सिन्हा भारतीय कोच नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर की रेणु पारीक सिन्हा को आगामी एशियाई अंडर-18 गर्ल्स वालीबाल चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम का कोच नियुक्त किया गया है। सिन्हा भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) रायपुर में असिस्टेंट वालीबाल कोच के रूप में पदस्थ हैं। इस चैंपियनशिप का आयोजन एक जुलाई से सात जुलाई 2026 तक थाईलैंड के नाखोन रत्चासिमा सिटी में होगा।

इस अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा में एशिया की मजबूत टीमें भाग लेंगी। रेणु सिन्हा की कोचिंग, अनुशासन और खिलाड़ियों को तकनीकी रूप से मजबूत बनाने की क्षमता को देखते हुए भारतीय टीम के कोच पद की जिम्मेदारी दी गई है। खेल एक्सपर्ट का मानना है उनके अनुभव और रणनीति का लाभ भारतीय टीम को जरूर मिलेगा। उन्होंने कई होनहार खिलाड़ियों को नेशनल लेवल तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई है। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में एशिया के सभी प्रमुख देशों की टीमें शिरकत करेंगी। खिताब के लिए कड़ा मुकाबला देखने को मिलेगा। सिन्हा लंबे समय से रायपुर साई सेंटर में उभरते हुए खिलाड़ियों को तराशने का काम कर रही हैं। इस नियुक्ति से न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि खेल जगत में हर्ष की लहर है। यह उनकी मेहनत और बेहतरीन कोचिंग रणनीतियों पर राष्ट्रीय मुहर है।

### पति भी रह चुके अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी

रेणु के पति दीपेश कुमार सिन्हा रायपुर यातायात विभाग में असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर के पद पर पदस्थ हैं। वे स्वयं अंतरराष्ट्रीय वालीबाल खिलाड़ी रह चुके हैं। करीब 10 वर्षों तक भारतीय वालीबाल टीम का प्रतिनिधित्व भी कर चुके हैं। रेणु का परिवार पहले से ही खेल से जुड़ा हुआ है। दीपेश सिन्हा ने अपने खेल करियर के दौरान देश के लिए कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर कई मेडल जीत चुके हैं। खेल के प्रति समर्पण उनके परिवार से शुरू से ही है।

तेज धूप में अनावश्यक बाहर न निकलने की भी दी सलाह

# मुख्यमंत्री साय ने प्रदेशवासियों से गर्मी के दिनों में सतर्कता बरतने की अपील की

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



छत्तीसगढ़ में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों से सतर्कता बरतने और सामाजिक जिम्मेदारी निभाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इस कठिन मौसम में लोगों को अपने स्वास्थ्य के साथ-साथ आसपास के जरूरतमंद लोगों और पशु-पक्षियों का भी विशेष ध्यान रखना चाहिए। मुख्यमंत्री ने लोगों से पर्याप्त मात्रा में पानी पीने, घर से बाहर निकलते समय पानी साथ रखने और तेज धूप में अनावश्यक रूप से बाहर जाने से बचने की सलाह दी है।

### बुजुर्गों, मजदूरों, बच्चों का ध्यान रखने की अपील

उन्होंने खास तौर पर बच्चों, बुजुर्गों, मजदूरों और खुले में काम करने वाले लोगों का ध्यान रखने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति की तबीयत खराब होती दिखाई दे तो उसे तुरंत छांव या ठंडी जगह पर ले जाकर पानी, ओआरएस या अन्य तरल पदार्थ उपलब्ध कराएं और जरूरत पड़ने पर डॉक्टर की सहायता लें।

## बच्चे को साथ रखने से किया इंकार

# दुष्कर्म पीड़ित 16 वर्षीय किशोरी को मिली गर्भपात की अनुमति

**जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने दुष्कर्म पीडित 16 वर्षीय किशोरी को गर्भपात की अनुमति प्रदान की है। मेडिकल रिपोर्ट के अनुसार पीडित 26 सप्ताह की गर्भवती है। न्यायमूर्ति देवनारायण मिश्रा की सिंगल बेंच ने अपने आदेश में कहा कि पीड़ति और उसके माता-पिता बच्चे के जीवित पैदा होने पर उसे साथ रखने के लिए तैयार नहीं हैं, तो उसे जन्म की तारीख से 15 दिन बाद राज्य अधिकारियों या सीडब्ल्यूसी को सौंप सकते हैं।**



सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि पीडित के पिता ने एडिशनल सेशंस जज शहडोल के सामने प्रेग्नेंसी खत्म करने के लिए आवेदन किया है। पीड़िता रेप पीडित है और पिता प्रेग्नेंसी खत्म करना चाहते हैं। हाई कोर्ट ने याचिका की सुनवाई करते हुए पीडित की मेडिकल जांच रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए थे। मेडिकल बोर्ड की तरफ से पेश की गई रिपोर्ट में बताया गया कि पीड़ित 26 हफ्ते की प्रेग्नेंट है और उसे खत्म की जा सकती है। यह रिपोर्ट सात डाक्टरों की एक टीम द्वारा जांच और डायग्नोसिस के बाद दी गई है, जिसमें दो गाइनेकोलाजिस्ट है। परिवार व पीड़िता को गर्भपात के दौरान होने वाले खतरे के संबंध में जानकारी दी गयी है। परिवार तथा पीड़ित प्रेगनेंसी खत्म करने के लिए सहमति दी है। मेडिकल आफिसर ने ब्लड की सोनोग्राफी और डायग्नोसिस रिपोर्ट और दूसरी संबंधित जांच की है। राज्य के की ओर से अनुमति मांगी गयी कि हास्पिटल को रेप पीडित की प्रेगनेंसी खत्म करने का निर्देश दिया जाए। कोर्ट ने पीड़ति की प्रेग्नेंसी को खत्म करने की इजाजत देते हुए अपने आदेश में कहा है कि पीड़ता अपने माता-पिता के साथ जल्द से जल्द मेडिकल बोर्ड द्वारा तय समय पर अस्पताल में उपस्थित रहें। डाक्टरों की एक स्पेशल टीम प्रेग्नेंसी को खत्म करने के बारे में फैसला लेते हुए जल्द से जल्द उसे समाप्त करें। पूरी कार्यवाही डाक्टरों की एक्सपर्ट टीम की मौजूदगी में किया जाएगा। प्रेग्नेंसी खत्म करते समय डाक्टर पूरी सावधानी बरतेंगे और पीड़ति को सभी मेडिकल सुविधा प्रदान की जाए। बच्चा जिंदा पैदा होता है, तो उसकी देखभाल करना राज्य सरकार की ड्यूटी होगी। डाक्टर यह सुनिश्चित करें की भ्रूण या बच्चे का एक सैंपल जांच के लिए सुरक्षित रखा जाए और आरोपी पर आगे की जांच और मुकदमा चलाने के लिए तुरंत जांच अधिकारी को सौंप दिया जाए। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि यह भी साफ़ किया जाता है कि अगर पीड़ति और उसके माता-पिता ज़िंदा पैदा हुए बच्चे को रखने के लिए तैयार नहीं हैं, तो वे बच्चे को उसके जन्म की तारीख से 15 दिन बाद राज्य अधिकारियों या सीडब्ल्यूसी को सौंप सकते हैं। बच्चा जिंदा पैदा होता है तो वह 15 दिन तक मां के पास रहेगा। जुवेनाइल केयर एंड प्रोटेक्शन एक्ट और राज्य या केंद्र सरकार द्वारा इस संबंध में बनाए गए नियमों और दूसरी गाइडलाइंस के अनुसार बच्चे को किसी भी इच्छुक परिवार को गोद देने के लिए स्वतंत्र होगी।

## सराफा प्रीमियर लीग का फाइनल आज

# ओशो गोल्ड योद्धा और 24 कैरेट शेखर राजा आमने-सामने

**जबलपुर।** सराफा प्रीमियर लीग के फाइनल मुकाबले में आज ओशो गोल्ड योद्धा इलेवन और 24 कैरेट शेखर राजा की टीम खिताब के लिए आमने-सामने होंगी। यह रोमांचक मुकाबला रानीताल खेल परिसर स्थित वेलोड्रम मैदान पर खेला जा रहा है, जहां बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद हैं। मैच से पहले दोनों टीमों का लाइन-अप कर राष्ट्रीय गान हुआ, जिसके बाद रंगारंग कार्यक्रमों और आतिशबाजी से माहौल और भी उत्साहपूर्ण बन गया। सेमीफाइनल में जीत दर्ज कर फाइनल में पहुंची दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया है। पूरे टूर्नामेंट में खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल, अनुशासन और टीम भावना का परिचय दिया। इस अवसर पर सभी 18 टीमों के खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। साथ ही प्रायोजकों और मुख्य प्रायोजकों को भी ट्रॉफी प्रदान की गई।आयोजन समिति में मध्यप्रदेश सराफा एसोसिएशन अध्यक्ष राजा सराफ, पूर्व अध्यक्ष सुरेश सराफ, जबलपुर सराफा एसोसिएशन अध्यक्ष नवीन सराफ सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे।





## निगमायुक्त का चार संभागों का सघन निरीक्षण

# सफाई व जलापूर्ति व्यवस्था की सराहना की

**जबलपुर।** निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने सुबह से 10 बजे तक शहर के चार संभागों के विभिन्न वार्डों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सफाई, जलापूर्ति, प्रकाश व्यवस्था तथा वर्षा पूर्व नाला-नालियों की सफाई का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने भानतलैया, मंडी मदार टेकरी, कुलिहिल टैंक एवं परियट जलाशय का भ्रमण कर जलापूर्ति व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गर्मी के दौरान नागरिकों को पर्याप्त एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाए तथा जल शोधन संयंत्रों और पंपिंग स्टेशनों का सुचारू संचालन सुनिश्चित किया जाए।



सफाई व्यवस्था और स्ट्रीट लाइट की स्थिति को बेहतर पाए जाने पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया तथा सफाई कर्मियों के कार्य की सराहना की। उन्होंने स्वास्थ्य अमले को नियमित रूप से फील्ड पर उतरकर मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिए। निगरानी के दौरान निगमायुक्त ने कहा कि वर्तमान स्तर को बनाए रखने के साथ-साथ इसमें निरंतर सुधार आवश्यक है, ताकि नागरिकों को और बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

## रिछाई पुल के नीचे छिपाकर गुलशन बेच रहा था अवैध शराब

**जबलपुर।** अधारताल अतंर्गत रिछाई पुल के नीचे एक बोरी में देशी शराब के पाव छिपाकर बेचने वाले शराब तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके पास से 318 पाव देशी शराब जब्त की है।अधारताल थाना प्रभारी प्रवीण कुमरे ने बताया कि गत रात मुखबिर की सूचना पर पानी की टंकी के पास ग्राम खैरी अधारताल निवासी 24 वर्षीय गुलशन चक्रवर्ती को गिरफ्तार किया गया, पूछताछ में उसने बताया कि शराब के पाव बोरी में भरकर पुल के नीचे छिपाकर रखे है। पुलिस ने रिछाई पुल के नीचे शराब की बोरी जब्त की जिसमें 318 पाव देशी शराब निकली, जिसकी कीमत लगभग 23 हजार 850 रुपए की बताई गई है। आरोपी गुलशन चक्रवर्ती के विरुद्ध मारपीट, सट्टा आदि के पूर्व से 26 अपराध पंजीबद्ध है। पुलिस ने आरोपी विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

# बीमा कम्पनी को देना होगा दुर्घटनाग्रस्त वाहन के सुधार का संपूर्ण बिल

## जिला उपभोक्ता आयोग ने मनमाने आंशिक भुगतान को माना सेवा में कमी

**जबलपुर।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग, जबलपुर ने बीमा कंपनी को दुर्घटना में क्षतिग्रस्त वाहन के सुधार की संपूर्ण बिल राशि अदा करने के आदेश दिए हैं।अध्यक्ष पंकज यादव, सदस्य अमित सिंह तिवारी व सोनल पांडित ने कंपनी को सेवा में कमी का दोषी माना। कृष्णा कालोनी सुहागी निवासी विजय सोनी ने अपने वाहन एमपी 20 सीएच 9620 की बीमा पालिसी अनावेदक यूनाईटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड से ली थी, जो एक जनवरी, 2023 से 31 दिसम्बर 2023 अवधि के लिए थी। 22 जून 2023 को वाहन विद्युत पोल से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गया, जिसे सुधार के लिए ले जाकर सर्वे रिपोर्ट प्रस्तुत की थी। बीमा कंपनी द्वारा लॉस एसेसर के आधार पर परिवादी को 65 हजार 999 रूपए का भुगतान किया गया, जबकि सप्लीमेंट्री बिल मिलाकर कुल राशि 1 लाख 40 रूपए परिवादी द्वारा वाहन के सुधार कार्य के लिए भुगतान किया गया था। आयोग ने पाया कि बीमा कंपनी द्वारा मनमाने ढंग से परिवादी को सप्लीमेंट्री बिल राशि का भुगतान करने से इंकार कर सेवा में कमी की गई है। आयोग ने आदेशित किया है कि 60 दिवस में साल्वेज का निराकरण कर सप्लीमेंटी बिल में उल्लेखित पार्ट्स की राशि का भुगतान 7 प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ करे। मानसिक कष्ट के लिए 10 हजार व परिवाद व्यय 2 हजार भी अदा करे।

## कैट ने किया जेडीए अध्यक्ष-उपाध्यक्ष का स्वागत

# शहर विकास में सहयोग का दिया आश्वासन

**जबलपुर।** मेट्रो हॉस्पिटल में आयोजित सम्मान समारोह में कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) द्वारा जबलपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) के अध्यक्ष संदीप जैन एवं उपाध्यक्ष प्रशांत केशरवानी का पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया।



कार्यक्रम में व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों ने शहर विकास एवं व्यापारी हितों को लेकर जेडीए के साथ मिलकर कार्य करने का भरोसा दिलाया। कैट पदाधिकारियों ने कहा कि व्यापारी वर्ग की समस्याओं के समाधान और शहर के व्यवस्थित विकास के लिए संस्था हरसंभव सहयोग करेगी। जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन एवं उपाध्यक्ष प्रशांत केशरवानी ने कहा कि व्यापारियों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाएगा तथा शहर विकास कार्यों को गति देने के लिए निरंतर समन्वय बनाया जाएगा। इस अवसर पर कैट के प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र पचौरी, संभागीय अध्यक्ष दीपक सेठी, जिला अध्यक्ष राजीव बड़ेरिया, सचिव संजय चड्ढा सहित बड़ी संख्या में व्यापारी एवं विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## आवारा श्वानों की बढ़ती संख्या ने खोली सिस्टम की पोल

# हर महीने 28 सौ लोग डॉग बाईट का शिकार

**जबलपुर।** शहर में आवारा श्वानों की लगातार बढ़ती संख्या अब प्रशासन और नगर निगम की व्यवस्थाओं पर बड़ा सवाल खड़ा कर रही है। करोड़ों रुपये खर्च कर चलाए जा रहे नसबंदी और डॉग कैचिंग अभियान के बावजूद हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। शहर में करीब 50 हजार से अधिक आवारा कुत्तों की मौजूदगी बताई जा रही है, जबकि हर महीने लगभग 2800 लोग डॉग बाइट का शिकार हो रहे हैं। ऐसे में अब यह सवाल उठने लगा है कि आखिर नसबंदी और पकड़ने की योजनाएं जमीन पर कितनी प्रभावी साबित हुई हैं। स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि शहर के अस्पतालों में रोजाना 250 से ज्यादा डॉग बाइट के मरीज पहुंच रहे हैं। जिला अस्पताल में प्रतिदिन करीब 125 मामले सामने आ रहे हैं, जबकि संजीवनी अस्पताल में लगभग 50 और मेडिकल अस्पताल में 80 तक मरीज रोज पहुंच रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़े भी लगातार बढ़ते खतरे की पुष्टि कर रहे हैं।



### स्कूल, कॉलोनियां और बाजार बने खतरे के क्षेत्र

शहर के कई रिहायशी इलाकों, कॉलोनियों, बाजारों और स्कूलों के आसपास आवारा श्वानों के झुंड खुलेआम घूमते दिखाई दे रहे हैं। सुबह और शाम के समय स्थिति और भयावह हो जाती है। बच्चों को स्कूल भेजने में अभिभावकों को डर लग रहा है, जबकि महिलाएं और बुजुर्ग भी इन हमलों का शिकार हो रहे हैं। राहगीरों और बाइक सवारों पर अचानक हमला करने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। कई क्षेत्रों में श्वानों के झुंड वाहन चालकों का पीछा करते हैं, जिससे सड़क दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है। लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद निगम की टीमें समय पर नहीं पहुंचतीं।


### पकड़ने वाली टीमों के सामने भी चुनौती

नगर निगम द्वारा समय-समय पर डॉग कैचिंग अभियान चलाने के दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी स्थिति कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। जानवरों को पकड़ने वाली टीमें भी श्वानों की बढ़ती संख्या के सामने बेबस नजर आ रही हैं। कई इलाकों में स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि श्वानों को पकड़ने के बाद दोबारा उसी क्षेत्र में छोड़ दिया जाता है, जिससे समस्या फिर जस की तस बनी रहती है।सूत्रों के अनुसार नसबंदी अभियान की गति भी बेहद धीमी है। शहर की तुलना में नसबंदी किए गए ।




## ईदगाहों और मस्जिदों में अदा की गई ईद-उल-अजहा की नमाज

# "क़ुर्बानी सिर्फ अल्लाह की रज़ा के लिए हो": नायब मुफ़्ती-ए-आज़म







जबलपुर।

मुस्लिम धर्मावलंबियों का प्रमुख पर्व ईद-उल-अज़हा (बकरीद) गुरुवार को शहर भर में अक़ीदत, उल्लास और शालीनता के साथ मनाया गया। शहर की विभिन्न ईदगाहों और मस्जिदों में हजारों मुस्लिम बंधुओं ने ईद-उल-अज़हा की नमाज़ अदा की। ईदगाह कलां रानीताल में नायब मुफ़्ती-ए-आज़म मध्यप्रदेश हज़रत मौलाना सूफ़ी ज़ियाउलहक़ क़ादरी ने विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि ईद-उल-अज़हा के दिन सबसे पसंदीदा अमल अल्लाह की राह में कुर्बानी पेश करना है। उन्होंने कहा कि क़ुर्बानी की नियत केवल अल्लाह की रज़ा और उसकी खुश्नूदी हासिल करना होना चाहिए।

मौलाना साहब ने फरमाया कि क़ुर्बानी का सिलसिला इंसान के वजूद के साथ चला आ रहा है, लेकिन ईद-उल-अज़हा की कुर्बानी सुन्नत-ए-इब्राहीमी है, जिसे हज़रत इब्राहीम अलैहिस्सलाम की याद में अदा किया जाता है। उन्होंने लोगों को नसीहत करते हुए कहा कि अगर कोई व्यक्ति सिर्फ गोश्त हासिल करने की नियत से क़ुर्बानी करता है तो ऐसी क़ुर्बानी जाया होगी और अल्लाह की बारगाह में कुबूल नहीं होगी। कुरआन शरीफ़ का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि "अल्लाह तक न उनका गोश्त पहुँचता है और न उनका खून, बल्कि तुम्हारा तक़वा और परहेज़गारी पहुँचती है।"



मौलाना सूफ़ी ज़ियाउल हक़ कादरी बुरहानी ने मौजूदा हालात को देखते हुए लोगों से अपील की कि कुर्बानी के फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट न करें। उन्होंने कहा कि कुर्बानी दिखावे के लिए नहीं, बल्कि केवल अल्लाह की रज़ा के लिए की जानी चाहिए। तकरीर के बाद मौलाना साहब ने ईद-उल-अज़हा की नमाज़ अदा कराई।इस मौके पर इमाम अहले सुन्नत आला हज़रत इमाम अहमद रज़ा खां के नवासे भी नमाज़ में शरीक हुए, "अल्लाह-हू-अकबर" की सदाओं के बीच हजारों सिर सजदे में झुक गए। नमाज़ के बाद ईद-उल-अज़हा का खुत्बा पढ़ा गया। अंत में मुफ़्ती-ए-आज़म मध्यप्रदेश हज़रत मौलाना डॉक्टर मुशाहिद रज़ा कादरी ने मुल्क की तरक़्क़ी, अमन और खुशहाली के लिए ख़ास दुआ की।

### मुबारकबाद और भाईचारे का माहौल

नमाज़ के बाद लोगों ने एक-दूसरे के गले मिलकर ईद-उल-अज़हा की मुबारकबाद दी। ईदगाहों के बाहर विधायक लखन घनघोरिया, कांग्रेस नेता अमरीष मिश्रा, मनोज नामदेव सहित अन्य, जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने मुस्लिम समाज को शुभकामनाएँ दीं।

### शहर की प्रमुख ईदगाहों में नमाज़ अदा

मोमिन ईदगाह गोहलपुर में सुबह 8:30 बजे हाफ़िज मुहम्मद ताहिर साहब ने नमाज़ अदा कराई। नमाज़ियों की भारी भीड़ के कारण मुख्य सड़क और उर्दू स्कूल मैदान तक लंबी कतारें देखने को मिलीं। ईदगाह सदर बाजार में सुबह 8:30 बजे मौलाना सुल्तान अहमद साहब की इमामत में नमाज़ अदा की गई। यहाँ सुरक्षा संस्थानों, सेना इकाइयों में कार्यरत मुस्लिम अधिकारी-कर्मचारियों तथा रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के मुस्लिम छात्रों ने भी नमाज़ पढ़ी। गढ़ा ईदगाह में सुबह 9:45 बजे हाफिज काज़ी अमीर अशरफ़ हुसैनी मियां ने नमाज़ अदा कराई। यहाँ नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज के मुस्लिम कर्मचारी एवं छात्राएँ भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। आगा मोहम्मद साहब की दरगाह में सुबह 10:30 बजे सुल्तान अहमद क़ादरी साहब की इमामत में नमाज़ अदा की गई। वहीं शिया जामा मस्जिद ज़ाकिर अली फूटाताल में सुबह 9:30 बजे मौलाना हैदर मेहदी साहब की कयादत में नमाज़ हुई।

### बकरों की दी गई क़ुर्बानियाँ

ईद-उल-अज़हा के अवसर पर सक्षम मुस्लिम परिवारों ने सुन्नत-ए-इब्राहीमी की याद में बकरों की कुर्बानी पेश की। मुस्लिम बहुल इलाकों में दिनभर चहल-पहल और खुशी का माहौल बना रहा। बच्चों और बड़ों ने मेलों एवं झूलों का आनंद लिया। वहीं रात तक दावतों और मुबारकबाद का सिलसिला जारी रहा।

### मुस्लिम इस्लाह कमेटी ने जताया आभार

ईद-उल-अज़हा का पर्व भाईचारे और शालीनता के साथ सम्पन्न होने पर मुस्लिम इस्लाह कमेटी के हाजी क़दीर सोनी,सरदार हामिद हुसैन, हाजी मक़बूल अहमद रज़वी, हाजी शेख जमील नियाज़ी, पप्पू वसीम खान, मतीन अंसारी, हाजी मुईन खान, जमा खान, बाबा रिजवान, अमीन क़ुरैशी, प्यारे साहब, मुबारक क़ादरी, सैयद क़ादिर अली क़ादरी, हाजी तौसीफ रज़ा, अकबर खान सरवर, याक़ूब अंसारी, नियाज मंसूरी, हाजी हामिद मंसूरी, शमीम अंसारी गुड्डू, अशरफ मंसूरी, शाकिर क़ुरैशी, सैयद शौकत अली, जवाहिर क़ादरी, एजाज उस्मानी आदि ने जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं संस्कारधानी वासियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।


## बरेला में मनाई गई ईद-उल-अहजा

**बरेला।** नगर में ईद-उल-अहजा का त्योहार बड़े ही हर्षोल्लास और भाईचारे के साथ मनाया गया। अहले सुन्नत जामा मस्जिद में बड़ी संख्या में लोगों ने नमाज़ अदा की। इस मौके पर मौलाना अरमान रज़ा ने देश में अमन-चैन, खुशहाली और आपसी भाईचारे की दुआ मांगी। नमाज़ के बाद सभी ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी और प्रेम व सौहार्द का संदेश साझा किया। बच्चों और युवाओं में उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर मस्जिद कमेटी अध्यक्ष अहमद मोहम्मद, मंडलम अध्यक्ष शेख सलीम, शानू रेहान अली, शेख मुन्ना सद्दाम, अहमद खान, सत्तार खान, गफ्फार खान, शाहिद टोले खान, शाकिर खान, शेख अब्बास, शेख नवाब, सलीम ठेकेदार, शेख साजिद, शेख वाहिद, निसार खान, सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### पाटन में सौहार्द और उत्साह के साथ मनाई गई ईद-उल-अजहा

**पाटन।** ईद-उल-अजहा का पर्व नगर में उत्साह, भाईचारे और अमन-चैन के माहौल में मनाया गया। इस्लामी मान्यताओं के अनुसार हज़रत इब्राहीम अलैहिस्सलाम द्वारा अल्लाह के हुक्म पर अपने पुत्र हज़रत इस्माईल अलैहिस्सलाम को कुर्बानी के लिए प्रस्तुत करने की याद में मुस्लिम समाज यह पर्व मनाता है। बाजार स्थित ईदगाह में सुबह 8:30 बजे बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग एकत्र हुए। मुफ्ती साहब द्वारा नमाज अदा कराई गई।

### देवी अहिल्याबाई जयंती समारोह का आयोजन आज



**जबलपुर।** मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन जबलपुर के सहयोग से 29 मई, को मानस भवन प्रेक्षागृह, राइट टाउन में देवी अहिल्याबाई जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम सायं 6:30 बजे प्रारंभ हुआ और इसमें प्रवेश निःशुल्क रखा गया। आयुक्त, संस्कृति संचालनालय मदन बिभीषण नागरगोजे ने बताया कि यह आयोजन देवी अहिल्याबाई होल्कर के आदर्शों, लोककल्याणकारी कार्यों और भारतीय संस्कृति के संरक्षण में उनके योगदान को जन-जन तक पहुँचाने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि देवी अहिल्याबाई का मध्यप्रदेश से जुड़ाव राज्य के लिए गौरव का विषय है। समारोह में देवी अहिल्याबाई के जीवन और उनके लोककल्याणकारी कार्यों पर आधारित नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई। इस नाटिका का संकल्पना एवं निर्देशन डॉ. संध्या पुरेचा ने किया, पार्श्व स्वर हरीश भिमानी के हैं, संगीत अजित परब का है और नृत्य निर्देशन सुभाष नकाशे ने किया। यह समारोह देवी अहिल्याबाई होल्कर के 300वें जन्मोत्सव समापन वर्ष के अवसर पर आयोजित किया गया है। भारत सरकार द्वारा पिछले वर्ष से चल रहे 18 महीने के उत्सव के अंतर्गत उनके योगदानों को विभिन्न सांस्कृतिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक गतिविधियों के माध्यम से आम जन तक पहुँचाया गया है।

## दो चोरियों का पुलिस ने किया खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार

**पाटन।** पाटन थाना अंतर्गत हुई दो चोरियों का पुलिस ने खुलासा कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी गोपेंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए सोने-चांदी के जेवर (लगभग ₹1,25,000) और नगद ₹25,000 जप्त किए गए हैं। गिरफ्तार आरोपी हैं: सौरभ रजक (चौधरी मोहल्ला), गोलू उर्फ तुलसीराम पटेल (चौधरी मोहल्ला) और बबलू उर्फ शैलेंद्र सोनी (चौपाटी वार्ड)। पुलिस के अनुसार, सौरभ रजक चोरी करता था, गोलू पटेल इसे बेचने की कोशिश करता था और बबलू चोरी का सामान खरीदता था। पाटन नगर में चोरी की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए एसडीओ पाटन के नेतृत्व में पुलिस ने गंभीरता से कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया। खुलासे और गिरफ्तारी में थाना प्रभारी गोपेंद्र सिंह राजपूत, उप निरीक्षक जितेंद्र दुबे, भारत सिंह, अरविंद सिंह, आकाशदीप साहू,



प्रधान आरक्षक राम मिलन रजक, सुशील त्रिपाठी, दिनेश विश्वकर्मा, आरक्षक अनुराग, दिनेश मीणा, रामगोपाल और मोहित की अहम भूमिका रही।

## श्री सिद्ध महाकाली पीठ में आज से बहेगी श्रीकृष्ण कथा, शोभायात्रा से शुभारंभ



**जबलपुर।** पाटन रोड रैगवां स्थित श्री सिद्ध महाकाली पीठ मंदिर, सुधा सागर विहार में शुक्रवार से संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ होने जा रहा है। कथा का वाचन कथाव्यास आचार्य पं. सुधीर दुबे शास्त्री (बबलू महाराज) द्वारा प्रतिदिन शाम 5 से रात 8 बजे तक किया जाएगा। कथा की शुरुआत शुक्रवार को कलश शोभायात्रा, बैठकी व महात्म्य कथा के साथ होगी। इसके बाद क्रमशः राजा परीक्षित जन्म (30 मई), प्रहलाद चरित्र (31 मई), समुद्र मंथन व श्रीकृष्ण जन्मोत्सव (1 जून), नंद उत्सव व गोवर्धन पूजन (2 जून) और श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह (3 जून) प्रसंग मनाए जाएंगे। कथा विश्राम 04 जून को सुदामा चरित्र व परीक्षित मोक्ष के साथ होगा। 5 जून शुक्रवार को दोपहर 01 बजे से हवन व भंडारा प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

## जबलपुर क्रिकेट क्लब ने जेपी क्लब को 8 विकेट से हराकर सेमीफाइनल में बनाई जगह



जबलपुर।

द्वितीय स्व. श्री सी.एन. सुब्रह्मण्यम स्मृति अंडर-19 बालक वर्ग आमंत्रित चलित ट्रॉफी 2025-26 में पूल-बी के मुकाबले में जबलपुर क्रिकेट क्लब ने जेपी क्लब को 8 विकेट से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए जेपी क्लब ने 33 ओवर में 10 विकेट पर 133 रन बनाए। टीम की ओर से आराध्य शर्मा ने 54 रन, अक्षत ने 22 और आर्यमन सिंह ने 21 रन बनाए। जबलपुर क्रिकेट क्लब की ओर से अमित कुमार ने 4 विकेट, अनुभव सिंह ठाकुर और आदित्य सिंह ठाकुर ने 2-2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए जबलपुर क्रिकेट क्लब ने 16.4 ओवर में 2 विकेट खोकर 135 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। अनुभव सिंह ठाकुर ने नाबाद 79 रन की शानदार पारी खेली, जिसमें 13 चौके और 2 छक्के शामिल रहे। शौर्य पचौरी ने 27 रन और अमित कुमार ने नाबाद 19 रन बनाए। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार जबलपुर क्रिकेट Club के कप्तान अनुभव सिंह ठाकुर को पूर्व क्रिकेटर एवं क्लब अध्यक्ष मनोज सिंह ठाकुर द्वारा प्रदान किया गया। मैच के अंपायर अशोक सिंह और संदीप बर्मन रहे, जबकि स्कोरर सिमरन रहीं। प्रतियोगिता का दूसरा सेमीफाइनल 29 मई को नरसिंहपुर जिला और जबलपुर क्रिकेट क्लब के बीच ओलंपिक ग्राउंड ईस्ट लैंड खमरिया में सुबह 8 बजे से खेला जाएगा।

## गढ़ाफाटक में आज निकलेगी श्रीमद् भागवत कथा की भव्य कलश यात्रा




**जबलपुर।** गढ़ाफाटक स्थित जगदीश मंदिर प्रांगण में 29 मई से 5 जून तक संगीतमय श्रीमद् भागवत पुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा प्रारंभ होने से पूर्व शुक्रवार को शाम 5 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। महिला मंडल समिति, पुजारी पंडित सुनील दुबे एवं कथा मार्गदर्शक डॉ. अरुण मिश्रा ने बताया कि कलश यात्रा वृहद महाकाली मंदिर गढ़ाफाटक से प्रारंभ होकर शंकर घी भंडार, पड़ाव एवं दुर्गा चौक होते हुए कथा स्थल जगदीश मंदिर पहुंचेगी। कथा वाचन बाल व्यास सुप्रिया दुबे "कृष्णप्रिया श्रीधाम वृंदावन" द्वारा प्रतिदिन शाम 5 से 8 बजे तक किया जाएगा। 5 जून को हवन, कन्या पूजन, पूर्णाहुति एवं प्रसाद भंडारे के साथ कथा का समापन होगा। मुख्य यजमान उमाशंकर साहू-यशोदा साहू, सावित्री रैकवार, अभिषेक सोनी एवं सुनील साहू सहित आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं से अधिक संख्या में शामिल होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

## डॉक्टरों और हेल्थकेयर वर्कर्स की समस्याओं पर भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ ने किया विशेष संवाद



**जबलपुर।** भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ, जबलपुर द्वारा होटल गुलजार में डॉक्टरों एवं हेल्थकेयर वर्कर्स की समस्याओं, चुनौतियों और स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े विषयों पर विशेष संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य एवं पूर्व अध्यक्ष, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग प्रियंक कानूनगो मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। वहीं भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष योगेंद्र सिंह ठाकुर की विशेष उपस्थिति रही। महानगर संयोजक डॉ. विवेक जैन ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि डॉक्टरों और हेल्थकेयर वर्कर्स की समस्याओं के समाधान हेतु सार्थक पहल आवश्यक है। प्रदेश सह संयोजक डॉ. अश्विनी कुमार त्रिवेदी एवं डॉ. शुभम राज अवस्थी ने अतिथियों का स्वागत किया तथा प्रियंक कानूनगो को माँ नर्मदा का चित्र स्मृति चिन्ह स्वरूप भेंट किया। अपने संबोधन में प्रियंक कानूनगो ने स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने और डॉक्टर समाज की सुरक्षा, सम्मान एवं सुविधाओं को सुनिश्चित करने पर जोर दिया। संवाद के दौरान डॉक्टरों ने स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और सुझावों पर खुलकर चर्चा की। कार्यक्रम में डॉ. नवीन कोठरी, डॉ. संजय मिश्रा, डॉ. सतेंद्र मिश्रा, डॉ. विनोद तमकार, डॉ. अभिजीत मुखर्जी, डॉ. अभिनव श्रीवास्तव, डॉ. पुष्पराज पटेल सहित बड़ी संख्या में डॉक्टर एवं हेल्थकेयर वर्कर्स उपस्थित रहे।



## महाराष्ट्र शिक्षण मंडल ने वीर सावरकर जयंती धूमधाम से मनाई

**जबलपुर।** महाराष्ट्र शिक्षण मंडल, जबलपुर द्वारा गुरुवार को महाकोशल विद्यालय के शताब्दी सभागृह में स्वातंत्र्यवीर विनायक दामोदर सावरकर की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन और श्री गणेश एवं माँ सरस्वती की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण से हुई। सुविख्यात गायिका डॉ. नेहा उपाध्ये के निर्देशन में गायक कलाकारों ने वीर सावरकर की रचनाओं पर गीत प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि, भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी, डिज़ाइन और विनिर्माण संस्थान जबलपुर के निदेशक भारतेंदु कुमार सिंह ने महाराष्ट्र शिक्षण मंडल की शतकीय स्मारिका "शतदीप" (द्वितीय संस्करण) का विमोचन किया और वीर सावरकर के योगदान पर अपने विचार साझा किए। मु ख्य वक्ता सुधीर पाठक ने वीर सावरकर के बहुआयामी व्यक्तित्व और उनके अद्वितीय गुणों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में शिक्षण मंडल के सदस्य, अध्यापक और नगर के प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अजय भालेराव ने किया और आभार प्रदर्शन उपाध्यक्ष उदय परांजपे ने किया।






**श्री श्रीधर सोंधिया-** श्री श्रीधर सोंधिया का 59 की आयु में निधन हो गया है। अंतिम संस्कार किया गया।

**श्री पालनी स्वामी-** नेहरू नगर पुल नं. 2 के पास निवासी श्री पालनी स्वामी (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मनोहर लाल उबाले-** कृपाल चौक गुप्तेश्वर निवासी श्री मनोहर लाल उबाले (92) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री ओम प्रकाश पांडे-** सालीवाड़ा गौर निवासी श्री ओम प्रकाश पांडे (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दिलीप दयानी-** बड़ी ओमती मस्जिद के सामने निवासी श्री इंद्र कुमार दयानी के पुत्र श्री दिलीप दयानी (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री शेषमणि मिश्रा-** जेडीए कॉलोनी संजय नगर रांझी बड़ा पत्थर निवासी श्री शेषमणि मिश्रा (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती राजकुमारी लांबा-** केरला भवन के पास कटंगा निवासी श्री राम नारायण लांबा की धर्मपत्नी श्रीमती राजकुमारी लांबा (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में विगत दिवस किया गया।

**श्रीमती गायत्री देवी पाठक-** सुहागी श्रीराम कॉलोनी निवासी श्री जगदीश प्रसाद पाठक की धर्मपत्नी श्रीमती गायत्री देवी पाठक (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री केआर बिडवाइक-** पुष्प नगर कछपुरा निवासी श्री केआर बिडवाइक का निधन हो गया। अंतिम संस्कार रानीताल श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री विजय कुमार पासी-** शास्त्री ब्रिज के पास गोरखपुर निवासी श्री विजय कुमार पासी (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शीला बाई तिवारी-** क्रेशर बस्ती सगड़ा निवासी श्री छोटे लाल तिवारी की धर्मपत्नी श्रीमती शीला बाई तिवारी (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सरोज कुमार पांडे-** नर्मदा नगर गौरीघाट निवासी श्री सरोज कुमार पांडे (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती चंद्रा नायडू-** राजीव नगर कटंगा टीवी टावर के पास निवासी श्री सुबन्ना नायडू की धर्मपत्नी श्रीमती चंद्रा नायडू (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रामजी सोनी-** केदारनाथ का बाड़ा शीतलामाई मंदिर के पीछे निवासी श्री रघुनाथ प्रसाद सोनी के पुत्र श्री रामजी सोनी (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मनोरमा गुप्ता-** नर्मदा नगर गौरीघाट रोड निवासी श्री रामसिया गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती मनोरमा गुप्ता (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री जयप्रकाश नारायण सिंह-** यादव कॉलोनी निवासी श्री जयप्रकाश नारायण सिंह (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुखदेई राजपूत-** कृष्णा विहार कॉलोनी धनवंतरी नगर निवासी श्री भीमराव राजपूत की धर्मपत्नी श्रीमती सुखदेई राजपूत (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती कमला यादव-** यादव कॉलोनी निवासी श्री अशोक कुमार यादव की धर्मपत्नी श्रीमती कमला यादव (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दयालदास दासवानी-** करमचंद चौक स्थित कॉफी हाउस के पीछे निवासी श्री दयालदास दासवानी (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब मात्र 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
सिंगल साइज़:- से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
सिंगल साइज़:- से.मी. रंगीन 400/-
सिंगल साइज़ से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303308294, 9407362100

(विक्रय-पत्र)

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार तहसील अधारताल, जबलपुर**

रा.प्र.क्र./0215/अ-6/2026-27
जबलपुर, दिनांक 27/5/26

**आम इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री चंद्रशेखर साहू पिता/ पति स्व. राजामोहन साहू निवासी म.नं. 570 शंकर नगर करमेता जबलपुर (म.प्र.) के द्वारा मौजा करमेता/ ब्लॉक नंबर- प्लाट नंबर- स्थित भूमि खसरा नंबर 266/1, 267/1 में से रकवा 684.5 वर्गफुट भूमि जो आवेदक के द्वारा वसीयतकर्ता श्रीमति लक्ष्मी बाई साहू से रजिस्टर्ड वसीयत दिनांक 01/08/2005 से वसीयत किया जाना लेख किया है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 12/06/26 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/ आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

मुद्रा

अतिरिक्त तहसीलदार
आधारताल, जबलपुर

# टाटा ने लांच की देश की सबसे सस्ती इलेक्ट्रिक कार, कीमत 6.99 लाख से शुरू

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

टाटा मोटर्स ने अपने इलेक्ट्रिक फोर-व्हीलर सेगमेंट की एंट्री लेवल टियागो हैचबैक का फेसलिफ्ट मॉडल लांच कर दिया है। अब ये फेसलिफ्ट मॉडल की सेगमेंट फर्स्ट फीचर्स के साथ आता है। कंपनी इस इलेक्ट्रिक हैचबैक पर अपनी दूसरी कारों की तरह लाइफटाइम बैटरी वारंटी दे रही है। साथ ही, फास्ट चार्जिंग को भी सपोर्ट करेगी।

- कंपनी बैटरी पर दे रही लाइफ टाइप गारंटी

कंपनी ने इसकी शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत सिर्फ 6.99 लाख रुपए रखी है। यानी ये देश की सबसे सस्ती ई-कार है। वहीं, इस कार को बैस सर्विस के साथ भी खरीद पाएंगे। इसके लिए कंपनी ने इसकी कीमत 4.69 लाख रुपए तय की है। यानी ग्राहकों को प्रति किलोमीटर 2.60 रुपए का खर्च आएगा। भारतीय बाजार में इसका मुकाबला एमजी कॉमेट ईवी और सिट्रोन ईसी3 से होगा।

## एक बार की चार्जिंग पर 285 किलोमीटर का रेंज

*5.7 सेकंड में 0-60 केपीएच की स्पीड : अपडेटेड टियागो ईवी में चार-लेवल वाली रीजेनरेटिव ब्रेकिंग और सिटी, स्पोर्ट ड्राइव मोड भी मिलते हैं। टाटा का दावा है कि 24 किलोवॉट प्रतिहावर वाला वर्जन 5.7 सेकंड में 0-60केपीएच की स्पीड पकड़ लेता है। टाटा मोटर्स 24 किलोवॉटप्रतिहावर वाले वर्जन के हाई-वोल्टेज बैटरी पैक पर पहले रजिस्टर्ड ओनर्स को लाइफटाइम अनलिमिटेड किलोमीटर की वारंटी भी दे रही है। 19.2 किलोवॉट प्रतिहावर वाले वर्जन पर पहले की तरह ही 8 साल/1.6 लाख किमी की बैटरी वारंटी मिलती रहेगी।*

*ईवी अब 40 फीसदी तेजी से चार्ज: कंपनी के मुताबिक, इसकी रियल-वर्ल्ड सी75 रेंज क्रमशः 160 से 170किमी और 205 से 215किमी है। टाटा का कहना है कि टियागो ईवी अब 40 प्रतिशत तेजी से चार्ज होती है। ये 18 मिनट में 100किमी की रेंज जोड़ देती है। यह डीसी फास्ट चार्जिंग को भी सपोर्ट करती है, जिससे 30किलो वॉट डीसी फास्ट चार्जर का इस्तेमाल करके दोनों बैटरी को 35 मिनट में 10 से 80 प्रतिशत तक चार्ज किया जा सकता है। स्टैंडर्ड तौर पर, टियागो ईवी में 3.3किलो वॉट और 7.2किलो वॉट एसी चार्जिंग के ऑप्शन मिलते हैं।*




**टाटा टियागो ईवी फेसलिफ्ट का इंटीरियर** : इंटीरियर की बात कें तो, टियागो ईवी में पूरी तरह से नया डिजाइन किया गया डुअल-टोन डैशबोर्ड मिलता है, जिसमें एक फ्री-स्टैंडिंग 10.25-इंच का टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम और एक सेमी-डिजिटल टीएफटी इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर है जो ब्लूटूथ फंक्शनैलिटी को भी सपोर्ट करता है।

### टाटा टियागो ईवी फेसलिफ्ट का एक्सटीरियर

अपडेटेड टियागो ईवी के एक्सटीरियर की बात करें तो इसमें नया डिजाइन किया गया फ्रंट फेशिया मिलता है, जिसमें स्लीक एलईडी हेडलैंप, आईब्रो जैसी नई एलईडी डीआरएल और बॉडी कलर की बंद ग्रिल डिजाइन शामिल है। टाटा ने बम्पर को भी नए सिरे से डिजाइन किया है, जिसके किनारों पर नए फॉक्स एयर वेंट्स दिए गए हैं।

### टाटा टियागो ईवी फेसलिफ्ट के बैटरी पैक और रेंज

टियागो ईवी दो बैटरी पैक ऑप्शन के दिए गए हैं, जिसमें 19.2 किलोवॉटप्रतिहावर और 24 किलोवॉटप्रतिहावर शामिल हैं। छोटे बैटरी वाले वर्जन से 62एचपी और 110एनएम पावर मिलती है, जबकि बड़े बैटरी पैक से 75एचपी और 114एनएम पावर मिलती है। 24 किलोवॉटप्रतिहावर वाले वर्जन की दावा की गई एमआईडीसी रेंज अब 285किमी है, जो पहले 293किमी थी। वहीं 19.2 किलो वॉट प्रतिहावर वाले वर्जन की दावा की गई रेंज थोड़ी बढ़कर 223किमी से 226किमी हो गई है।

### छह कलर ऑप्शन उपलब्ध

पीछे की तरफ, इस हैचबैक में अब कनेक्टेड एलईडी टेल-लैंप और एक नया बम्पर मिलता है। इसके बाहरी हिस्से की अन्य खासियतों में डुअल-टोन ब्लैक रूफ, शार्क-फिन एंटीना और डोर के हैंडल पर क्रोम फिनिश शामिल हैं। टाट, टियागो ईवी को 6 कलर ऑप्शन में खरीद पाएंगे। इसमें देहरादून ड्यू, सोबो सर्ज, पैंगोंग पल्स, माथेरान मॉनसून, प्योर ग्रे और प्रिस्टीन व्हाइट शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### जीएमआर एयरपोर्ट्स को 400 करोड़ रुपए का मुनाफा





**नई दिल्ली।** हवाई अड्डा परिचालन से जुड़ी कंपनी जीएमआर एयरपोर्ट्स लिमिटेड (जीएएल) वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में घाटे से उबरकर 400.49 करोड़ रुपये के शुद्ध लाभ में आ गई है। कंपनी को वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में 252.66 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था।

### आर्केड डेवलपर्स को 109 करोड़ रुपए का घाटा

ARKADE

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट क्षेत्र की कंपनी आर्केड डेवलपर्स को वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में 109.45 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध घाटा हुआ है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में 33.26 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। आर्केड डेवलपर्स ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 199.06 करोड़ रुपये हो गई, जो 2024-25 की समान अवधि में 134.34 करोड़ रुपये थी। पूरे वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी का शुद्ध लाभ घटकर 5.37 करोड़ रुपये रह गया, जो वित्त वर्ष 2024-25 में 156.93 करोड़ रुपये था।

### आशियाना हाउसिंग का शुद्ध लाभ बढ़कर 21 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट क्षेत्र की कंपनी आशियाना हाउसिंग लिमिटेड का वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ मामूली बढ़त के साथ 20.98 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में 20.34 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। आशियाना हाउसिंग लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में कंपनी की कुल आय बढ़कर 335.18 करोड़ रुपये हो गई, जो 2024-25 की समान अवधि में 229.48 करोड़ रुपये थी। 2025-26 में कंपनी का शुद्ध लाभ बढ़कर 117.89 करोड़ रुपये हो गया, जो वित्त वर्ष 2024-25 में 18.24 करोड़ रुपये था।

### प्रॉक्टर एंड गैंबल का लाभ 1.9 फीसदी घटा




**नई दिल्ली।** प्रॉक्टर एंड गैंबल हाइजीन एंड हेल्थ केयर लिमिटेड (पीजीएचएच) का वित्त वर्ष 2025-26 की मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 1.9 प्रतिशत घटकर 301.46 करोड़ रुपये रहा है। वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में कंपनी ने 307.10 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में कंपनी की परिचालन आय पांच प्रतिशत घटकर 941.32 करोड़ रुपये रह गई, जो 2024-25 की समान तिमाही में 991.83 करोड़ रुपये थी।

## एक मुलाकात में केंद्रीय मंत्री शेखावत ने व्यापक दृष्टिकोण पेश किया

# वर्ष 2047 तक भारत आने वाले विदेशी सैलानियों की संख्या होगी 10 करोड़

- वर्ष 2030 तक पर्यटन का जीडीपी में सात फीसदी होगा योगदान
- भारत अंतरराष्ट्रीय पर्यटन में कमजोर स्तर से निकलेगा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री शेखावत ने बुधवार को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि आर्थिक वृद्धि, बेहतर बुनियादी ढांचे और पर्यटन विकास के विकेंद्रीकरण के दम पर भारत अंतरराष्ट्रीय पर्यटन में कमजोर स्तर से निकलकर वैश्विक स्तर पर अग्रणी स्थान हासिल करेगा।

### वर्ष 2023-24 में 8.4 करोड़ लोगों को दिया रोजगार

आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, वर्ष 2024 में भारत को पर्यटन से लगभग 35 अरब डॉलर की विदेशी मुद्रा आय हुई, जो देश के जीडीपी का करीब एक प्रतिशत है। इसके साथ वित्त वर्ष 2023-24 में यात्रा एवं पर्यटन क्षेत्र ने प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से लगभग 8.4 करोड़ लोगों को रोजगार दिया था।

### पर्यटन विदेशी मुद्रा कमाने वाले तीन शीर्ष क्षेत्रों में शामिल

इस सवाल पर कि क्या वर्ष 2047 तक पर्यटन रोजगार देने और विदेशी मुद्रा कमाने वाले शीर्ष तीन क्षेत्रों में शामिल हो सकता है, शेखावत ने कहा, /"मैं 'सकता है' शब्द हटाना चाहता हूं। ऐसा जरूर होगा।/" उन्होंने कहा कि जहां विदेशी मुद्रा आय जीडीपी में एक प्रतिशत का योगदान देती है, वहीं समग्र पर्यटन उद्योग का योगदान छह प्रतिशत से थोड़ा कम है।

*भारत के पर्यटन क्षेत्र के लिए एक व्यापक दृष्टि पेश करते हुए केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा है कि वर्ष 2030 तक देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में इस क्षेत्र का योगदान सात प्रतिशत से अधिक हो जाएगा और 2047 तक विदेशी पर्यटकों की संख्या एक करोड़ से बढ़कर 10 करोड़ हो जाएगी।*





*वर्ष 2025 में 300 करोड़ घरेलू यात्राएं की गई*
*भारत में वर्ष 2025 के दौरान करीब 300 करोड़ घरेलू यात्राएं की गई, जिनमें अवकाश, चिकित्सा, विवाह, तीर्थ या अन्य कारणों से की गई यात्राएं शामिल हैं। अगर कोई व्यक्ति उज्जैन के महाकाल मंदिर जाता है, तो हम उसे पर्यटक मानने से इनकार नहीं कर सकते। वह घर से निकलकर दूसरे शहर गया, कम से कम एक रात ठहरा और वापस आया। इसका आकलन करूं, तो यह संख्या 294 करोड़ होगी। इस आंकड़े में 2025 के महाकुंभ में गए 66 करोड़ लोग शामिल नहीं हैं।/"*

### वर्तमान में विदेशी पर्यटकों की संख्या एक करोड़

केंद्रीय मंत्री ने कहा, /"हम इसे (विदेशी पर्यटकों की संख्या) वर्ष 2047 तक 10 करोड़ तक ले जाएंगे।/" वर्तमान में भारत आने वाले विदेशी पर्यटकों की संख्या करीब एक करोड़ है। केंद्रीय मंत्री ने स्वीकार किया कि अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों की संख्या के मामले में भारत अभी भी थाइलैंड, फ्रांस और सिंगापुर जैसे देशों से पीछे है। हालांकि, उन्होंने कहा कि यह तुलना पूरी तरह उचित नहीं है क्योंकि इसमें घरेलू पर्यटन शामिल नहीं हैं।

### कृषि के बाद पर्यटन रोजगार का दूसरा सबसे बड़ा क्षेत्र होगा

शेखावत ने कहा कि जिस दिन पर्यटन क्षेत्र का योगदान अर्थव्यवस्था में 10 प्रतिशत हो जाएगा, उस दिन यह रोजगार सृजन के मामले में कृषि के बाद दूसरा सबसे बड़ा क्षेत्र बन जाएगा और सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र को पीछे छोड़ देगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वैश्विक स्तर पर भारत को लेकर एक 'नया विमर्श' गढ़ा है और दुनिया में इसे देखने का नजरिया बदल रहा है।

### देश में गुणवत्तापूर्ण होटलों की कमी

शेखावत ने माना कि कमजोर बुनियादी ढांचा, स्वच्छता की कमी, सुरक्षा एवं प्रदूषण को लेकर बनी धारणा, संपर्क की कमी, गुणवत्तापूर्ण होटल कमरों की संख्या पर्याप्त नहीं होना और महंगे होटल विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने में बाधा हैं। उन्होंने कहा कि बढ़ती आर्थिक समृद्धि के कारण अधिक भारतीय देश के भीतर यात्रा कर रहे हैं, जिससे होटल के कमरे भर रहे हैं और मांग बढ़ने से किराया भी बढ़ रहा है।

# रेटिंग सुधार से रिलायंस ने जापान से रिकॉर्ड वित्तपोषण जुटाया

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली




- अब तक का सबसे बड़ा समुराई ऋण जुटाया

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) ने वित्त वर्ष 2025-26 में किसी भारतीय कंपनी द्वारा अब तक का सबसे बड़ा 'समुराई ऋण' जुटाया। इसके साथ ही कंपनी ने वैश्विक स्तर पर अपनी तरह के तीन वित्तपोषण सौदे भी पूरे किए। समुराई लोन अंतरराष्ट्रीय वित्तीय बाजार का एक विशेष शब्द है। जब जापान से बाहर की कोई विदेशी कंपनी या सरकार, जापानी बैंकों और वित्तीय संस्थानों से जापानी मुद्रा 'येन' में ऋण लेती है, तो उसे 'समुराई लोन' कहा जाता है। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स द्वारा दिसंबर, 2025 में रिलायंस की अंतरराष्ट्रीय साख रेटिंग 'बीबीबी प्लस' से बढ़ाकर 'ए-माइनस' किए जाने के बाद कंपनी की वैश्विक पूंजी बाजारों तक पहुंच और मजबूत हुई है। यह रेटिंग भारत की संप्रभु रेटिंग से दो स्तर ऊपर है। एसएंडपी ने कहा कि रिलायंस के उपभोक्ता कारोबार का योगदान बढ़ने और आय की स्थिरता बेहतर होने के कारण रेटिंग में सुधार किया गया। कंपनी की नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, रिलायंस ने 10 जापानी और ताइवानी बैंकों के माध्यम से 'समुराई लोन' के तहत 91.9 अरब जापानी येन (लगभग 62.5 करोड़ डॉलर) जुटाए।

### एशिया का तीसरा सबसे बड़ा वित्तपोषण सौदा

यह किसी भारतीय कंपनी द्वारा इस तरह का सबसे बड़ा और समग्र रूप से किसी एशियाई कंपनी द्वारा तीसरा सबसे बड़ा वित्तपोषण सौदा है।

# रुपए को अभी और गिरने दे आरबीआई : सुब्बाराव

एजेंसी ▸▸ मुंबई



- पूर्व आरबीआई गवर्नर ने कहा, बाहरी दबाओं को अभी और झेलने दे
- ब्याज दर बढ़ाने की जगह तरलता प्रबंधन को मिले प्राथमिकता

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर डी सुब्बाराव ने कहा है कि बाहरी दबावों को झेलने के लिए केंद्रीय बैंक को रुपये में कुछ और गिरावट आने देनी चाहिए और महंगाई का जोखिम बढ़ने पर ब्याज दर बढ़ाने के बजाय तरलता प्रबंधन जैसे उपायों को प्राथमिकता देनी चाहिए। सुब्बाराव ने खास बातचीत में कहा कि विनिमय दर को संभालने के लिए मौद्रिक नीति का सहारा केवल 'अंतिम उपाय' के तौर पर लिया जाना चाहिए। वर्ष 2008 से लेकर 2013 तक आरबीआई के गवर्नर रह चुके सुब्बाराव ने कहा, ''रुपये के स्तर को बचाने के बजाय उसे परिस्थितियों के अनुरूप समायोजित होने देना चाहिए, क्योंकि कमजोर रुपया बाहरी झटकों को झेलने में मदद करता है। इसके साथ ही उन्होंने कहा, ''यदि आरबीआई को ऐसा लगता है कि महंगाई की स्थिति इसकी मांग करती है, तो वह मौद्रिक नीति को सख्त कर सकता है।

भू-राजनीतिक अनिश्चितता और पश्चिम एशिया संकट के कारण रुपया दबाव में है और इस महीने की शुरुआत में यह डॉलर के मुकाबले 97.15 के रिकॉर्ड निचले स्तर तक पहुंच गया।

### महंगाई की रुझान का आकलन करना जरूरी होगा

सुब्बाराव ने कहा कि मौजूदा स्थिति में दर बढ़ाने के बजाय इंतजार करना और महंगाई के रुझान का आकलन करना बेहतर होगा। उन्होंने कहा कि यदि महंगाई में तेज बढ़ोतरी होती है, तो पहले तरलता या नकदी प्रबंधन के जरिये सख्ती की जा सकती है, न कि सीधे दर बढ़ाकर। एमपीसी की बैठक तीन से पांच जून के बीच प्रस्तावित है, जिसमें नीतिगत दर पर निर्णय लिया जाएगा।

# पीसी ज्वेलर का लाभ 61 प्रतिशत बढ़कर 153 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** पीसी ज्वेलर लिमिटेड का 31 मार्च, 2026 को समाप्त बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 61 प्रतिशत बढ़कर 152.89 करोड़ रुपये रहा है। कुल आमदनी बढ़ने से कंपनी का मुनाफा बढ़ा है। इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में कंपनी का शुद्ध लाभ 94.78 करोड़ रुपये रहा था। शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कंपनी ने कहा कि तिमाही के दौरान उसकी कुल आय बढ़कर 946.26 करोड़ रुपये हो गई, जो एक वर्ष पहले समान अवधि में 700.10 करोड़ रुपये थी। पूरे वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान कंपनी का शुद्ध लाभ पिछले वर्ष के 577.70 करोड़ रुपये से बढ़कर 714.46 करोड़ रुपये हो गया।

# ईंधन कीमतों में बढ़ोतरी से वाहनों की मांग हो सकती है प्रभावित: टीएमपीवी

- सीईओ ने कहा, अनुमान में बदलाव अभी जल्दबाजी होगी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स (टीएमपीवी) के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) शैलेश चंद्रा ने बृहस्पतिवार को कहा कि ईंधन कीमतों में हुई बढ़ोतरी का कुल खपत एवं वाहन मांग पर पड़ने वाले असर पर नजर रखना जरूरी है और चालू वित्त वर्ष के लिए यात्री वाहन बिक्री 10 प्रतिशत बढ़ने के अनुमान में कोई बदलाव अभी जल्दबाजी होगी। चंद्रा ने टाटा मोटर्स की हैचबैक कार 'टियागो' की अगली पीढ़ी की पेशकश के मौके पर संवाददाताओं के साथ बातचीत में कहा कि ईंधन कीमतों में 10 दिन के भीतर चार बार बढ़ोतरी होने से उपभोक्ता धारणा और मांग पर अंतिम प्रभाव का आकलन करना मुश्किल हो गया है। यात्री वाहन विनिर्माता टीएमपीवी ने 'नेक्स्ट जेन टियागो' को पेट्रोल, सीएनजी और इलेक्ट्रिक विकल्पों के साथ पेश किया है। इसकी शुरुआती शोरूम कीमत क्रमशः 4.69 लाख रुपये, 5.79 लाख रुपये और 6.99 लाख रुपये है।

*पुरानी कारों के बाजार में सुस्ती : चंद्रा ने कहा कि पुरानी कारों के बाजार में सुस्ती उपभोक्ता धारणा के कमजोर होने का संकेत है और महंगाई बढ़ने पर लोग खर्च घटाकर बचत पर ध्यान दे सकते हैं। हालांकि, फिलहाल मांग के रुझान में कोई बड़ा बदलाव नहीं दिख रहा है। चंद्रा ने कहा कि मजबूत उत्पाद श्रृंखला के दम पर कंपनी को अपनी वृद्धि संभावनाओं पर भरोसा है और इस वर्ष कई नए मॉडल पेश किए जाएंगे।*

## अशोक लेलैंड का चौथी तिमाही लाभ 11 प्रतिशत बढ़ा...




**नई दिल्ली।** वाणिज्यिक वाहन विनिर्माता अशोक लेलैंड का वित्त 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 11 प्रतिशत बढ़कर 1,381.32 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी की आय में मजबूत वृद्धि से लाभ बढ़ा है।

कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में 1,245.92 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ कमाया था। अशोक लेलैंड ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसके निदेशक मंडल ने निजी नियोजन के आधार पर गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर जारी कर 300 करोड़ रुपये जुटाने की सैद्धांतिक मंजूरी दी है। वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में कंपनी की एकीकृत परिचालन आय बढ़कर 17,246.44 करोड़ रुपये हो गई, जो 2024-25 की समान तिमाही में 14,695.55 करोड़ रुपये थी।

# एलआईसी ने रियल एस्टेट संपत्तियों से बेहतर रिटर्न पाने का रखा लक्ष्य

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली




- बेहतर प्रबंधन के लिए अनुषंगी कंपनी भी बनाएगी
- कंपनी के पास 60,000 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति

सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) अपनी रियल एस्टेट संपत्तियों से मिलने वाले प्रतिफल या रिटर्न को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित रही है। इसके साथ ही बीमा कंपनी 60,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की अपनी विशाल संपत्तियों के बेहतर प्रबंधन के लिए अलग अनुषंगी कंपनी बनाने के विकल्प पर भी विचार कर रही है।

एलआईसी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं प्रबंध निदेशक आर. दुरईस्वामी ने कहा, ''हमारे पास काफी रियल एस्टेट संपत्तियां हैं, जिनमें कुछ विरासत में मिली हैं और कुछ पिछले 70 वर्षों में खरीदी गई हैं। इनका उपयोग अपने कामकाज के साथ निवेश के रूप में भी किया जाता है, जिससे हमें आय होती है। सीईओ ने कहा कि एलआईसी प्रत्येक संपत्ति को निवेश के रूप में देखती है और उम्मीद करती है कि हर संपत्ति पॉलिसीधारकों और शेयरधारकों के लिए बेहतर प्रतिफल में योगदान दे। दुरईस्वामी ने कहा कि हाल के समय में एलआईसी ने अपने रियल एस्टेट पोर्टफोलियो की व्यापक समीक्षा शुरू की है, ताकि उससे मिलने वाले रिटर्न और आय का आकलन किया जा सके तथा सुधार की संभावनाएं तलाशी जा सकें। दुरईस्वामी ने कहा कि इस विस्तृत समीक्षा का उद्देश्य पॉलिसीधारकों के लिए बेहतर प्रतिफल सुनिश्चित करने के साथ कंपनी की कुल लाभप्रदता को मजबूत करना है। वित्त वर्ष 2026-27 के लिए किसी लक्ष्य के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि कोई निश्चित लक्ष्य तय नहीं किया गया है, लेकिन मौजूदा स्थिति से बेहतर प्रदर्शन करने पर जोर है।

### केंद्र की एलआईसी में हिस्सेदारी घटाने की तैयारी

केंद्र सरकार द्वारा एलआईसी में हिस्सेदारी और घटाने की तैयारी के सवाल पर उन्होंने कहा, ''हम पहले दिन से इसके लिए तैयार हैं। जब हमने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) की तैयारी शुरू की थी, तभी से भविष्य की ऐसी कार्रवाइयों के लिए भी तैयार थे। हालांकि, अंतिम फैसला सरकार को लेना है।''

## अंबानी के लिए लाभांश ही कमाई का मुख्य जरिया बना हुआ

# मुकेश अंबानी ने लगातार छठे साल नहीं लिया कोई वेतन

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति मुकेश अंबानी ने लगातार छठे वर्ष अपनी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) से कोई वेतन नहीं लिया है। उनके लिए लाभांश ही कमाई का मुख्य जरिया बना हुआ है। कंपनी की नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, 69 वर्षीय अंबानी ने वित्त वर्ष 2025-26 में वेतन, भत्ते, सुविधाओं और सेवानिवृत्ति लाभ के रूप में कोई राशि नहीं ली। अंबानी ने वित्त वर्ष 2008-09 से 2019-20 तक अपने वार्षिक पारिश्रमिक को 15 करोड़ रुपये पर सीमित रखा था।

- वेतन, भत्ते, सुविधाओं और सेवानिवृत्ति लाभ के रूप में कोई राशि नहीं ली

### अंबानी दुनिया के 18वें सबसे अमीर व्यक्ति

करीब 100 अरब डॉलर की कुल संपत्ति के साथ दुनिया के 18वें सबसे अमीर व्यक्ति मुकेश अंबानी की कमाई का मुख्य स्रोत लाभांश आय है। रिलायंस में उनकी सीधे तौर पर 1.61 करोड़ शेयर की हिस्सेदारी है, जिससे उन्हें वित्त वर्ष 2024-25 के लिए घोषित छह रुपये प्रति शेयर के लाभांश के आधार पर 9.66 करोड़ रुपये की लाभांश आय हुई।




### अंबानी के तीनों बच्चों को भी कोई वेतन नहीं मिला

अंबानी के तीनों बच्चों ईशा, आकाश और अनंत को अक्टूबर, 2023 में निदेशक मंडल में शामिल किया गया था। हालांकि, इसके लिए उन्हें कोई वेतन नहीं मिला। उन्हें केवल बैठक शुल्क और मुनाफे पर कमीशन मिला। आकाश और ईशा को पांच-पांच लाख रुपये बैठक शुल्क और 2.5-2.5 करोड़ रुपये कमीशन मिला।

### कोविड महामारी के मद्देनजर स्वेच्छा से वेतन छोड़ा

इसके बाद वित्त वर्ष 2020-21 से उन्होंने कोविड-19 महामारी के मद्देनजर स्वेच्छा से अपना वेतन छोड़ दिया था। उन्होंने तब यह निर्णय लिया था कि जब तक कंपनी और उसके सभी व्यवसाय अपनी पूर्ण कमाई क्षमता पर वापस नहीं आ जाते, वह वेतन नहीं लेंगे।

### कंपनी का बाजार मूल्य 18.19 लाख करोड़ रुपए

अंबानी ने पूरी तरह स्वैच्छिक रूप से अपने इस फैसले को वित्त वर्ष 2021-22, 2022-23, 2023-24, 2024-25 और अब 2025-26 में भी जारी रखा है।

## चिंतन

# सिद्धा के इस्तीफे से कांग्रेस में नई चुनौतियों की शुरुआत

लंबी उहापोह के बाद कर्नाटक में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने विधानसभा चुनाव से करीब दो साल पहले इस्तीफा देकर उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के लिए रास्ता साफ कर दिया। सवाल यह है कि क्या यह कर्नाटक में नेतृत्व को लेकर कांग्रेस के भीतर वर्षों से चल रहे सत्ता संघर्ष का अंत है या एक नए संघर्ष की शुरुआत है। डीके सोमवार को शपथ ले सकते हैं। सिद्धारमैया ने साफ कर दिया है कि उन्होंने राज्यसभा के जरिये केंद्र की राजनीति में जाने का प्रस्ताव ठुकरा दिया है और प्रदेश की राजनीति में ही सक्रिय रहने का फैसला किया है। यही कांग्रेस व डीके कैंप में बेचैनी की वजह है। राज्य में शीर्ष पद पर रहने के बाद सिद्धारमैया का केंद्र में न जाना साबित करता है कि वे भविष्य में फिर इस पद पर दावेदारी करेंगे। यही नहीं, प्रदेश में डीके की एक भी गलती को भुनाने का वह कोई भी मौका नहीं छोड़ेंगे। यानी अगले दो साल तक वह सीधे या परोक्ष तौर सरकार के साथ रहते हुए विपक्ष की ही भूमिका में रहेंगे। यही कांग्रेस की चिंता है। डीके की शपथ से पहले भी कर्नाटक में जबरदस्त नाटक देखने को मिलेगा। सिद्धारमैया हाईकमान को दबाव में लाकर अपने समर्थकों को कैबिनेट में प्रमुख पद दिलाने की कोशिश करेंगे। इन हालात में डीके के लिए सरकार चलाना कितना कठिन होगा, यह समझा जा सकता है। कर्नाटक की राजनीति में खुद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की रुचि है। उनके पुत्र प्रियांक भी सर्वोच्च पद के दावेदार रहे हैं। कांग्रेस में सत्ता संघर्ष 2023 के कर्नाटक विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की जीत के बाद हुए एक अनौपचारिक सत्ता-साझेदारी समझौते से जुड़ा माना जाता है। शिवकुमार समर्थक लगातार दावा करते रहे हैं कि सरकार गठन के समय सत्ता साझा करने पर सहमति बनी थी। हालांकि, सिद्धारमैया ने कभी सार्वजनिक रूप से ऐसे किसी समझौते को स्वीकार नहीं किया और प्रशासन पर अपनी मजबूत पकड़ बनाए रखी। चुनावों के बाद से ही मुख्यमंत्री पद को लेकर सिद्धारमैया और शिवकुमार के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा थी। शिवकुमार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष थे और चुनाव उनके नेतृत्व में ही लड़ा गया था, इसलिए वह शीर्ष पद पर अपनी स्वाभाविक दावेदारी मान रहे थे। तब पार्टी ने शिवकुमार को मनाकर उपमुख्यमंत्री नियुक्त किया था और ढाई साल के बाद कमान देने का वादा किया था। बाद में हाईकमान द्वारा डीके खेमे की ओर से लगातार दबाव डालने के बावजूद कुछ भी साफ नहीं किया जा रहा था। इससे डीके का धैर्य चूक रहा था। यह दोनों नेताओं के बीच तनाव की वजह भी बना रहा। पिछले वर्ष नवंबर में, जब कर्नाटक सरकार ने अपने कार्यकाल का आधा हिस्सा पूरा कर लिया, तब कांग्रेस नेतृत्व ने कथित तौर पर शिवकुमार को असम विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी का राजनीतिक पर्यवेक्षक नियुक्त कर इस तनाव को कम करने की कोशिश की, लेकिन रोटेशनल मुख्यमंत्री व्यवस्था को लेकर अटकलें जारी रहीं। पिछले कुछ वर्षों में शिवकुमार ने अपने धार्मिक संपर्कों को भी काफी बढ़ाया है। उन्होंने कर्नाटक और देशभर के प्रमुख मंदिरों के लगातार दौरे किए। उनकी धार्मिक छवि को लेकर कांग्रेस के भीतर बहस भी छिड़ गई थी। शिवकुमार ने सार्वजनिक रूप से सिद्धारमैया के साथ टकराव को बढ़ाने से काफी हद तक परहेज किया, हालांकि उनके समर्थकों ने दबाव बनाए रखा। अब ऐसा ही दबाव सिद्धारमैया नहीं बनाएंगे, ऐसा नहीं लगता। कुल मिलाकर कर्नाटक में कांग्रेस की चुनौतियां खत्म नहीं हुई हैं, बल्कि यह नई चुनौतियों की शुरुआत है।

# अब बख्शे नहीं जाएंगे घुसपैठिए



तैयारी
प्रमोद भार्गव

**पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी द्वारा घुसपैठियों को देश से बाहर करने की मुहिम से तय है कि देश का जनसंख्यात्मक घनत्व बिगाड़ रहे और राष्ट्र की सुरक्षा के लिए खतरा बने इन बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुस्लिमों की विदाई तय है। अधिकारी ने बंगाल में भाजपा की जीत के साथ ही, सबका विकास, सबका साथ नारे को बदलते हुए तय कर दिया है कि जिसका साथ, उसका विकास किया जाएगा। बंगाल, असम और पूर्वोत्तर राज्यों में स्थानीय बनाम विदेशी नागरिकों का मसला एक बड़ी समस्या बन गया है। जो यहां के जीवन को लंबे समय से झकझोर रहा है। यह अच्छी बात है कि अब इनकी नाक में नकेल डालकर बाहर का रास्ता दिखाने की मुहिम युद्ध स्तर पर चल रही है।**

नक्सल समस्या की तरह अब घुसपैठियों की समस्या का निदान भी होने जा रहा है। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी द्वारा घुसपैठियों को देश से बाहर करने की मुहिम से तय है कि देश का जनसंख्यात्मक घनत्व बिगाड़ रहे और राष्ट्र की सुरक्षा के लिए खतरा बने इन बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुस्लिमों की विदाई तय है। अधिकारी ने बंगाल में भाजपा की जीत के साथ ही, सबका विकास, सबका साथ नारे को बदलते हुए तय कर दिया है कि जिसका साथ, उसका विकास किया जाएगा। घुसपैठियों के बंगाल में बसने और लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ममता बनर्जी के मुख्यमंत्री रहते हुए मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति के तहत मिल रहा था। किंतु अधिकारी ने 'डिटेक्ट, डिलीट एंड डिपोर्ट' नीति लागू करने और जिला स्तर पर होल्डिंग सेंटर बनाने का निर्णय लेकर जता दिया है कि आखिरकार अवैध प्रवासियों को बाहर जाना ही होगा। इसी कड़ी में गृहमंत्री अमित शाह ने प्लेटफार्म एक्स पर ऐलान कर दिया कि 'घुसपैठ और अप्राकृतिक जनसांख्यिकीय परिवर्तन किसी भी राष्ट्र के लिए वर्तमान और भविष्य के लिए बड़ी चुनौती है। इससे निपटने के लिए 15 अगस्त 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में आबादी का संतुलन बिगड़ने की जांच के लिए उच्च स्तरीय जांच समिति गठित करने की बात कही थी, जो अब कर दी गई है। यह समिति धार्मिक और सामाजिक समुदायों के स्तर पर असामान्य जनसंख्या बदलाव के तरीके की जांच व समीक्षा करेगी।' यह समिति सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति प्रकाश प्रभाकर नावलेकर की अध्यक्षता में काम कर एक साल के भीतर अपनी रिपोर्ट पेश करेगी।

बंगाल, असम और पूर्वोत्तर राज्यों में स्थानीय बनाम विदेशी नागरिकों का मसला एक बड़ी समस्या बन गया है। जो यहां के सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक जीवन को लंबे समय से झकझोर रहा है। बड़ी संख्या में घुसपैठ करके आए मुस्लिमों ने उनके न केवल आजीविका के संसाधनों को हथिया लिया है, बल्कि कृषि भूमि पर भी काबिज हो गए हैं। इस कारण राज्यों का जनसंख्यात्मक घनत्व बिगड़ रहा है। लिहाजा यहां के मूल निवासी और घुसपैठियों के बीच जानलेवा हिंसक झड़पें भी होती रहती हैं। नतीजतन अवैध और स्थायी नागरिकों की पहचान के लिए सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर एनआरसी यानी राष्ट्रीय नागरिकता पत्रक बनाने की पहल की थी। इसके मुताबिक 1971 से पहले असम में रह रहे लोगों को मूल नागरिक माना गया है। इसके बाद के लोगों को अवैध नागरिकों की सूची में दर्ज किया गया है। दरअसल घुसपैठिए अपनी नागरिकता सिद्ध नहीं कर पाते हैं, तो यह उन राजनीतिक दलों को वजूद बचाए रखने की दृष्टि से खतरे की घंटी है, जो मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति करते हुए घुसपैठ को बढ़ावा देकर अवैध नागरिकता को वैधता देने के उपाय करते रहे हैं। पहले सीपीएम और बाद में तृणमूल इन घुसपैठियों को न केवल शरण देते रहे हैं, बल्कि उनके आधार, राशन और वोटर कार्ड भी बनवाते रहे हैं। नतीजा रहा कि बंगाल का हर चौथा वोटर मुस्लिम बताया जा रहा है। छह जिले तो ऐसे हैं, जहां मुस्लिमों की आबादी 66 प्रतिशत से भी अधिक हैं। इस कड़ी में मुर्शिदाबाद जिले में 66.27, मालदा में 51.27, उत्तर दिनाजपुर 49.92,



वीरभूमि में 37.06, दक्षिण 24 परगना 35.57 और नादिया में 26.27 प्रतिशत मुस्लिमों की आबादी हो गई है। इस बिगड़े जनसंख्यात्मक घनत्व का ही परिणाम रहा कि 34 साल सीपीएम और 15 साल तृणमूल ने बंगाल पर शासन करते हुए घुसपैठियों को संरक्षण देते रहे। यदि असम में अवैध घुसपैठ की बात करें तो 1951 से 1971 के बीच यहां के मतदाताओं की संख्या अचानक 51 प्रतिशत बढ़ गई। 1971 से 1991 के बीच यह संख्या बढ़कर 89 फीसदी हो गई। 1991 से 2011 के बीच मतदाताओं की तादाद 53 प्रतिशत बढ़ी। जबकि देश के अन्य हिस्सों में मुस्लिमों की आबादी में बढ़ोत्तरी 13.4 प्रतिशत से 14.2 फीसदी तक ही हुई। असम में 35 प्रतिशत से अधिक मुस्लिमों वाली 2001 में विधानसभा सीटें 36 थी, जो 2011 में बढ़कर 39 हो गईं। गौरतलब है कि 1971 में बांग्लादेश के स्वतंत्र होने के बाद से 1991 तक हिंदुओं की जनसंख्या में 41.89 फीसदी की वृद्धि हुई, जबकि इसी दौरान मुस्लिमों की जनसंख्या में 77.42 फीसदी की बेलगाम वृद्धि दर्ज की गई। इसी तरह 1991 से 2001 के बीच असम में हिंदुओं की जनसंख्या 14.95 प्रतिशत बढ़ी, जबकि मुस्लिमों की 29.3 फीसदी बढ़ी। घुसपैठियों को अपना वोट बैंक बनाने के लिए कांग्रेसियों ने इन्हें बड़ी संख्या में मतदाता पहचान पत्र एवं राशन कार्ड तक हासिल कराए। कांग्रेस की तरूण गोगाई सरकार इसी बूते 15 साल सत्ता में रही। लेकिन लगातार घुसपैठ ने कांग्रेस की हालत पतली कर दी थी। फलस्वरूप भाजपा सत्ता में आ गई। इस अवैध घुसपैठ के दुष्प्रभाव पहले अलगाववाद के रूप में देखने में आ रहे थे, लेकिन बाद में राजनीति में प्रभावी हस्तक्षेप के रूप में बदल गए। असम को बांग्लादेश से अलग ब्रह्मपुत्र नदी करती है। इस नदी का पाट इतना चौड़ा और दलदली है कि इस पर बाड़ लगाना या दीवार बनाना नामुमकिन है। केवल नावों पर सशस्त्र पहरेदारी के जरिए घुसपैठ को रोका जाता है। प्रधानमंत्री राजीव गांधी सरकार ने तत्कालीन असम सरकार के साथ मिलकर फैसला लिया था कि 1971 तक जो भी बांग्लादेशी असम में घुसे हैं, उन्हें नागरिकता दी जाएगी और बाकी को भारत की जमीन से निर्वासित किया जाएगा। इस फैसले के तहत ही अब तक कई बार एनआरसी ने नागरिकों की वैध सूची जारी करने की कोशिश की, लेकिन मुस्लिम वोट-बैंक की राजनीति के चलते कांग्रेस, वामपंथी और तृणमूल एनआरसी का विरोध करते रहे हैं। अतएव 2005 में सर्बानंद सोनोवाल बनाम भारत संघ मामले में असम में अवैध प्रवासियों के पहचान से जुड़े एक पुराने कानून को रद्द करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बेहद सख्त टिप्पणी करते हुए कहा था कि असम में होने वाली भारी घुसपैठ ने राज्यों के नागरिकों के जीवन को आमूलचूल प्रभावित किया है। यह स्थिति एक तरह के अघोषित बाहरी आक्रमण जैसी है। बांग्लादेश के साथ भारत की कुल 4097 किलोमीटर लंबी सीमा-पट्टी है, जिस पर जरूरत के मुताबिक सुरक्षा के इंतजाम नहीं हैं। इस कारण गरीबी और भुखमरी के मारे बांग्लादेशी असम और बंगाल में घुसे चले आते हैं। यहां इन्हें कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल अपने-अपने वोट बैंक बनाने के लालच में भारतीय नागरिकता का सुगम आधार उपलब्ध करा देते हैं। मतदाता पहचान पत्र जहां इन्हें भारतीय नागरिकता का सम्मान हासिल करा देता है, वहीं राशन कार्ड की उपलब्धता इन्हें बीपीएल के दायरे में होने के कारण मुफ्त अनाज की सुविधा दिला देती हैं। आसानी से बन जाने वाले बहुउद्देशीय पहचान वाले आधार कार्ड भी इन घुसपैठियों ने बड़ी मात्रा में हासिल कर लिए हैं। इन सुविधाओं की आसान उपलब्धता के चलते देश में घुसपैठियों की तादाद चार करोड़ से भी ज्यादा बताई जा रही है। यह अच्छी बात है कि अब इनकी नाक में नकेल डालकर बाहर का रास्ता दिखाने की मुहिम युद्ध स्तर पर चल रही है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## श्रद्धांजलि

प्रो. आरके जैन



# डॉ. बशीर बद्र : उजाले अपनी यादों के हमारे साथ रहने दो


उजाले अपनी यादों के हमारे साथ रहने दो...बशीर बद्र की यह पंक्ति आज स्वयं एक विदाई का सन्नाटा बनकर गूंज रही है। उर्दू शायरी का वह नर्म, रोशन और संवेदनशील सितारा अब अस्त हो गया है। केवल एक शायर नहीं गया, बल्कि एक पूरी भावनात्मक परंपरा मौन हो गई। 28 मई 2026 को भोपाल में लंबी बीमारी के बाद 91 वर्ष की आयु में उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कहा, लेकिन उनकी शायरी अब भी सांसों में जीवित है। वे केवल शब्द नहीं रचते थे, बल्कि टूटे हुए दिलों को जोड़ने वाली भावनाओं की पूरी दुनिया बसाते थे- जहां दर्द भी सुंदर लगता था और उम्मीद भी बहुत करीब। उनका जाना एक खालीपन नहीं, बल्कि एक ऐसी खामोश मौजूदगी है जो हर एहसास में धीरे-धीरे उतरती रहती है। जब शब्दों की रोशनी खुद इतिहास बन जाए, तो समझिए कोई शायर अमर हो चुका होता है। मशहूर उर्दू शायर और ग़ज़लकार पद्मश्री बशीर बद्र का जाना साहित्य जगत के लिए एक ऐसा आघात है, जिसने भावनाओं की सबसे नाजुक परत को हिला दिया। वे उन विरले शायरों में थे जिनके शब्द मंच से उतरकर सीधे जीवन की सांसों में बस जाते थे। उनका जाना केवल शरीर का अंत नहीं, बल्कि उस आवाज़ का ठहर जाना है जिसने सादगी को भी शिखर बना दिया। फिर भी, उनकी ग़ज़लें आज भी हर टूटे दिल में जीवित हैं और हर याद में चुपचाप रोशनी बनकर चलती रहती हैं। जहां शब्द जन्म लेते हैं और संवेदना उन्हें आकार देती है, वहीं से एक असाधारण सफ़र शुरू होता है। 15 फरवरी 1935 को अयोध्या (तब फैजाबाद) में जन्मे बशीर बद्र बचपन से ही शायरी की ओर आकर्षित थे और सात वर्ष की उम्र में ही शेर कहने लगे थे। अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी से पीएचडी के बाद उन्होंने वहीं उर्दू के प्रोफेसर के रूप में कार्य किया, फिर मेरठ कॉलेज में 17 वर्षों तक विभागाध्यक्ष रहे।



फारसी, हिंदी, उर्दू और अंग्रेजी पर उनकी गहरी पकड़ ने उनकी शायरी को समृद्ध और बहुआयामी बनाया। जब जीवन की सबसे गहरी आग इंसान के भीतर उतर जाए, तो शब्द भी राख से जन्म लेते हैं। 1987 के मेरठ दंगों ने बशीर बद्र को भीतर तक तोड़ दिया- उनका घर, यादें और अनमोल अनप्रकाशित रचनाएं सब-कुछ जलकर राख हो गया। इस त्रासदी ने उन्हें लंबे समय तक लेखन से दूर कर दिया और उनका जीवन गहरे खालीपन में डूब गया। लेकिन भोपाल में डॉ. राहत बद्र के साथ नए सिरे से मिली जीवन-धारा ने उन्हें फिर से शब्दों की ओर लौटा दिया। उसी पीड़ा से निकली उनकी अमर पंक्ति-"लोग टूट जाते हैं एक घर बनाने में..."-आज भी मानवीय संवेदना की सबसे तीखी और सजीव अभिव्यक्ति मानी जाती है। शब्दों को सजाने के बजाय उन्हें जीने की कला बशीर बद्र की शायरी की सबसे बड़ी पहचान थी। उन्होंने जटिल अलंकारों की जगह जीवन की सीधी, सरल भाषा को अपनाया और उसी में गहराई भर दी। प्रेम, विरह, अकेलापन और सामाजिक यथार्थ उनकी ग़ज़लों में सहजता से उतरते थे। उनकी प्रमुख कृतियाँ 'इकाई', 'इमेज', 'आमद', 'आहट', 'आस' और 'कुल्लियात-ए-बशीर बद्र' आधुनिक उर्दू साहित्य की अमूल्य धरोहर बन गईं। 'आस' के लिए उन्हें 1999 में साहित्य अकादमी पुरस्कार और उसी वर्ष पद्म श्री से सम्मान मिला। साथ ही उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी से चार बार, बिहार उर्दू अकादमी से एक बार तथा 1980 में न्यूयॉर्क के 'पोएट ऑफ द ईयर' सम्मान ने उनकी वैश्विक पहचान को और मजबूत किया। कुछ पंक्तियां समय को भी पीछे छोड़ देती हैं और स्मृतियों में हमेशा के लिए बस जाती हैं- ऐसी ही शायरी बशीर बद्र की पहचान है। उनकी मशहूर पंक्तियां "उजाले अपनी यादों के हमारे साथ रहने दो..." और "दुश्मनी जम कर करो लेकिन ये गुंजाइश रहे..." आज भी लोगों की ज़ुबान पर जीवित हैं, जो रिश्तों और भावनाओं को एक नई दृष्टि देती हैं। उनके 18,000 से अधिक शेर और असंख्य ग़ज़लें फिल्मों, रेडियो और मुशायरों में लगातार गूंजती रही हैं। उनकी शायरी ने उर्दू ग़ज़ल को आम इंसान की भाषा बना दिया, जहां हर व्यक्ति अपने दर्द और अपनी पहचान को महसूस कर सकता है। जब यादें साथ छोड़ने लगती हैं, तब भी शब्द अपनी रोशनी नहीं खोते-बशीर बद्र के जीवन का अंतिम चरण इसका साक्षात प्रमाण रहा। डिमेंशिया ने धीरे-धीरे उनकी स्मृतियों पर धुंध छा दी, लेकिन उनकी पत्नी डॉ. राहत बद्र उनकी रचनाएं सुनाकर उन्हें फिर से जीवित करती रहीं। उनकी ग़ज़लें समय की सीमाओं को पार कर आज भी लोगों को जोड़ती हैं, और यही साबित करती हैं कि सच्ची रचना कभी मरती नहीं-वह हमेशा अपने पाठकों के भीतर जीवित रहती है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# कर्तव्य और अधिकार एक सिक्के के दो पहलू



संकलित
## दर्शन

सामान्य तौर पर हम अधिकार एवं कर्तव्य की बात करते हैं। जबकि वास्तव में होना चाहिए कर्तव्य और अधिकार। व्यक्ति को पहले अपना कर्तव्य करना चाहिए। फिर अपने अधिकारों की बात करनी चाहिए। जब हम अधिकारों की बात करते हैं तो यह भूल जाते हैं कि हमारे कुछ कर्तव्य भी हैं। यह विडंबना है कि संविधान में भी कर्तव्यों को बाद में जोड़ा गया। जब कर्तव्य और अधिकार एक सिक्के के दो पहलू हैं, तो हम हमेशा अधिकार पर ही क्यों रुक जाते हैं? कर्तव्य हमें अपनी नैतिक जिम्मेदारी का अहसास कराते हैं तो अधिकार हमारे जागरूक होने का प्रमाण प्रस्तुत करते हैं। यदि हम जागरूक हैं तो फिर जिम्मेदार क्यों नहीं? अगर परिवार, समाज और देश में समृद्धि और शांति लाना चाहते हैं तो हर नागरिक को पहले अपने कर्तव्य पर ध्यान देना होगा। केवल अधिकारों की बात कर उसकी आड़ में हम अपने कर्तव्यों को अनदेखा न करें। हम ईमानदारी से कर्तव्य करते रहेंगे तो अधिकार स्वतः ही प्राप्त हो जाएंगे, क्योंकि वह कर्तव्यों में ही निहित है। कर्ण की कर्तव्य के प्रति निष्ठा सर्वविदित है। गीता में श्रीकृष्ण ने अर्जुन ही नहीं, बल्कि मनुष्य मात्र को यह उपदेश दिया है कि 'कर्म करो और फल की इच्छा मत करो।' जब इच्छित फल की हमें प्राप्ति नहीं होती है तो हमें दुख होता है। अतः सुखी रहना है तो सिर्फ कर्म करें और वह भी निष्काम भाव से। कर्तव्यों में कर्म है और कर्म करना ही मनुष्य की पहचान है। यही कर्म पुण्य के माध्यम से हमें स्वर्ग के द्वार तक पहुंचाते हैं।

# सिद्धियों का उचित प्रयोग ही करें



संकलित
## प्रेरणा

चार विद्वान ब्राह्मण मित्र थे। एक दिन चारों ने संपूर्ण देश का भ्रमण कर हर प्रकार का ज्ञान अर्जित करने का निश्चय किया। चारों ब्राह्मणों ने चार दिशाएं पकड़ीं और अलग-अलग स्थानों पर रहकर अनेक प्रकार की विद्याएं सीखीं। पांच वर्ष बाद चारों अपने गृहनगर लौटे और एक जंगल में मिलने की बात तय की। चूंकि चारों परस्पर एक-दूसरे को अपनी गूढ़ विद्याओं व सिद्धियों को बताना चाहते थे, अतः इसके लिए जंगल से उपयुक्त अन्य कोई स्थान नहीं हो सकता था। जब चारों जंगल में एक स्थान पर एकत्रित हुए तो वहां उन्हें शेर के शरीर की एक हड्डी पड़ी हुई मिली। एक ब्राह्मण ने कहा- मैं अपनी विद्या से इस एक हड्डी से शेर का पूरा अस्थि पंजर बना सकता हूँ। उसने ऐसा कर भी दिखाया। तब दूसरे ब्राह्मण ने कहा- मैं इसे त्वचा, मांस और रक्त प्रदान कर सकता हूं। फिर उसने यह कर दिया। अब उन लोगों के समक्ष एक शेर पड़ा था, जो प्राणविहीन था। अब तीसरा ब्राह्मण बोला- मैं इसमें अपनी सिद्धि के चमत्कार से प्राण डाल सकता हूं। चौथे ब्राह्मण ने उसे यह कहते हुए रोका- यह मूर्खता होगी। हमें तुम पर विश्वास है, किंतु यह करके न दिखाओ। किंतु तीसरे ब्राह्मण का तर्क था कि ऐसी सिद्धि का क्या लाभ जिसे क्रियान्वित न किया जाए। उसका हठ देखकर चौथा ब्राह्मण तत्काल पास के पेड़ पर चढ़कर बैठ गया। तीसरे ब्राह्मण के मंत्र पढ़ते ही शेर जीवित हो गया। प्राणों के संचार से शेर को आहार की आवश्यकता महसूस हुई और उसने सामने मौजूद तीनों ब्राह्मणों को मारकर खा लिया। चौथे ब्राह्मण ने समझदारी से अपने प्राण बचा लिए।

## सटाका




## आज की पाती

### पेट्रोल-डीजल वाहनों का विकल्प इलेक्ट्रिक वाहन

अमरीका और ईरान युद्ध के कारण हमारे देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में भारी वृद्धि हो रही है। इससे आम लोगों पर महंगाई का बोझ बढ़ रहा है, खासतौर पर जिनका कारोबार अपने निजी वाहनों के जरिए होता है, डीजल की कीमत में वृद्धि से सार्वजनिक वाहनों में सफर भी महंगा हो सकता है। कुछ समय पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम ई-बस सेवा योजना को हरी झंडी देकर चंडीगढ़ के लिए लगभग 25 इलेक्ट्रिक बसों का वर्चुअल तरीके से शुरुआत की। छत्तीसगढ़ में भी ऐसी पहल हो चुकी है। यहां की सरकार ने वायु प्रदूषण को कम करने के लिए अच्छी पहल करते हुए नई इलेक्ट्रिक बसें और अन्य सरकारी वाहन ही खरीदने का मन बनाया है। सरकार इससे अपने यहां डीजल और पेट्रोल का प्रयोग भी कम करेगी। *- ललित चौधरी, जींद*

## ट्रेंड

### सावरकर को श्रद्धांजलि



महान क्रांतिकारी और प्रतिभाशाली राष्ट्रवादी विचारक वीर सावरकर को हार्दिक श्रद्धांजलि! उनका वीरता और बुद्धि से परिपूर्ण व्यक्तित्व राष्ट्र की प्रत्येक पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा।
- **नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

### खाद्यान्न उत्पादन



देश में खाद्यान्न उत्पादन का अब तक का उच्चतम स्तर दर्ज किया गया है। कल ही हमने तीसरा अग्रिम अनुमान जारी किया। इस वर्ष खाद्यान्न का कुल अनुमानित उत्पादन 3,765.63 लाख टन है, जो पिछले वर्ष से 188 लाख टन अधिक है।
- **शिवराज सिंह चौहान,** केंद्रीय कृषिमंत्री

### समस्याओं का समाधान



सत्ता हमारे लिए सुख का साधन नहीं, बल्कि जनता की सेवा का माध्यम है। ग्राम चौपाल के माध्यम से राजस्थान सरकार आज हर गांव तक पहुंच रही है, ताकि समस्याओं का समाधान मौके पर किया जा सके और विकास योजनाएं समाज के सबसे दूरस्थ व्यक्ति तक प्रभावी ढंग से पहुंच सकें।
- **भजनलाल शर्मा,** सीएम, राजस्थान

### राजनीतिक प्रतीक



भारतीय सार्वजनिक विमर्श के विशाल रंगमंच पर, जहाँ रूपक लंबे समय से औजार और हथौड़े दोनों का काम करते आए हैं, तिलचट्टे का एक कीड़े से राजनीतिक प्रतीक के रूप में उभरना एक गहरा परिवर्तन दर्शाता है।
- **राम गोपाल वर्मा,** फिल्मकार

## करंट अफेयर

# अगले पांच साल में तापमान में होगी रिकॉर्ड वृद्धि : संयुक्त राष्ट्र

संयुक्त राष्ट्र की नयी जलवायु रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि अगले पांच वर्षों के दौरान पृथ्वी का तापमान कई बार उस अंतरराष्ट्रीय सीमा से ऊपर जा सकता है, जिसे अब तक सुरक्षित माना जाता रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, इस दौरान पृथ्वी के सबसे गर्म वर्ष का रिकॉर्ड भी कई बार टूट सकता है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) ने यह भी अनुमान जताया है कि 2030 तक आर्कटिक क्षेत्र का तापमान करीब 1.66 डिग्री सेल्सियस बढ़ सकता है। इसके साथ ही अमेजन क्षेत्र में गंभीर सूखे और वनाग्नि का खतरा भी बढ़ सकता है। वैज्ञानिकों ने कहा कि कोयला, तेल और गैस के इस्तेमाल से बढ़ रही वैश्विक गर्मी के कारण बाढ़, सूखा और भीषण गर्मी जैसी चरम मौसमी घटनाएं अधिक होंगी। संयुक्त राष्ट्र की जलवायु एजेंसी और ब्रिटेन के मौसम विभाग की रिपोर्ट में कहा गया है कि 2026 से 2030 के बीच औसत वैश्विक तापमान के औद्योगिक क्रांति से पहले के स्तर की तुलना में 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहने की 75 प्रतिशत आशंका है। यही वह सीमा है जिसे 2015 के पेरिस जलवायु समझौते में सुरक्षित माना गया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि तापमान में मामूली वृद्धि भी मौत, खतरे और जीव-जंतुओं की प्रजातियों के नुकसान का कारण बन सकती है।



## ऑफ बीट

# लगातार गाड़ी चलाते समय थकान क्यों महसूस होती है

चाहे आप रोज दफ्तर आने-जाने के लिए गाड़ी चला रहे हों या समुद्र किनारे लंबी यात्रा पर निकले हों, लगातार 'ड्राइविंग' शरीर और दिमाग दोनों को थका सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि गाड़ी चलाना एक बेहद जटिल काम है, जिसमें दिमाग के कई हिस्सों को एक साथ काम करना पड़ता है। इनमें योजना बनाना, सतर्क रहना और आसपास की चीजों को समझना शामिल हैं। लेकिन जब आप थक जाते हैं, तो दिमाग के ये हिस्से पहले की तरह प्रभावी ढंग से काम नहीं कर पाते। यही वजह है कि चालक की थकान को सड़क सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा माना जाता है। हालिया शोध बताते हैं कि ऑस्ट्रेलिया की सड़कों पर हुए हादसों में से 20 से 30 प्रतिशत उनींदे होकर गाड़ी चलाना एक प्रमुख कारण रहा। इसका असर हर उम्र और अनुभव वाले चालकों पर पड़ सकता है। ड्राइविंग के दौरान दिमाग कैसे काम करता है-ड्राइविंग एक ऐसा कार्य है जिसमें ध्यान, सतर्कता, चीजों को पहचानने की क्षमता, शरीर की गतिविधियों पर नियंत्रण और तेज निर्णय लेने जैसी कई मानसिक प्रक्रियाएं एक साथ सक्रिय रहती हैं। एक शोध विश्लेषण में पाया गया कि गाड़ी चलाने के दौरान दिमाग के बहुत से खास हिस्से सक्रिय हो जाते हैं।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

चौरई और जुन्नारदेव में दर्दनाक घटनाएं, दो की मौत, एक का शव मिला, एक की तलाश जारी, सुरक्षा इंतजामों की कमी बनी कारण

# दो जल हादसों ने झकझोरा, चार किशोर डूबे, प्रशासन पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव/चौरई

छिंदवाड़ा जिले में बुधवार को हुए दो अलग-अलग जल हादसों ने पूरे जिले को गहरे सदमे में डाल दिया। चौरई और जुन्नारदेव क्षेत्र में हुए इन दर्दनाक हादसों में चार किशोर गहरे पानी में डूब गए। इनमें से दो किशोरों की मौत हो चुकी है, जबकि दो अन्य की तलाश के लिए पुलिस, प्रशासन और गोताखोरों की टीमें लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही हैं। इन घटनाओं ने एक बार फिर जिले में जल स्रोतों और पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्थाओं की पोल खोल दी है। पहला हादसा चौरई थाना क्षेत्र के बेलखेड़ा स्थित प्रसिद्ध घोघरा वॉटरफॉल में हुआ। जानकारी के अनुसार छिंदवाड़ा निवासी 14 वर्षीय गौरव डेहरिया और 17 वर्षीय विनायक गुप्ता अपने परिवार के साथ घूमने पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि दोनों किशोर वॉटरफॉल के पास मोबाइल से रील बना रहे थे। इसी दौरान अचानक उनका पैर फिसल गया और वे गहरे पानी में जा गिरे। आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन पानी की अधिक गहराई और तेज बहाव के कारण दोनों कुछ ही पलों में आंखों से ओझल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही चौरई पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय गोताखोरों और बचाव दल की मदद से देर शाम तक रेस्क्यू ऑपरेशन



चलाया गया। हादसे के बाद मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण और पर्यटक एकत्र हो गए। किशोरों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। प्रशासन की टीम ने काफी मशक्कत के बाद एक किशोर के शव को बाहर निकाला, जबकि दूसरे की तलाश देर रात तक जारी रही।

दूसरी घटना जुन्नारदेव थाना क्षेत्र की डूंगरिया चौकी अंतर्गत खदान के पास बने एक गहरे तालाब में हुई। यहां कुछ युवक जन्मदिन पार्टी मनाने पहुंचे थे। पार्टी के दौरान सभी युवक तालाब में नहाने उतर गए। इसी बीच दो किशोर अचानक गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। साथियों ने शोर मचाया, जिसके बाद स्थानीय लोग और पुलिस मौके पर पहुंची। देर रात तक चले रेस्क्यू अभियान में एक किशोर का शव बरामद कर लिया गया, जबकि दूसरे की तलाश गुरुवार सुबह फिर शुरू की गई। दोनों घटनाओं ने जिलेभर में शोक और आक्रोश का माहौल पैदा कर दिया है। लोगों का कहना है कि जिले के वॉटरफॉल, डैम और खदान क्षेत्रों में हर साल इस तरह के हादसे होते हैं, लेकिन प्रशासन सिर्फ हादसों के बाद औपचारिक कार्रवाई तक सीमित रह जाता है। सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि जिन स्थानों को पहले से खतरनाक घोषित किया गया है, वहां सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम क्यों नहीं किए गए।

### नहीं लगाए गए चेतावनी बोर्ड

स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने प्रशासन पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि घोघरा वॉटरफॉल, खदान तालाब और अन्य जल क्षेत्रों में न तो चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं और न ही सुरक्षा गार्ड या बैरिकेडिंग की समुचित व्यवस्था है। कई स्थानों पर पर्यटक बिना किसी रोक-टोक के गहरे पानी के बेहद करीब पहुंच जाते हैं, जिससे हादसों का खतरा लगातार बना रहता है।

### प्रशासन की तैयारियां साबित हो रही नाकाफी

लोगों ने बरगी डेम हादसे का भी जिक्र किया, जहां कुछ समय पहले बड़ा जल हादसा हुआ था। उस घटना के बाद प्रशासन ने सुरक्षा को लेकर सख्ती और ठोस कदम उठाने का दावा किया था, लेकिन जमीनी स्तर पर हालात अब भी जस के तस बने हुए हैं। लगातार हो रही घटनाएं यह साबित कर रही हैं कि प्रशासन की तैयारियां नाकाफी हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि गर्मी और छुट्टियों के दौरान जिले के प्राकृतिक पर्यटन स्थलों पर लोगों की भीड़ बढ़ जाती है। ऐसे में संवेदनशील स्थानों पर प्रशिक्षित लाइफगार्ड, रेस्क्यू टीम, चेतावनी संकेत और प्रतिबंधित क्षेत्रों की स्पष्ट पहचान बेहद जरूरी है। साथ ही युवाओं और किशोरों में सोशल मीडिया के लिए रील बनाने की बढ़ती होड़ भी हादसों का कारण बन रही है। कई बार लोग खतरनाक जगहों पर जाकर वीडियो बनाने की कोशिश करते हैं और दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं।

### हादसों में प्रभावित परिवार सदमे में

इन दर्दनाक हादसों के बाद जिलेवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि सभी खतरनाक जल क्षेत्रों का सर्वे कराया जाए और वहां तत्काल सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले दिनों में और भी बड़ी घटनाएं सामने आ सकती हैं। लिहाल दोनों हादसों से प्रभावित परिवार गहरे सदमे में हैं और पूरा जिला इन मासूम किशोरों के लिए शोक व्यक्त कर रहा है।

# बीच सड़क पति-पत्नी का हाई वोल्टेज ड्रामा, पत्नी ने पति की कर दी पिटाई, वीडियो वायरल



**छतरपुर।** शहर के महोबा रोड स्थित सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में बुधवार को पति-पत्नी के बीच बीच सड़क हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। यहां एक महिला ने अपने पति की सरेआम पिटाई कर दी, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि महिला ने सड़क पर ही पति को पकड़कर मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान दोनों के बीच तीखी बहस और धक्का-मुक्की भी होती रही। घटना के दौरान सड़क पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और काफी देर तक हंगामे जैसी स्थिति बनी रही। मौके पर मौजूद राहगीरों और स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव कर दोनों को शांत कराया, जिसके बाद मामला शांत हो सका। वायरल वीडियो में महिला अपने पति पर गुस्सा जाहिर करते हुए मारपीट करती दिखाई दे रही है, जबकि आसपास मौजूद लोग तमाशबीन बने नजर आ रहे हैं। घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है। हालांकि इस मामले में अब तक किसी भी पक्ष की ओर से पुलिस में शिकायत दर्ज कराए जाने की जानकारी सामने नहीं आई है।

## पांच दिवस पंचधुनी अग्नि तपस्या

**दमुआ।** श्री सती अनुसुईया माता मंदिर दमुआ प्रांगण में अधिमास के पावन पर्व पर पांच दिवस पंचधुनी अग्नि तपस्या कथा व्यास श्री अनुग्रह सागर जी महाराज जी के द्वारा पांच दिवस पंचधुनी अग्नि तपस्या 28 मई दिन गुरूवार से प्रारम्भ है जो कि 2 जून दिन सोमवार तक महाराज जी के द्वारा जारी रहेगी पंचधुनी अग्नि तपस्या में कंडो के बने पांच जलते हुए घेरो के बीच में पांच प्रकार की कंडो से बनी अग्नि के बीच बैठकर 3 घंटे तक निरन्तर तपस्या कर रहे है। भगवान महादेव जी की अराधना जाप तप में लीन होकर तपस्या कर रहे है। जब महाराज जी तपस्या करते है तब वे अन्न जल का सेवन तक नही करते है कि जबकि इस प्रचण्ड गर्मी में दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक लगातार तीन घंटे धूनी तपस्या मंत्रा के उच्चारण के साथ इस भीषण गर्मी में अग्निके बीच बैठकर तपस्या करना बहुत अधिक कठिन होता है। "इंसान इस भीषण गर्मी में ऐसी, कूलर के बिना नही रह पाता किन्तु महाराज जी पांच दिवस पंचधुनी अग्नि तपस्या में लीन रह रहे है " जिस प्रकार अग्नि रूपी तत्व से भोजन की सभी अशुद्धियों का नाश हो जाता है ठीक उसी प्रकार तपस्या रूपी तप से हमारे सभी पापो का नाश हो जाता है पूण्य अर्जित होता है केवल तपस्या ही ऐसा मार्ग है जो हमे सत्य की ओर लेकर जाता है सत्य अर्थात परमपिता परमेश्वर को पाता है जो केवल तपस्या से प्राप्त होती अर्थात जिस कार्य से मानव जीवन का कल्याण हो सके क्षेत्र को कल्याण हो अपने मन और जीवन को सही मार्ग की अग्रेषित करना ही तपस्या है।

थाना जबेरा की सिग्रामपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत तैलन घाटी का मामला, पुलिस जांच जारी

# अज्ञात लोगों द्वारा ऊंचे पहाड़ से भगा कर गिराई गईं 14 भैंसें, 11 की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

थाना जबेरा के अंतर्गत सिग्रामपुर चौकी क्षेत्र की तेलंग घाटी में 14 भैंसों के साथ हुई दर्दनाक घटना ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। जानकारी के अनुसार रात के समय अज्ञात लोगों द्वारा भैंसों को पहाड़ी क्षेत्र की ओर भगाया गया, जिससे वे अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गईं। हादसे में 11 भैंसों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 3 भैंसों का उपचार जारी है।घटना की सूचना मिलते ही 112 डायल टीम मौके पर पहुंची। इसके बाद थाना प्रभारी विकास चौहान एवं सिग्रामपुर चौकी प्रभारी गणेश दुबे पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और जांच प्रारंभ की गई। सभी मृत पशुओं का पोस्टमार्टम कराया गया है।थाना प्रभारी विकास चौहान ने बताया कि मामले में अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया है तथा दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अज्ञात लोगों की तलाश में जुटी हुई है और विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है।वहीं पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. पंकज चौबे ने बताया कि घायल भैंसें गंभीर रूप से इंजर्ड थीं। जिन भैंसों की मौत हुई है उनका पोस्टमार्टम कर लिया गया है, जबकि शेष घायल पशुओं का इलाज जारी है।स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह घटना सुनियोजित हो सकती है।

क्षेत्रवासियों ने मामले की निष्पक्ष जांच एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।इधर क्षेत्र में लगातार सामने आ रही पशु क्रूरता की घटनाओं को लेकर लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। लोगों का कहना है कि प्रशासन द्वारा सख्ती नहीं बरतने के कारण ऐसी घटनाएं



लगातार बढ़ रही हैं। ओर सा सम्मान उनका देह संस्कार किया गया घटना की जानकारी मिलने पर बजरंग दल के प्रखंड सुरक्षा प्रमुख प्रशांत तिवारी, बल उपासना प्रमुख दिनेश घोषी, ह्तिक नामदेव एवं गौरव यादव अपने कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर पहुंचे।इसी बीच जबेरा–दमोह–जबलपुर बायपास पर भी एक ट्रैक्टर चालक द्वारा जीवित गाय के बछड़े को चलते ट्रैक्टर से फेंकने का मामला सामने आया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जब वहां मौजूद लोगों ने इसका विरोध किया तो संबंधित लोग विवाद करने पर उतारू हो गए। हालांकि तब तक ट्रैक्टर एवं संबंधित व्यक्ति वहां से फरार हो चुके थे।

# गर्मी का दिखा असर : ठंडे क्षेत्रों में उड़ गए 408 गिद्ध

## मिले सिर्फ 261, तीन दिन चली गिनती में हर दिन अलग-अलग आई संख्या

**रीवा।** गिद्धों की दूसरे चरण की गणना पूरी हो गई। वन मंडल रीवा के क्षेत्र में चली गणना में तीनों दिन अलग-अलग संख्याएं सामने आई हैं। आखिरी दिन सबसे अधिक 261 गिद्ध देखे गए हैं, इसलिए इसे ही आधिकारिक संख्या माना जा रहा है। फरवरी में हुई गणना की तुलना में यह संख्या 408 कम है। माना जा रहा है कि 408 गिद्ध ठंड वाले क्षेत्रों के लिए उड़ गए हैं। सरकार की ओर से वर्ष में दो बार गिद्धों की गणना कराई जाती है, एक ठंड के दिनों और दूसरा गर्मी के दिनों में बीते कई वर्षों से यह आंकड़ा सामने आ रहा है कि ठंड के दिनों में दूसरे राज्यों से गिद्ध रीवा आ जाते हैं। इसके बाद जैसे ही मौसम में गर्माहट आती है



वह धीरे-धीरे कर उड़ जाते हैं। कई गिद्ध तो ठंड वाले देशों में चले जाते हैं। फरवरी में हुई गणना में रीवा और मऊगंज जिले में 669 गिद्ध देखे गए थे। यह संख्या पिछले वर्ष हुई गणना से 90 कम थी। अधिकारियों का कहना है कि दूसरे चरण की गिद्ध गणना का कार्य पूरा किया जा चुका है। गर्मी में हर वर्ष जिले में गिद्धों की संख्या कम हो जाती है। सामान्यतौर पर ठंड वाले क्षेत्रों में गर्मी आते ही गिद्ध चले जाते हैं। कई जगह स्थाई बसेरा भी देखा गया है, जिससे आने वाले दिनों में संख्या बढ़ने का अनुमान है। वही बताया गया है कि गिद्धों की गणना के लिए निर्धारित प्रोटोकाल के अनुसार गणना की यह प्रक्रिया पूरी की गई है। दशकभर पहले रीवा सहित प्रदेश के अन्य हिस्सों से गिद्धों की प्रजाति विलुप्त होती नजर आ रही थी। जिसके चलते सरकार ने इनके संरक्षण के लिए कई तरह के अभियान चलाए और अब हर साल गिद्धों की गणना भी की जा रही है। गिद्ध पारिस्थितिकी तंत्र में सफाईकर्मी के रूप में जाने जाते हैं। इनका पाचन तंत्र बहुत मजबूत होता है, जिससे ये शवों में मौजूद बैक्टीरिया और फफूंद को आसानी से पचा लेते हैं। गिद्ध एंथ्रेक्स, फूट एंड माऊथ डिजीज और रेबीज जैसी महामारियों के प्रसार को रोकते हैं। गिद्धों की संख्या में गिरावट का प्रमुख कारण डाक्लोफेनेक नामक पशु चिकिस्सा दवा है जो गिद्धों के लिए घातक होती है। पूरे विश्व में गिद्धों की 23 प्रजातियां पाई जाती हैं जिसमें भारत में 9 प्रजातियां पाई जाती है। रीवा वनमंडल में पांच प्रकार के गिद्ध देखे गए है। कई जगह गिद्धों का स्थाई बसेरा देखा गया है। 22 से 24 मई के बीच गणना की गई है।चार माह पूर्व की गणना में देखे गए थे पांच प्रकार के गिद्धफरवरी में तीन दिन चली गणना में रीवा और मऊगंज में पांच प्रकार के गिद्ध देखे गए थे। जिसमें लांग विल्ड देशी गिद्ध 474, सफेद पीठ गिद्ध 91, सफेद या इजिप्शियन 76, राज गिद्ध 9. काला गिद्ध 19 की संख्या में देखे गए थे। इस बार चार प्रकार के गिद्ध देखे गए हैं। पिछली गणना में 669 गिद्ध मिले थे। वन परिक्षेत्र अतरैला में 9. डभौरा में 19, रीवा में 29, सिरमौर में 88, सेमरिया में 351, हनुमना में 73 एवं मऊगंज में 119 शामिल थे।जिले में गणना की स्थितिपहले दिन : सिरमौर में 55 वयस्क और 15 अवयस्क, हनुमना में 41 वयस्क और 2 अवयस्क, रीवा में पांच वयस्क एवं एक अवयस्क सेमरिया में 48 वयस्क और 20 अवयस्क मिले। जबकि डभौरा, अंतरैला, चाकघाट, मऊगंज आदि क्षेत्रों में कोई गिद्ध नहीं मिले। दूसरा दिनः डभौरा में छह वयस्क, सिरमौर में 55 वयस्क एवं 16 अवयस्क, अंतरैला में चार वयस्क, हनुमना में 40 वयस्क, रीवा में 11 में वयस्क एवं एक अवयस्क, सेमरिया में 84 वयस्क एवं 26 अवयस्क मिले। तीसरा दिनः डभौरा में दो वयस्क एवं एक अवयस्क, अतरैला में आठ वयस्क, सेमरिया में 91 वयस्क और 23 अवयस्क, सिरमौर में 75 वयस्क और 15 अवयस्क, हनुमना में 31 वयस्क, मऊगंज में तीन वयस्क, रीवा में दस वयस्क और दो अवयस्क गिद्ध पाए गए।

# मछलियों का शिकार करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**सिवनी।** पेंच टाइगर रिजर्व, सिवनी अंतर्गत गेम रेंज गुमतरा के परिक्षेत्र सहायक वृत्त जमतरा की बीट नाहरझिर अंतर्गत कक्ष क्रमांक 1421 स्थित प्रतिबंधित कोर क्षेत्र नाहरझिर तालाब क्षेत्र में अवैध रूप से प्रवेश कर मछलियों का शिकार करने के मामले में वन अपराध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। प्रकरण में आरोपी फेली पिता लाखन वर्मा, निवासी तितरी, थाना चांद, जिला छिंदवाड़ा को गिरफ्तार किया गया, जबकि एक अन्य आरोपी फरार है, जिसकी तलाश जारी है। उक्त घटना पेंच टाइगर रिजर्व के प्रतिबंधित कोर क्षेत्र की है, जहाँ बिना वैध अनुज्ञप्ति किसी भी व्यक्ति का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित है तथा यह कानूनन दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है। यह कार्यवाही टाइगर रिजर्व में बाघों की मॉनिटरिंग एवं अवैध गतिविधियों पर निगरानी हेतु संवेदनशील स्थलों पर स्थापित आधुनिक निगरानी प्रणाली के आधार पर क्षेत्रीय अमले द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई का परिणाम है। प्राप्त सूचना पर वन विभाग के मैदानी स्टाफ द्वारा तत्काल मौके पर पहुँचकर कार्रवाई की गई तथा आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय छिंदवाड़ा में प्रस्तुत किया गया, जहाँ से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। ज्ञातव्य है कि पेंच टाइगर रिजर्व के बफर क्षेत्र के ग्रामों में विगत दिनों मानव-वन्यप्राणी द्वंद्व की घटनाओं के दृष्टिगत टाइगर रिजर्व प्रबंधन द्वारा लगातार बाघ चौपाल, ग्राम समिति बैठकों, मुनादी एवं जन-जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन को प्रतिबंधित एवं वन्यप्राणी विचरण क्षेत्रों में प्रवेश न करने हेतु जागरूक किया जा रहा है। इसके बावजूद कुछ लोग निजी स्वार्थवश प्रतिबंधित क्षेत्रों में प्रवेश कर स्वयं एवं वन्यजीवों की सुरक्षा को खतरे में डाल रहे हैं। पेंच टाइगर रिजर्व प्रबंधन द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे प्रतिबंधित वन क्षेत्रों में प्रवेश न करें तथा वन एवं वन्यजीव संरक्षण संबंधी नियमों का पालन करते हुए किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल वन विभाग को दें।

2 दिन से बंद था कमरा, लैपटॉप की स्क्रीन में खुली थी एमसीएक्स की साइड, पुलिस खंगाल रही मोबाईल से डिटेल

# कमरे के अंदर मिला राजेश अग्रवाल का शव फैली सनसनी, सूचना पर पहुंची पुलिस ने खोला गेट

**छतरपुर। थाना ओरछा रोड़ के अंतर्गत डिजीटल कॉलेज के पास श्रीराम कॉलोनी में किराए के मकान में रहने वाले अधेड़ व्यक्ति राजेश अग्रवाल का शव बंद कमरें में मिलने से सनसनी फैल गई। राजेश अग्रवाल के कमरे का दो दिन से गेट नहीं खुल रहा था। जिस पर परिजनों ने ओरछा रोड़ पुलिस को सूचना दी, सूचना मिलते ही ओरछा रोड़ थाने के सब इस्पेंक्टर दीपक यादव दलबल के साथ मौक़े पर पहुंचे और परिजनों से चर्चा करने के बाद राजेश अग्रवाल के कमरे की खिड़की से जब देखा तो वह जमीन पर लेटा हुआ था।**

दीपक यादव ने गेट पहले खटखटाया लेकिन जब नहीं खुला तो तेजी से एक लात मारी और गेट खुल गया। कमरे का गेट खुलने पर अदंर का नजारा देख कर पुलिस और परिजन सन्न रह गए। क्योंकि राजेश अग्रवाल जमीन पर बिछे विस्तर पर मृत अवस्था में पड़ा था और उसके मुहं से खून भी निकला हुआ था। पास में एक जहरीली दबा की शीशी पड़ी हुई थी तथा लैपटॉप में एमसीएक्स सट्टा की बेवसाईड खुली हुई थी। जिससे आशंका पाई जा रही है कि एमसीएक्स सट्टे में लिप्त लोग राजेश अग्रवाल को परेशान कर रहे थे या फिर वह एमसीएक्स सट्टे में लम्बी रकम हार गया था।



जिस कारण उसने यह आत्मघाती कदम उठाया। परिवार में एक 80 बर्ष की बूढ़ी मां मानसिक माईनर पुत्र और पत्नी मौजूद थी। बूढ़ी मां ने बताया कि दो दिन से उसने गेट नही खोला था जिस कारण उन्हें कुछ अनहोनी की आशंका हुई, इसलिए पुलिस को सूचना दी। मृतक की मां ने यह भी बताया कि कुछ लोग शहर से राजेश से मिलने आते थे लेकिन उनकी क्या बातचीत होती थी यह उन्हें जानकारी नही है। मृतक का शव चड्डी बनियान में पाया गया है ऐसी आशंका ब्यक्त की जा रही है कि लैपटॉप में वह एमसीएक्स सट्टा खेल रहा होगा। या तो हार जाने के कारण या फिर किसी का प्रताडऩा भरा फोन आने से उसने जहर खाकर आत्महत्या की या फिर पहले से ही राजेश अग्रवाल ने आत्महत्या की प्लानिंग बना रखी हो और वह पहले से ही जहर की शीशी लेकर कमरे का गेट बंद कर ऐसी घटना को अजाम दिया। फिलहाल एमसीएक्स का पोर्टल लैपटॉप की स्क्रीन में खुला पाए जाने से स्पष्ट हो रहा है कि शहर में बड़े पैमाने पर एमसीएक्स सट्टे का कारोबार चल रहा है, जिसमें युवा पीढी के लोग लिप्त है। पिछले महीने गल्लामंडी में भी कोतवाली पुलिस ने छापामार कार्यवाही कर सट्टा पकड़ा था। इस संबंध में जब ओरछा रोड़ थाने के सब इस्पेंक्टर दीपक यादव से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। लैपटॉप की स्क्रीन पर एमसीएक्स की साईड खुली पाई गई है। इस पूरे मामले की जांच की जा रही है पीएम रिपोर्ट से भी कारण स्पष्ट होगा वहीं यह भी पता चला है कि पुलिस मृतक के मोबाईल से डिटेल खगांल रही है। कब किससे बात होती रही और अंतिम कॉल किसकी थी। हालांकि इस मामले की पूरी तरह से जांच की गई तो कई बड़े चेहरे एमसीएक्स के मामले में बेनकाब होगें। क्योंकि कई सफेदपोस लोग एमसीएक्स के धंधे में लिप्त है पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग उठाई

**अजयगढ़। बकरीद पर्व के अवसर पर तहसील अजयगढ़ जिला पन्ना की मुस्लिम समिति द्वारा सामाजिक सौहार्द और भाईचारे का संदेश देते हुए देश में गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित किए जाने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री के नाम तहसीलदार अजयगढ़ के माध्यम से आवेदन सौंपा गया।**

समिति के सदस्यों ने आवेदन में कहा कि गाय भारतीय संस्कृति, कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार रही है। प्राचीन काल से ही गाय को पूजनीय माना जाता है तथा दूध, गोबर एवं गोमूत्र का उपयोग कृषि, स्वास्थ्य सहित विभिन्न कार्यों में किया जाता है। देश के अनेक नागरिकों की धार्मिक एवं सांस्कृतिक भावनाएं भी गाय से जुड़ी हुई हैं। मुस्लिम समिति ने कहा कि बकरीद पर्व त्याग, बलिदान और इंसानियत का संदेश देता है। इसी भावना के तहत समाज में प्रेम, सद्भाव और आपसी भाईचारा बनाए रखने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। समिति का कहना है कि वर्तमान समय में गायों के संरक्षण एवं सुरक्षा की आवश्यकता महसूस की जा रही है।



## भारत भाग्य विधाता में दिखेगी बलिदान और एकता की कहानी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत की आगामी फिल्म 'भारत भाग्य विधाता' का दमदार मोशल पोस्टर गुरुवार को निर्माताओं ने रिलीज कर दिया है। यह फिल्म 12 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। पोस्टर में कंगना खून में सनी हुई जख्मी हालत में दिख रही हैं। उनके आस पास आग की लपते दिखाई दे रही हैं। इस फिल्म में साहस, मानवता, बलिदान और एकता की एक कहानी को दिखाया जाएगा। कंगना ने 'भारत भाग्य विधाता' का मोशन पोस्टर इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। इसके साथ कैप्शन में लिखा, 'कुछ खास करके, आम ही कहते हैं। वो दिखते तो हैं, पर नजर नहीं आते।' यह फिल्म 12 जून, को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

लाइफ Style



# राधिका

## सपनों के लिए कुछ भी करने को तैयार हूं

राधिका मदान इन दिनों अपनी हालिया रिलीज 'सूबेदार' में शानदार परफॉर्मेंस के लिए खूब तारीफें बटोर रही हैं। अब वह शकुन बत्रा की 'लस्ट स्टोरीज 3' के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जिसमें वह अली फजल के साथ नजर आएंगी।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक बातचीत में राधिका ने कहा, 'मैं शकुन बत्रा के काम की बहुत बड़ी फैन रही हूं। जब मुझे इस फिल्म के बारे में पता चला, तो मैंने 'लस्ट स्टोरीज 3' के लिए ऑडिशन देने की रिक्वेस्ट की। भगवान की कृपा से मुझे यह मौका मिल गया।' उन्होंने आगे कहा, 'मैं एक औसत परफॉर्मेंस देने का रिस्क नहीं ले सकती। हर रोल के लिए बहुत लोग लाइन में खड़े होते हैं। अगर मैं अच्छा नहीं करूंगी, तो कोई मुझे दूसरा मौका नहीं देगा। मेरे लिए हर काम 'करो या मरो' जैसा होता है। अगर मुझे इस इंडस्ट्री में टिकना है, तो मुझे हर बार बेस्ट देना होगा।उन्होंने कहा, 'मैं लाइन में खड़ी रही हूं, बहुत मेहनत की है। आज भी अगर कोई ऐसा प्रोजेक्ट होता है जहां लोग मुझे कास्ट करने के बारे में नहीं सोचते, तो मैं खुद ऑडिशन मांगती हूं और मुझे इसमें कोई झिझक नहीं होती। मेरे अंदर कोई ईगो नहीं है। उन्होंने आगे कहा, 'मुझे सबसे ज्यादा दिक्कत तब होती है जब मुझे ऑडिशन का मौका ही नहीं मिलता और सिर्फ मेरे सरनेम की वजह से मुझे रिजेक्ट कर दिया जाता है। अगर मैं ऑडिशन देकर रिजेक्ट होती हूं, तो मुझे सुकून मिलता है, क्योंकि मुझे पता होता है कि मैंने अपना 100% दिया। अगर मुझे फिर से लाइन में लगना पड़े, तो भी मुझे कोई शर्म नहीं है। मैं एक एक्टर हूं और अपने सपनों के लिए कुछ भी करने को तैयार हूं।'

हॉलीवुड मसाला



## ही-मैन बनने धांसू ट्रांसफॉर्मेशन

**नई दिल्ली।** जैसे-जैसे ही-मैन पर बनी फिल्म 'मास्टर्स ऑफ द यूनिवर्स की रिलीज डेट नजदीक आ रही है, इसे लेकर सोशल मीडिया पर फैन्स के बीच चर्चाएं बढ़ती जा रही है। फिल्म 5 जून 2026 को सिनेमाघर में आएगी। इसी बीच मेकर्स ने फिल्म के दो बीटीएस वीडियो जारी किए हैं, जिनमें निकोलस गैलित्जिन को खूब मेहनत करते देखा जा सकता है। बीटीएस वीडियो में फिल्म के हीरो निकोलस गैलित्जिन के शानदार फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन की पूरी कहानी दिखाई गई है।




## मैथ्यू डेथ केस में निजी सहायक केनेथ को 41 महीने की सजा

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर अभिनेता मैथ्यू पेरी ड्रग ओवरडोज की वजह से जिंदगी से हार गए थे। इस मामले के आरोपी केनेथ इवामासा ने अपना गुनाह को कुबूल कर लिया है। उन्होंने अदालत के सामने मैथ्यू को केटामाइन देने की बात स्वीकार की, जिसमें वो डोज भी शामिल हैं जो पेरी की मौत का कारण बनी। न्यायाधीश शेरिलिन गार्नेट ने आरोपी केनेथ इवामासा को 41 महीनों की सजा सुनाई। इससे पहले जसवीन संघा ने भी अपना गुनाह कुबूल कर लिया था। उन्होंने अदालत से कहा था, 'इस दुखद घटना की वजह बने हालात में मैंने जो भूमिका निभाई और जो काम किए मैं उनकी पूरी जिम्मेदारी लेती हूं। मैं समझती हूं कि मेरा बर्ताव यानी ड्रग्स का धंधा चलाना और उसी रास्ते पर चलते रहना लापरवाही भरा, खतरनाक और गलत था'। अदालत ने जसवीन को 15 साल की सजा सुनाई थी।



## प्यार था... पर राहें अलग हो गईं...

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर बॉबी देओल और तान्या देओल की शादी 30 मई 1996 को हुई थी। फिलहाल दोनों खुशहाल जीवन बिता रहे हैं। लेकिन एक वक्त था, जब बॉबी देओल और पूजा भट्ट के रिलेशनशिप की चर्चा काफी होती थीं। अब हाल ही में पूजा भट्ट ने इस मामले पर चुप्पी तोड़कर बड़ा बयान दिया है। एक बातचीत में पूजा ने कई खुलासे किए। जब उनसे पूछा गया कि क्या वे और बॉबी प्यार में थे, तो उन्होंने कहा- 'बिल्कुल। ऐसा क्या है जिससे प्यार न हो?' अपने रिश्ते के बारे में बात करते हुए पूजा ने कहा, 'वो मेरी जिंदगी का एक बहुत ही खास और खूबसूरत समय था, और वो एक बहुत ही अच्छे इंसान थे, जिनके साथ रहना अच्छा लगता था।'पूजा ने बताया कि समय के साथ वह और बॉबी अलग-अलग दिशाओं में आगे बढ़ गए।



## मातृभूमि का नया गाना मैं हूं रिलीज...

**मुंबई।** इन दिनों सलमान खान अपनी आने वाली फिल्म मातृभूमि के प्रमोशन में लगे हैं। यह फिल्म जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ईद पर भी फैंस को भाईजान ने खुश कर दिया, उन्होंने अपनी इस फिल्म एक गाना 'मैं हूं...' का वीडियो इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया है। इस गाने पर फैंस ने जमकर रिएक्शन दिए हैं। साथ ही बॉलीवुड सेलेब्स ने भी गाने को खूब पसंद किया और भाईजान को ईद की बधाई भी दी है। फिल्म मातृभूमि के गाने 'मैं हूं...' में सलमान खान एक्ट्रेस चित्रांगदा के साथ रोमांस कर रहे हैं। इस गाने में भाईजान का अंदाज फैंस को पसंद आया है। गाने को श्रेया घोषाल ने गाया है। 'मैं हूं'गाने में चित्रांगदा का किरदार अपने पति यानी सलमान खान के किरदार को याद करती है, जो बॉर्डर पर देश की रक्षा कर रहा है।

टीवी मसाला




## ऑफिस-ऑफिस की वापसी, अब मुसद्दीलाल की बेटी बाजी पलटेगी

**नई दिल्ली।** टीवी की दुनिया में बहुत कम सीरियल ऐसे हैं, जिनके किरदार लोगों की जिंदगी का हिस्सा बन गए। 'ऑफिस ऑफिस' सीरियल उन्हीं में से एक था। इस सीरियल में पंकज कपूर, मनोज पाहवा, हेमंत पांडे, संजय मिश्रा और बाकी किरदार सिर्फ कॉमेडी नहीं करते थे बल्कि सरकारी सिस्टम की सच्चाई दिखाते थे। करीब दो दशक बाद अब यह कल्ट सीरियल नए अंदाज में लौट रहा है। डायरेक्टर उमेश अपने नए सीरियल 'ऑफिस ऑफिस चली मुसद्दी की बेटी' के बारे में कहते हैं, 'करीब ढाई साल पहले हमें दूरदर्शन से बुलावा आया था। उन्होंने कहा कि आप हमारे लिए क्या कर सकते हैं? हम लोग कई आइडिया लेकर गए थे। बात करते-करते उन्होंने पूछा कि क्या आप सीरियल 'ऑफिस ऑफिस'कर सकते हैं? मैंने कहा कि पुराना सीरियल बनाना अब मुश्किल है। आज सारे कलाकार सुपरस्टार बन चुके हैं, कोई टीवी चैनल उन्हें उस तरह अफॉर्ड नहीं कर सकता। सिर्फ कलाकार ही नहीं, दौर भी अब बदल चुका है। उस वक्त कॉमनमैन सिस्टम में पिसता था और हार जाता था। आज की जनरेशन वैसी नहीं है।' निर्देशक उमेश आगे कहते हैं, 'अचानक मेरे दिमाग में आया कि 'ऑफिस ऑफिस चली मुसद्दी की बेटी'बनाया जा सकता है। वो बेचारा कॉमन मैन था, जो सिस्टम में पिस जाता था। लेकिन आज की लड़की अलग है। यहां वो पहले हारेगी जरूर, लेकिन फिर बाजी पलटेगी। आज की जनरेशन सवाल पूछती है, लड़ती है, वीडियो बनाती है। आज अगर किसी का काम नहीं होता तो वो पहले रील बनाता है, सोशल मीडिया पर वीडियो डालता है। सोशल मीडिया पर डालते ही सिस्टम हरकत में आ जाता है।

### वसुधा ने मारी बाजी, तुलसी व अनुपमा का सिंहासन डोला

**नई दिल्ली।** टीआरपी लिस्ट में पिछले कुछ हफ्तों से बड़ा उल्टफेर हो रहा है। क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 और अनुपमा जैसे सीरियल्स को नए शोज टक्कर दे रहे हैं। 20वें हफ्ते में वसुधा सीरियल को 1.9 टीआरपी मिली है। जबकि इस सीरियल ने 19वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में 1.8 टीआरपी हासिल की थी। पिछले हफ्ते और इस हफ्ते यह सीरियल टॉप पर जगह बनाने में कामयाब रहा है। दूसरे नंबर पर गंगा माई की बेटियां है। इसे 1.7 की टीआरपी मिली है। 19वें हफ्ते में भी इसको इतनी ही टीआरपी मिली थी। जबकि स्मृति ईरानी के सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' को 20वें हफ्ते में 1.7 की टीआरपी मिली है। यह सीरियल इस बार तीसरे नंबर है। इस सीरियल को 19वें हफ्ते में 1.6 की रेटिंग मिली थी। शरद केलकर का सीरियल 'तुम से तुम तक'दर्शकों को पसंद आ रहा है।



## 42 साल पुराने गाने में लहूलुहान हुए थे अमिताभ, आशा और किशोर ने दी थी आवाज

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा में अच्छे गानों की फेहरिस्त में ऐसे कई गाने हैं जिनको दो सबसे दिग्गज गायकों ने आवाज दी। इन गायकों की जोड़ी ने ऐसे कल्ट गाने दिए जो आज भी खूब सुने जाते हैं। आज हम उस गायक जोड़ी का एक ऐसा गाना सुनाने जा रहे हैं, जिस पर आज भी लोग जमकर थिरकते हैं। दरअसल जिस गाने की हम बात कर रहे हैं वो गाना है 1984 में आई फिल्म 'शराबी' का और वो गाना है 'मुझे नौलखा मंगा दे रे ओ सैयां दीवाने' । इस गाने को सुनने वाले आज भी उतने ही चाव से सुनते हैं। गाना जब भी बजता है, लोगों के पैर अपने ही थिरकने लगते हैं। इस गाने में अमिताभ बच्चन और जया प्रदा ने खूब ठुमके लगाए थे। ये गाना आज भी सुपरिट है। यूं तो फिल्म शराबी के सभी गाने हिट हुए थे, लेकिन इस गाने ने अलग ही तहलका मचाया था। कहा जाता है कि महिलाएं अपने पति से इस गाने के बाद खूब हार मांगा करती थीं।



### बप्पी लहिरी ने तैयार किया था संगीत


इस गाने को आशा भोसले ने अपनी आवाज दी थी तो वहीं किशोर कुमार ने भी गाने को गाया था। गाने में किशोर दा और आशा ताई की आवाज ऐसी बैठी कि ये गाना भी ब्लॉकबस्टर हो गया। आशा ताई और किशोर दा पहले ही कई हिट गाने दे चुके थे, ऐसे में ये गाना भी उनकी झोली में ही आया। इस गाने का संगीत बप्पी लहिरी ने तैयार किया था। वहीं गाने को अनजान ने लिखा था। हालांकि इस गाने की शूटिंग भी बेहद दिलचस्प रही थी।

### चोट के बावजूद बिग बी ने की थी शूटिंग

इस गाने के दौरान दिलचस्प किस्सा यह है कि इसकी शूटिंग अमिताभ बच्चन ने चोटिल हाथ के साथ की थी। खुद इस बात का खुलासा एक बार जया प्रदा ने किया था। दरअसल रियलिटी शो 'सारेगामापा लिटिल चैम्प्स' में जब जया प्रदा आईं थी तो यहीं उन्होंने बताया था कि, 'आज भी मुझे अच्छे से याद है कि, जब हम नौलखा मंगा दे रे गाने की शूटिंग कर रहे थे तो अमित जी को दिवाली के दौरान हाथ में चोट लग गई थी। गाने के एक हिस्से में वह घुंघरू से खेल रहे हैं लेकिन क्योंकि वह दर्द में थे और पहले से ही चोटिल थे इसलिए हर बार जब वह सीन के लिए शूटिंग करते थे तो खून बहता था। इस सबके बाद भी वो आइस बॉक्स की मदद से हाथ आगे-पीछे करके शूटिंग करते रहे और फिर जाकर शूटिंग पूरी हुई। इस दौरान उनकी मेहनत और डेडिकेशन वाकई में कमाल था और मैंने भी उनसे बहुत कुछ सीखा था।फिल्म शराबी उन कल्ट फिल्मों में गिनी जाती है जो बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही थीं।

## जैकी ने बीवी नंबर 1 के 27 साल पूरे होने का मनाया जश्न

**मुंबई।** बॉलीवुड की मशहूर कॉमेडी फिल्म 'बीवी नंबर 1' को रिलीज हुए 27 साल पूरे हो चुके हैं। इस मौके पर फिल्ममेकर जैकी भगनानी ने फिल्म की यादें ताजा करते हुए सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने सलमान खान, करिश्मा कपूर, सुष्मिता सेन, अनिल कपूर और तब्बू जैसे कलाकारों की तारीफ की। साथ ही अपने पिता वाशु भगनानी और डायरेक्टर डेविड धवन के साथ बिताए पुराने दिनों को याद किया। जैकी ने अपने बचपन के दिनों को याद करते हुए बताया कि कैसे वे फिल्म के सेट पर घूमा करते थे। उन्होंने देखा कि उनके पिता वाशु भगनानी और निर्देशक डेविड धवन मिलकर रूमी जाफरी की लिखी कहानी पर कितना शानदार काम करते थे और सेट पर एक अलग ही जादू बिखेर देते थे। जैकी ने लिखा सलमान खान की एनर्जी कमाल की थी। करिश्मा कपूर ने बहुत ही बेहतरीन एक्टिंग की थी। सुष्मिता सेन का अंदाज बेहद शालीन था। अनिल कपूर की कॉमेडी टाइमिंग लाजवाब थी। तब्बू का काम भी बहुत ग्रेसफुल था। उन्होंने आगे लिखा कि यह फिल्म किसी खजाने से कम नहीं है। जैकी ने सभी फैंस को धन्यवाद देते हुए कहा कि इतने साल से



इस फिल्म को लगातार प्यार देने के लिए आपका शुक्रिया। इसके साथ ही उन्होंने फिल्म 'बीवी नंबर 1' के 27 साल पूरे होने का जश्न मनाया। 'बीवी नंबर 1' पूजा नाम की एक साधारण घरेलू महिला की कहानी है। वह अपने पति प्रेम और दो बच्चों के साथ खुशी-खुशी रहती है। लेकिन ट्विस्ट तब आता है जब उसका पति उसे छोड़कर रूपाली नाम की एक खूबसूरत मॉडल के पास चला जाता है। इसके बाद, अपने पति को वापस पाने और उसका ध्यान खींचने के लिए पूजा अपना पूरा लुक बदल लेती है।

## रेलवे प्लेटफॉर्म से ऑस्कर तक, एक्टर बनकर निर्माता-निर्देशक बने

# घर से भाग मुंबई आया 16 साल का लड़का, जिसने भारतीय सिनेमा को दी अमर पहचान

***नई दिल्ली।** एक 16 साल का लड़का आंखों में फिल्मों का सपना, जेब में ज्यादा पैसे नहीं और दिल में बस मुंबई पहुंचने की जिद। परिवार चाहता था कि वह जिम्मेदारियां समझे, लेकिन उसे तो पर्दे की चमक अपनी ओर खींच रही थी। फिल्मों का ऐसा जुनून कि चोरी-छिपे ट्रेन पकड़कर शहर-शहर सिनेमा देखने निकल पड़ता था। जब घरवालों को पता चला तो डांट भी पड़ी, पिटाई भी हुई और वापस गांव ले जाया गया, लेकिन सपने कहां रुकने वाले थे। मुंबई पहुंचने के बाद उसने रेलवे प्लेटफॉर्म पर रातें बिताईं, स्टूडियो के बाहर घंटों खड़ा रहा और छोटे-छोटे रोल करते हुए संघर्ष जारी रखा. धीरे-धीरे यही लड़का कैमरे के पीछे ऐसा जादू रचेगा, जो भारतीय सिनेमा को दुनिया भर में नई पहचान दिलाएगा। उसकी बनाई एक फिल्म ऑस्कर तक पहुंची और आज भी भारतीय सिनेमा की सबसे महान फिल्मों में गिनी जाती है। भारतीय सिनेमा जगत को यादगार और कभी पुरानी न होने वाली मदर इंडिया जैसी फिल्में देने वाले निर्माता-निर्देशक महबूब खान की जिंदगी किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं थी। बचपन में फिल्मों का ऐसा जुनून था कि वह रोज ट्रेन पकड़कर आसपास के शहरों के साथ ही मुंबई तक फिल्में देखने चले जाते थे। एक दिन जब परिवार को उनके मुंबई भागने की भनक लगी, तो पिता ने उन्हें पकड़कर डांटा, पिटाई की और वापस गांव ले आए।*



### जब मजबूत होता गया अभिनेता बनने का सपना

हालांकि, फिल्मों के प्रति उनका प्यार कभी कम नहीं हु। यही लड़का आगे चलकर 'मदर इंडिया'जैसी ऐतिहासिक फिल्म बनाने वाला दिग्गज निर्देशक बना. महबूब खान का जन्म 9 सितंबर 1907 को गुजरात के बड़ौदा के पास स्थित सरार गांव में हुआ था। उनका परिवार बेहद साधारण था और आर्थिक स्थिति भी मजबूत नहीं थी। बचपन से ही उन्हें फिल्मों और अभिनय का शौक था। वह चोरी-छिपे ट्रेन में बैठकर आसपास के कस्बों और शहरों में फिल्में देखने चले जाते थे और फिर घर लौट आते थे। धीरे-धीरे उनके मन में अभिनेता बनने का सपना मजबूत होता गया।

### जब समझ आया अभिनय नहीं निर्देशन और कहानी में है रुचि

शुरुआत में महबूब खान ने बतौर जूनियर आर्टिस्ट और सपोर्टिंग एक्टर काम किया, लेकिन जल्द ही उन्हें समझ आ गया कि अभिनय से ज्यादा उनकी रुचि निर्देशन और कहानी लिखने में है। उन्होंने अपनी कहानी लिखनी शुरू की और कई प्रोड्यूसर्स के पास गए। शुरुआत में उन्हें निराशा हाथ लगी, लेकिन साल 1935 में उनकी पहली निर्देशित फिल्म अल हिलाल रिलीज हुई, जिसने उन्हें पहचान दिलाई।

### महिला किरदारों को मिलती थी खास जगह

इसके बाद उन्होंने डेक्कन क्वीन, औरत, रोटी, अनमोल घड़ी, अंदाज, आन और अमर जैसी कई सफल फिल्मों का निर्देशन किया। उनकी फिल्मों में मजबूत महिला किरदारों को खास जगह मिलती थी। यही वजह है कि उन्हें अपने समय का प्रगतिशील और संवेदनशील फिल्मकार माना जाता है। साल 1952 में उन्होंने मुंबई के बांद्रा इलाके में महबूब स्टूडियो की स्थापना की, जो उस दौर का आधुनिक फिल्म स्टूडियो माना जाता था।

### रेलवे गार्ड से दोस्ती कर जब पहुंचे मुंबई

कहा जाता है कि उनकी दोस्ती एक रेलवे गार्ड से हो गई थी। उस गार्ड ने उन्हें मुंबई जाकर फिल्मों में किस्मत आजमाने की सलाह दी. महज 16 साल की उम्र में महबूब खान घर छोड़कर मुंबई पहुंच गए। हालांकि, उनके पिता को इसकी जानकारी मिल गई। वह मुंबई पहुंचे, बेटे को ढूंढा और वापस गांव ले आए। परिवार ने उनकी शादी भी कर दी ताकि उनका ध्यान फिल्मों से हट जाए, लेकिन महबूब खान के भीतर का सपना खत्म नहीं हुआ। कुछ समय बाद वह फिर मुंबई पहुंचे। शुरुआती दिनों में उन्होंने काफी संघर्ष किया।वह मुंबई के वीटी स्टेशन के पास स्थित ज्योति स्टूडियो के बाहर घंटों खड़े रहते थे, ताकि किसी तरह फिल्मों में काम मिल सके। कई रातें उन्होंने रेलवे प्लेटफॉर्म पर बिताईं। आखिरकार उनकी मुलाकात फिल्मकार अर्देशिर ईरानी से हुई, जिन्होंने उन्हें फिल्मों में छोटे-छोटे रोल दिए। यहीं से उनकी फिल्मी यात्रा शुरू हुई।

### ऑस्कर में गई थी महबूब खान की ये फिल्म

महबूब खान के कॅरियर की सबसे बड़ी उपलब्धि 1957 में आई फिल्म मदर इंडिया मानी जाती है। नरगिस, सुनील दत्त और राजेंद्र कुमार अभिनीत इस फिल्म ने भारतीय सिनेमा को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई। यह फिल्म ऑस्कर अवॉर्ड्स के लिए भी नामांकित हुई थी। मदर इंडिया को आज भी भारतीय सिनेमा की सबसे महान फिल्मों में गिना जाता है। 28 मई 1964 को महज 56 साल की उम्र में महबूब खान का निधन हो गया।

## खबर संक्षेप

### होंडा ने 10 मिलियन बिक्री का आंकड़ा पार किया

**गुरुग्राम।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने घोषणा की कि उसने उत्तर भारत में कुल 10 मिलियन टू-व्हीलर की बिक्री का आंकड़ा पार कर लिया है, जिससे देश के सबसे बड़े और सबसे अलग-अलग तरह के मोबिलिटी मार्केट में से एक में उसकी मज़बूत मौजूदगी और मज़बूत हुई है। वित्त वर्ष 2026 में एचएमएसआई की कुल बिक्री में उत्तर भारत का हिस्सा लगभग 15 फीसदी है, जो कंपनी के लिए एक अहम मार्केट के तौर पर इसकी अहमियत को दिखाता है।

### अमेजन ने दो स्मार्ट स्पीकर लांच किए

**बेंगलुरु।** भारत में अमेजन ने अपने इको डॉट मैक्स और इको स्टूडियो स्मार्ट स्पीकर लांच करने की घोषणा की, जिनमें एलेक्सा की सुविधा है और जो प्रीमियम ऑडियो अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। इको डॉट मैक्स , इको डॉट (5वीं पीढ़ी) की तुलना में लगभग तीन गुना अधिक बास प्रदान करता है, और इको स्टूडियो डॉल्बी एटमॉस के साथ स्थानिक ऑडियो प्रदान करता है। दोनों डिवाइस अमेज़न के एजेड3 कस्टम सिलिकॉन चिप्स द्वारा संचालित हैं, जो तेज प्रदर्शन सुनिश्चित करते हैं, और इनमें ओमनीसेंस तकनीक है ।

### सुप्रिया के राजस्व में 50 फीसदी की बढ़ोतरी

**मुंबई।** सुप्रिया लाइफसाइंस लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही के अनऑडिटेड वित्तीय नतीजे जारी किए हैं। कंपनी ने शानदार वित्तीय प्रदर्शन करते हुए राजस्व और मुनाफे में मजबूत बढ़ोतरी दर्ज की है। कंपनी का कारोबार दुनिया के 120 से अधिक देशों में फैला हुआ है। चौथी तिमाही में कंपनी का राजस्व सालाना आधार पर 50.2 फीसदी बढ़कर 276.53 करोड़ रुपए पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की समान तिमाही में 184.11 करोड़ रुपए था।

### हिमालया ने लांच किया 'गोल्डन बेबी गिफ्ट पैक'

**इंदौर।** हिमालया बेबीकेयर ने नवजात शिशुओं के स्वागत को और खास बनाने के उद्देश्य से 'हिमालया बेबी गोल्डन बेबी गिफ्ट पैक' लांच किया है। यह विशेष रूप से तैयार किया गया एसेंशियल्स पैक बेबी केयर गिफ्टिंग को अधिक सार्थक, सुलभ और आकर्षक बनाने के लिए पेश किया गया है। 501 रुपए की कीमत वाला यह गिफ्ट पैक एक प्रीमियम लेकिन किफायती रूप में तैयार किया गया है।

## दो वर्षों से कोई विभागीय कार्य नहीं, फिर भी ले रहे नियमित वेतन

# खाद्य एवं औषधि सुरक्षा विभाग के दो अधिकारियों पर लगे आरोप, कार्रवाई करने विभाग के वरिष्ठों से की गई शिकायत

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

खाद्य सुरक्षा विभाग और खाद्य एवं औषधि विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को भेजे गए एक शिकायत पत्र में सागर जिले में पदस्थ दो अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। शिकायत में कहा गया है कि संबंधित अधिकारी पिछले दो वर्षों से विभागीय कार्य नहीं कर रहे हैं, इसके बावजूद शासन से नियमित वेतन ले रहे हैं।

शिकायत के अनुसार अरविंद पथरोल और सुषमा पथरोल पर आरोप है कि उन्होंने लंबे समय से कोई सक्रिय विभागीय जिम्मेदारी नहीं निभाई, फिर भी उन्हें लगातार वेतन का भुगतान किया जा रहा है। मामले को लेकर विभागीय कार्यप्रणाली और निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल खड़े किए गए हैं। शिकायतकर्ताओं अनिल कुमार शर्मा ने विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही यह भी कहा गया है कि यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो शासन को हुए आर्थिक नुकसान की जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए।


विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को भेजे गए पत्र

### शिकायतें पर कोई ठोस कार्रवाई नही

पत्र में दावा किया गया है कि इस संबंध में पूर्व में भी शिकायतें की गईं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। शिकायतकर्ता के अनुसार दोनों अधिकारियों पर फर्जी जाति प्रमाण पत्र, फर्जी अवकाश वेतन, फर्जी सीआर और विभागीय जांच से जुड़े गंभीर आरोप हैं, जिनमें से कई बिंदु शिकायतों के आधार पर सिद्ध होने का दावा किया गया है। शिकायतकर्ता ने विभागीय अधिकारियों से 15 दिनों के भीतर मामले की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि निर्धारित समय में कार्रवाई नहीं हुई तो लोकायुक्त और उच्च न्यायालय की शरण ली जाएगी।

### इन वरिष्ठ अधिकारियों को कराया अवगत

शिकायतकर्ता ने खाद्य सुरक्षा विभाग के आयुक्त अशोक वर्णवाल, खाद्य एवं औषधि विभाग के नियंत्रक दिनेश श्रीवास्तव, संयुक्त नियंत्रक टीना यादव तथा लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के राज्यमंत्री के विशेष सहायक अमित मालाकार को सागर में पदस्थ दोनों अधिकारियों के अनियमितताओं और कारनामों से पत्र भेजकर अवगत कराया और सख्त कार्रवाई की मांग की ।

### पदस्थ सागर में और रह रहे भोपाल में

शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि दोनों अधिकारी सागर जिले में पदस्थ होने के बावजूद भोपाल में रह रहे हैं और पिछले दो वर्षों में सागर जिले में किसी प्रकार का प्रशासनिक निरीक्षण, नमूना कार्य या विभागीय कार्रवाई नहीं की गई। शिकायत में यह भी कहा गया है कि अगस्त 2022 से फरवरी 2023 तक बिना विभागाध्यक्ष और सामान्य प्रशासन विभाग की अनुमति के सात माह का वेतन आहरित किया गया।

### इन दोनों अधिकारियों पर यह है आरोप

अरविंद पथरोल और सुषमा पथरोल दोनों पिछले दो वर्षों से सागर जिले में पदस्थ , लेकिन भोपाल में रह रहे हैं। पिछले 2 वर्षों में कोई विभागीय कार्य नही किया और हर माह 3 लाख रुपए तक की सैलरी ले रहे है। सागर कलेक्टर ने इनके विरुद्ध कार्यवाही के लिए लिखा चुके हैं। ट्रांसफर के बाद भी बिना और विभागध्यक्ष तथा जीएडी की अनुमति के बैगर अगस्त 2022 से फरवरी 2023 तक का कुल 7 माह का वेतन भी आहरित किया। जिसकी शिकायत भी हुई, परंतु कोई कार्यवाही नही की गई। विगत 2 वर्ष में सागर जिले का कोई प्रशासनिक और विभागीय निरिक्षण, नमूना कार्य नही किया गया है,जिसकी जानकारी विभाग को है।

### वरिष्ठों से 16 बिंदुओं पर जांच की मांग

शिकायतकर्ता ने कहा कि वरिष्ठों को पत्र के मार्फत बताया कि विभाग के ही अधिकारियों द्वारा इनको संरक्षण देकर बचाया जा रहा है, कई शिकायती आवेदन विगत 2 वर्ष से दिए गए, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। शिकायतकर्ता ने इन दोनों पर फर्जी जाति प्रमाण पत्र लगाकर नौकरी करने का आरोप लगाते हुए मांग की है कि फर्जी अवकाश वेतन, फर्जी एवं घ श्रेणी की सीआर सहित 16 गंभीर बिंदुओं पर विभागीय जांच की जाए।

### जिनके अंडर में उनकी कार्रवाई की जानकारी मांगी है

जिसके अंडर में वे कार्यरत हैं उनसे जानकारी मांगी है कि शिकायत के बाद इन दोनों के खिलाफ क्या कार्रवाई हुई है, साथ ही निर्देशित किया गया कि अगर काम नहीं कर रहे हैं तो इन दोनों के खिलाफ कार्रवाई करें।

**टीना यादव** ,ज्वॉइंट कंट्रोलर, खाद्य एवं औषधि सुरक्षा प्रशासन

## ट्रांसपोर्टरो की घोषणाः एक जून से पार्सल भाड़े में 20 फीसदी की वृद्धि

# महंगाई की पड़ेगी मारः पार्सल भाड़े में 20 फीसदी की वृद्धि ,दवाई, किराना और कृषि सामग्री होगी महंगी

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

बढ़ती परिचालन लागत, डीजल कीमतों और अन्य खर्चों का हवाला देते हुए ट्रांसपोर्टर्स ने 1 जून से पार्सल भाड़े में 20 फीसदी तक वृद्धि करने की घोषणा की है। इस फैसले का असर व्यापारियों, छोटे उद्योगों और रोजाना पार्सल सेवा का उपयोग करने वाले कारोबारियों पर पड़ेगा। ट्रांसपोर्ट संगठनों के प्रतिनिधियों का कहना है कि पिछले लंबे समय से भाड़ा दरों में कोई बड़ी बढ़ोतरी नहीं की गई थी, जबकि डीजल, टोल टैक्स, वाहन रखरखाव, कर्मचारियों के वेतन और अन्य संचालन खर्च लगातार बढ़ते जा रहे हैं। ऐसे में मौजूदा दरों पर काम करना मुश्किल हो गया था। ट्रांसपोर्टर्स के अनुसार नई दरें एक जून 2026 से लागू होंगी और पार्सल सेवाओं के लगभग सभी वर्गों में 20 प्रतिशत तक बढ़ोतरी की जाएगी। इससे विभिन्न राज्यों में माल भेजने वाले व्यापारियों की लागत बढ़ सकती है, जिसका असर बाजार कीमतों पर भी देखने को मिल सकता है। व्यापारिक संगठनों ने इस निर्णय पर चिंता जताई है। उनका कहना है कि पहले से ही बढ़ती महंगाई और जीएसटी अनुपालन के दबाव के बीच भाड़ा बढ़ने से व्यापारिक गतिविधियों पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा।

### माल भेजने वाले व्यापारियों की लागत पर बढ़ेगा बोझ


फाइल फोटो

### खर्च में वृद्धि के कारण परिवहन पर दबाव बढ़ा

खासकर छोटे और मध्यम कारोबारियों के लिए यह वृद्धि परेशानी बढ़ा सकती है। ट्रांसपोर्टर उमेश तिवारी का कहना है कि डीजल कीमतों के अलावा लेबर लागत, टायर-स्पेयर पार्ट्स, टोल टैक्स, बीमा और वाहन रखरखाव खर्च में वृद्धि के कारण परिवहन पर दबाव बढ़ा है। ऐसे में पुरानी दरों पर सेवाएं जारी रखना व्यवहारिक नहीं रह गया था। नई दरें सभी कंपनियों, डिपो, सीएंड एफ एजेंट, डिस्ट्रीब्यूटर और व्यापारिक संस्थानों पर लागू होंगी।

### फ्लिपकार्ट मिनट्स ने लांच किए माइक्रो फुलफिलमेंट सेंटर

**भोपाल।** फ्लिपकार्ट ने भोपाल में अपनी क्विक कॉमर्स सर्विस फ्लिपकार्ट मिनट्स के विस्तार की घोषणा की है। इस कदम के साथ फ्लिपकार्ट ने कुछ ही मिनट में रोजाना की जरूरत वाली वस्तुओं की डिलीवरी करते हुए उपभोक्ताओं को सहूलियत की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत किया है। माइक्रो फुलफिलमेंट सेंटर अभी अवधपुरी, जेके रोड, रघुनाथ नगर और रामेश्वरम में संचालित हो रहे हैं। इनके माध्यम से ग्रॉसरी, फल एवं सब्जी, इलेक्ट्रॉनिक्स, घरेलू जरूरत के उत्पाद और कई अन्य फ्रिक्वेंटली ऑर्डर्ड कैटेगरी के उत्पादों की आपूर्ति हो सकेगी। सीनियर वाइस प्रेसिडेंट कुणाल गुप्ता ने कहा कि उत्पादों की तेज डिलीवरी की बढ़ती मांग के कारण भोपाल में तेजी से डिजिटल-फर्स्ट कंजम्प्शन बढ़ रहा है।

### उत्पादकता बढ़ाए बिना नहीं पूरी होगी भारत की डेयरी मांग

**नई दिल्ली।** भारत आज दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक और उपभोक्ता देश बन चुका है। कभी दूध की कमी से जूझने वाला देश अब हर साल 20 करोड़ टन से अधिक दूध उत्पादन कर रहा है। लेकिन तेजी से बढ़ती खपत और बदलती उपभोक्ता आदतों के बीच डेयरी सेक्टर के सामने अब नई चुनौती खड़ी हो गई है आने वाले वर्षों में बढ़ती मांग को कैसे पूरा किया जाए। विश्व दुग्ध दिवस के अवसर पर कैप्टन (डॉ.) एवाई राजेंद्र ने कहा कि भारत को डेयरी क्षेत्र की अगली विकास लहर के लिए पशुओं की संख्या नहीं, बल्कि उनकी उत्पादकता बढ़ाने पर ध्यान देना होगा।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद सरायपाली, जिला- महासमुन्द (छ.ग.)**
Email ID- cmonppsaraipali@gmail.com

क्र./207/न.पा.प./लो.नि.वि./2026-27 // ई-निविदा संशोधन सूचना // सरायपाली, दिनांक 27.05.2026

नगर पालिका परिषद सरायपाली क्षेत्रांतर्गत जल प्रदाय योजना के तहत (अमृत 2.0) हेतु तृतीय ई-निविदा सूचना क्र. 174 दिनांक 20.05.2026 (सिस्टम टेंडर क्र. 191337) लागत राशि 10978.85 लाख रू. को जारी की गई थी। जिसका ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने के अंतिम तिथि 05.06.2026 समय 17:30 बजे तक निर्धारित गई थी चूंकि उक्त ई-निविदा प्रक्रिया में तकनीकी समस्या आने के कारण उक्त ई-निविदा क्र. 174 को संशोधन किया जाता है, संशोधन अनुसार टेंडर सिस्टम क्र. 191337 के स्थान पर टेंडर सिस्टम क्र 191806 तथा ऑनलाईन निविदा दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 08.06.2026 एवं भौतिक दस्तावेज प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 11.06.2026 एवं निविदा खोले जाने की अंतिम तिथि 12.06.2026 समझा जावे शेष नियम व शर्तें पूर्व की भांति यथावत रहेगी। विस्तृत जानकारी विभागीय पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in एवं https://uad.cg.gov.in/ में देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद सरायपाली

## 'वोकल फॉर लोकल और वोकल फॉर ग्लोबल ' की भावना

# चेंबर ऑफ कॉमर्स ने जीआईबीएफ के साथ की अंतरराष्ट्रीय व्यापार के अवसरों पर बैठक

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज और ग्लोबल इंडिया बिजनेस फोरम (जीआईबीएफ) के बीच अंतरराष्ट्रीय व्यापार के अवसरों पर एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में जीआईबीएफ के वैश्विक अध्यक्ष डॉ. जितेंद्र जोशी और महासिचव दीपाली गडकरी ने भोपाल प्रवास के दौरान भाग लिया। बैठक का संचालन भोपाल चेंबर के अध्यक्ष गोविंद गोयल ने किया। बैठक में 6 जून 2026 को इंदौर में आयोजित होने वाले भारत-लैटिन अमेरिका और कैरेबियन देशों का व्यापार सम्मेलन 2026 के कार्यक्रम पर विस्तृत चर्चा हुई। इस अंतरराष्ट्रीय कॉन्क्लेव में 20 से अधिक देशों के प्रतिनिधि, एम्बेसडर और 300 से अधिक उद्योगपति हिस्सा लेंगे। बैठक में वोकल फॉर लोकल और वोकल फॉर ग्लोबल की भावना के तहत भोपाल चेंबर और जीआईबीएफ ने देश-विदेश के ग्लोबली मान्यता प्राप्त इंडस्ट्रियलिस्ट और डेलिगेशन के साथ व्यापारिक संभावनाओं को बढ़ाने, नए अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क स्थापित करने और व्यापार विस्तार के अवसरों पर विशेष चर्चा की।अध्यक्ष गोविंद गोयल ने कहा कि भोपाल और मध्यप्रदेश के व्यापारियों को इस कॉन्क्लेव से अधिकतम व्यावसायिक लाभ और अंतरराष्ट्रीय एक्सपोजर मिलना चाहिए।


बैठक

**छोटा लिंग निराश क्यों?**
**जोश जगा दे धूम मचा दे।**



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**वनमंडल अधिकारी दक्षिण (सा.) वनमंडल बालाघाट**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है, कि श्री हरभजन सिंह गांधी संचालक गुरुनानक सॉ मिल सरेखा बालाघाट जिला बालाघाट के द्वारा अपने स्वामित्व की आरामशीन (गुरुनानक सॉं मिल) के संचालन हेतु संचालक का नाम विलोपित कर अपने पुत्र श्री हरमिन्दर सिंह गांधी पिता श्री हरभजन सिंह गांधी का नाम दर्ज किये जाने बाबत् आवेदन पत्र इस कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है।

कलेण्डर वर्ष 2021-2023 तक आरामशीन के संचालक का नाम हरभजन सिंह गांधी संचालक गुरुनानक सॉ मिल दर्ज है। अब आवेदन पत्र अनुसार श्री हरमिन्दर सिंह गांधी पिता श्री हरभजन सिंह गांधी प्रारूप ग ( 1 ) में किया जाना प्रस्तावित है। यदि किसी अन्य व्यक्ति को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो विज्ञापन प्रकाशित होने के दिनांक से 15 दिनों के भीतर आपत्ति मूल दस्तावेजों सहित अधोहस्ताक्षरकर्ता/अनुज्ञप्ति अधिकारी के कार्यालय में प्रस्तुत करें। इस अवधि के पश्चात किसी भी प्रकार के दावें को मान्य नही किया जावेगा।

वनमंडल अधिकारी / अनुज्ञप्ति अधिकारी,
दक्षिण (सा.) वनमंडल बालाघाट

G-13575/26

**न्यायालय श्री मानवेन्द्र सिंह राजपूत अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पाटन जिला जबलपुर (म.प्र.)**

**आम इश्तहार**

न्यायालय कलेक्टर रा.प्र. कं. - 0032 / अ 20 (3) / 2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम कैमोरी तहसील पाटन जिला जबलपुर (म.प्र.) को सूचित किया जाता है कि प्रकरण न्यायालय कलेक्टर महोदय जबलपुर के रा.प्र.क्र.0032/अ-20 (3)/2025-26 आवेदक कार्यपालन यंत्री, मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग सभांग क्रमांक-दो सिविल लाईन जबलपुर के द्वारा मौजा कैमोरी प. ह.नं. 19 रा.नि.मं.कटगी-1 तहसील पाटन जिला जबलपुर में स्थित भूमि खसरा नं.425 रकवा 0.1500 हे. में से 0.1300 हे. भूमि पाटन से पौंडी रोड निर्माण हेतु भूमि खस रा नं. 424 मद निजी से भूमि लेकर शासकीय भूमि खसरा नं. 423 की अदला बदली हेतु आर.सी.एम.एस. पोर्टल पर नजूल भूमि हस्तांरण / आवंटन के लिए ऑनलाइन आवेदन किया गया है।

अतः उक्त वर्णित भूमि पाटन से पौंडी रोड निर्माण हेतु भूमि मौजा कैमोरी प.ह.नं. 19 रा.नि.मं. कटंगी तहसील पाटन स्थित खसरा नं. 424 मद निजी से भूमि लेकर शासकीय भूमि खसरा नं. 423 की अदला बदली किये जाने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति, कार्यालय कलेक्टर जबलपुर / न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी पाटन / न्यायालय तहसीलदार कटंगी के समक्ष उपस्थित होकर नियत दिनांक 02.06.2026 के पूर्व न्यायालयीन समय में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक 02.06.2026 प्राप्त दावे / आपत्तिंया विचारणीय नहीं होंगे।

जारी दिनांक 19.05.2026
नियत दिनांक 02.06.2026

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
पाटन जिला जबलपुर

G-13554/26

## राशिफल

**मेष** – कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मानसिक शान्ति रहेगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी।

**वृष** – कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। धन आगमन की स्थितियां बनी रहेंगी।

**मिथुन** – आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। अति उत्साही होने से बचें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी, लेकिन स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वाणी के प्रभाव में वृद्धि

**कर्क** – अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह** – कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद की स्थति बिन सकती है। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कन्या** – कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। आय की स्थिति में सुधार होगा। संयत रहें। क्रोध के क्रोध से परेशान रहेंगे। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**तुला** – दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में तरक्की मिल सकती है।

**वृश्चिक** – आय में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मन में नकारात्मकता के प्रभाव से बचें। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**धनु** – कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मकर** – वाणी में सौम्यता रहेगी। नकारात्मक विचारों के प्रभाव से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** – स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नौकरी में अफसरों से मतभेद हो सकते हैं। मन प्रसन्न रहेगा। संयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में सुधार होगा।

**मीन** – शैक्षिक कार्यों के लिए वदिश यात्रा पर जाना हो सकता है। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।


# रिलायंस ने की 1 लाख से ज्यादा नई भर्तियां ग्रीन एनर्जी से 2 लाख रोजगार की उम्मीद

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रिलायंस ग्रुप ने वित्त वर्ष 2025-26 में 1 लाख से ज्यादा नई भर्तियां कीं। कंपनी की ताजा वार्षिक रिपोर्ट के मुताबिक 31 मार्च 2026 तक रिलायंस के कुल कर्मचारियों की संख्या बढ़कर 4,19,911 हो गई। इस दौरान कंपनी ने एआई, डेटा साइंस, ऑटोमेशन और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन जैसे क्षेत्रों में नई प्रतिभाओं को जोड़ने पर खास ध्यान दिया। रिलायंस के मुताबिक यह भर्ती कंपनी के उस बदलाव को दिखाती है, जिसके तहत वह खुद को एआई-फर्स्ट और डीप-टेक कंपनी के रूप में आगे बढ़ा रही है। जामनगर में बन रहा धीरूभाई अंबानी ग्रीन एनर्जी गीगा कॉम्प्लेक्स अर्थव्यवस्था में 2 लाख से ज्यादा ग्रीन जॉब्स पैदा करने की क्षमता रखता है। रिपोर्ट के मुताबिक वित्त वर्ष 2026 में रिलायंस ने कर्मचारियों पर 30,318 करोड़ रुपए खर्च किए, जो पिछले वित्त वर्ष के 28,559 करोड़ रुपए से 6.2 प्रतिशत अधिक है। जियो ने 11 भाषाओं में काम करने वाला एआई-आधारित भर्ती प्लेटफॉर्म भी इस्तेमाल किया, जिसका उद्देश्य भर्ती प्रक्रिया को अधिक निष्पक्ष बनाना है।




## शब्द पहेली - 6240



**बाएँ से दाए**
1. ईष्ट कृपा, वर-4
3. मान का विलोम-4
8. शैतानी करना-4,3
10. झगड़ा, बैर-3
11. जंगल, वन-3
13. सर्दी से बचने के लिये जलाई गई लकड़ियों का ढेर-3
15. जलने के बाद बचे अवशेष-2
17. कार्य-2
18. पतवार-2
19. नमाज से पहले हाथ-पांव धोना-2
21. नमस्कार-3
25. बूंद-3
26. जिज्ञासा, लगन-3
27. आत्मोत्सर्ग करना-4,3
30. मां के माता-पिता-2,2
31. रपटना-4

**ऊपर से नीचे**
2. वलय, घेरा-3
4. तीन घंटे का समय-3
5. खिसकना-4
6. उन्मादी, मदमस्त-4
7. यज्ञ, होम-3
8. नगर-3
9. तिरस्कृत-3
12. रूप अभिमान-3
13. शांति-3
14. प्रतिज्ञा-3
16. सहभोज-3
20. मोजा, पायताबा-3
22. उदारता-4
23. परवरिश करना-3
24. वचन तोड़ना-4
25. लेखनी-3
28. लिखावट-3
29. अमीर, धनवान-3

**शब्द पहेली- 6239 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | मा | न | त | | अ | | बी | र | ब | ल |
| | ला | | वा | | म | हि | मा | | ल | व |
| म | | | य | की | न | | र | | | कु |
| त | क | ली | फ | | चै | त्र | | क | ल | श |
| बा | | ड | | रा | न | | गै | | ह | |
| ला | प | र | वा | ह | | का | र | गु | जा | री |
| | र | | दा | | अ | स्त | | मा | | मा |
| प्र | ख | र | | पा | प | | म | न | च | ला |
| जा | | | शा | | ह | न | न | | | गू |
| प | र | | पि | ह | र | | ह | | शा | |
| ति | जा | र | त | | ण | | र | ह | म | त |

## सूडोकु नवताल - 6250

***** कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

MANGAL SENACHA BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6249 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

रोचक
शिखर चंद जैन

# इन घरों को देखकर कहोगे OMG!

बच्चो, अधिकतर घर एक निश्चित शेप, साइज और डिजाइन में बने होते हैं। लेकिन तुम्हें जानकर अचरज होगा कि दुनिया में कुछ ऐसे अजब-अनोखे घर भी बनाए गए हैं, जिनको देखकर लोग हैरान रह जाते हैं। इनकी अजीबो-गरीब संरचना को देखने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। ऐसे ही कुछ बेहद अनूठे घरों के बारे में जानो।

### क्रेजी हाउस वियतनाम

**वियतनाम के** दा लाट में स्थित क्रेजी हाउस को कोई पहली बार देखे तो यह किसी हॉरर मूवी का हिस्सा



लगता है। यह किसी विशाल डेड ट्री जैसा दिखता है। इस घर में सीधी लाइन में दीवारें या परफेक्ट एंगल वाले कॉर्नर नहीं हैं। इसमें सीढ़ियां गुफाओं जैसी लगती हैं और खिड़कियां मकड़ी के जालों जैसी। मजेदार बात यह है कि यहां के हर कमरे का नाम किसी जानवर के नाम पर रखा गया है, जैसे- टाइगर रूम, ईगल रूम आदि। वास्तुकार डेंग वियत नगा ने अपनी अनोखी कल्पना को साकार रूप देने के लिए इस क्रेजी हाउस का निर्माण किया था। *



### उल्टा घर पोलैंड

**पोलैंड के** सिजमबार्क में एक ऐसा घर मौजूद है, जिसे देखकर तुम अचरज में पड़ जाओगे। इस उल्टे घर यानी इनवर्स हाउस की छत जमीन पर और फर्श आसमान की ओर है। अटपटी बनावट के कारण इस घर के अंदर जाने पर लोगों को अकसर चक्कर आने लगते हैं क्योंकि उनका बैलेंस बिगड़ जाता है। मजे की बात यह है कि इस घर के अंदर फर्नीचर भी छत से उल्टा लटका रहता है। *

### हाउस एनए जापान



**जापान के** टोक्यो शहर में स्थित हाउस एनए, पूरी तरह कांच से बना है। यह पेड़ों की शाखाओं की तरह अलग-अलग प्लेटफॉर्म्स पर बना है। प्राचीन काल में जिस तरह इंसान, पेड़ों पर, खुले माहौल में रहते थे। आर्किटेक्ट सु फुजीमोटो इस घर में रहने वालों को कुछ उसी तरह का अनुभव देना चाहते थे। इसलिए उन्होंने ऐसा अनोखा घर बनाया। जापान में निजी घरों के अलावा, कई सार्वजनिक स्थलों पर भी इस तकनीक का उपयोग किया गया है। *

### क्यूब हाउस नीदरलैंड

**नीदरलैंड देश** के रॉटरडैम में ऐसे कई घर हैं, जिन्हें क्यूब हाउस कहा जाता है। इन घरों के ऊपरी सिरे पर



45 डिग्री के एंगल पर झुके हुए पीले रंग के क्यूब्स बने हैं। यहां का हर घर एक पेड़ का प्रतिनिधित्व करता है। इस तरह देखा जाए तो सारे घर मिलकर एक 'शहरी जंगल' बनाते हैं। घर के अंदर की दीवारें और खिड़कियां तिरछी बनी हैं, जिससे फर्नीचर सेट करना मुश्किल होता है। ये क्यूब हाउस बाहर से बहुत ही अट्रैक्टिव नजर आते हैं, जिन्हें देखने दूर-दूर से पर्यटक आते हैं। *

### ड्रिना रिवर हाउस सर्बिया

**सर्बिया देश** के बाजिना बास्ता में स्थित छोटा-सा लकड़ी का घर ड्रिना रिवर हाउस, 1968 से सर्बिया




की ड्रिना नदी के बीच एक चट्टान पर टिका हुआ है। इसे कुछ तैराकों ने आराम करने के लिए बनाया था। हैरानी की बात यह है कि नदी में कई बार भयानक बाढ़ आई, लेकिन यह छोटा सा घर आज भी अडिग खड़ा है। यह घर दुनिया के सबसे शांत और अकेले घरों में से एक माना जाता है। *




### हॉबिट हाउस वेल्स

**यूरोपीय देश** वेल्स के पेम्ब्रोक शायर में स्थित हॉबिट हाउस, बिल्कुल वैसा ही दिखता है जैसा 'द लॉर्ड ऑफ द रिंग्स' फिल्म में दिखाया गया है। इसे साइमन डेल ने बनाया था। इस घर को तैयार करने में उन्होंने मिट्टी, पत्थर और लकड़ियों का इस्तेमाल किया। पूरी तरह से ईको-फ्रेंडली इस घर में बिजली के लिए सौर ऊर्जा का उपयोग किया जाता है। इस घर को बनाने में 3,000 पाउंड (लगभग 4 लाख रुपए) का खर्चा आया था। *



### कासा डो पेनेडो पुर्तगाल


**पुर्तगाल में** स्थित कासा डो पेनेडो को 'पत्थर का घर' कहा जाता है क्योंकि यह चार बड़े प्राकृतिक ग्रेनाइट पत्थरों के बीच बना है। इसका निर्माण 1972 में एक फैमिली के हॉलिडे होम के रूप में किया गया था। इसमें बुलेटप्रूफ खिड़कियां और एक पत्थर का बना स्विमिंग पूल भी है। इस घर में बिजली का कनेक्शन नहीं है। अपने अनोखे डिजाइन और आस-पास के प्राकृतिक वातावरण के कारण देश-विदेश के पर्यटक इस घर को देखने आते हैं। *



छोटी कहानी
पावनी

मीनू और मोनू ने गर्मियों में कुछ नया करने की सोची। इसके लिए दोनों ने मां से कुछ पैसे भी मांगे। मां ने तुरंत वो पैसे निकाल कर दे दिए, जो उन्होंने मजेदार बचत करके जमा किए थे। आखिर मां की यह मजेदार बचत क्या थी?

# मजेदार बचत



गर्मी की छुट्टियां शुरू हो चुकी थीं। मीनू और मोनू इन छुट्टियों में कुछ नया सीखना चाहते थे। दोनों मां के पास आकर बोले, 'मां हमें कुछ नया करना है।'

मीनू-मोनू की बातें सुनकर मां बोलीं, 'वाह! बहुत अच्छा विचार है बच्चो। तुम दोनों इस बार गर्मी की छुट्टियों में कुछ न कुछ नया जरूर सीखो।'

'मगर मां, इसके लिए तो हमें कुछ एक्स्ट्रा पैसे चाहिए।' मीनू-मोनू एक साथ बोले। 'ओह, तो इसमें परेशानी की कौन-सी बात है। यह लो मजेदार बचत का गुल्लक। इसमें से ले लो रुपए।' मां ने एक गुल्लक लाकर उनके सामने रख दी।

'मजेदार बचत! अरे यह कैसी बचत है मां?' मीनू-मोनू को हैरानी हुई।

मां ने बताया, 'यह तुम दोनों की ही बचत है। यह बचत हमने इस तरह की है, तुम्हें मालूम ही नहीं पड़ा। याद करो, जब-जब तुम बाहर से समोसा, कचौरी वगैरह खाने की जिद करते थे, मैं घर पर ही बना देती थी। इस तरह कई बार हुआ। इससे काफी पैसे बच गए, जो मैंने गुल्लक में डाल दिए।'

मीनू-मोनू को मां की बातें सुनकर बड़ा अच्छा लगा। मां ने आगे भी बताया, 'इतना ही नहीं, तुम दोनों ने कितनी ही बार पानी की बचत की, बेवजह पानी नहीं बहने देते थे। बिजली की भी बचत की। प्रत्येक रविवार को तुम दोनों बाहर बैठकर पढ़ते थे। पानी भी जरूरत भर खर्च करते थे। इससे बिजली और पानी का बिल कम आया। उस बचत के रुपए भी मैं इसी गुल्लक में डाल देती थी। तो यह एक तरह से तुम दोनों की ही कमाई है बच्चो।' मां यह कहकर हंस दीं।

दोनों बच्चे पैसों से भरी गुल्लक देखते ही रह गए। मोनू बोला, 'अरे वाह मां। हमने इतनी बचत कर ली!'

मीनू और मोनू ने गुल्लक को तोड़कर रुपए गिने। मीनू खुशी से बोली, 'ओह, यह तो बहुत ही अधिक पैसे हैं मां। हमारा काम तो इससे कम पैसों में हो जाएगा।'

'तो ठीक है, जितने पैसे तुम दोनों को चाहिए, रख लो। जो बच जाएं, उसकी एक और गुल्लक बना लो।' मां बोलीं।

मीनू-मोनू दोनों उत्साहित स्वर में बोले, 'मां, हम जरूर गुल्लक बनाएंगे और मजेदार बचत करेंगे। हम हमेशा पानी और बिजली बचाएंगे, इसके अलावा जहां हम बचत कर सकते हैं, करेंगे।' 'मुझे तुम पर गर्व है बच्चो।' मां दोनों को गले लगाते हुए बोलीं। *

कविता / गोविंद भारद्वाज

## मेरी साइकिल...!

सबको पीछे छोड़ घुमाती,
सरपट-सरपट दौड़ लगाती।
मेरी साइकिल...!
कच्चा हो या पक्का रस्ता,
साथन लगता सबको सस्ता।
रोज सुबह मैं पढ़ने जाता,
रखकर पीछे अपना बस्ता।
ट्रिन-ट्रिन का शोर मचाती,
सरपट-सरपट दौड़ लगाती।
मेरी साइकिल...!
पैडल मार मैं इसे चलाऊं,
गली-गली में रोज घुमाऊं।
सर्कस के जोकर के जैसे,
दो पहियों पर खूब नचाऊं।
हरदम मेरा साथ निभाती,
सरपट-सरपट दौड़ लगाती।
मेरी साइकिल...!
कभी न मांगे खर्चा-पानी,
कम न होती इसकी रवानी।
कसरत और जॉगिंग में तो,
अव्वल रहती सदा कहानी।
प्रदूषण से सबको बचाती,
सरपट-सरपट दौड़ लगाती।
मेरी साइकिल...!



## बूझो तो जानें

1 एक गुफा में बत्तीस चोर
सबके तन हैं श्वेत,
खाने वाली चीजों पर ये
जुटते हैं समवेत।

2 एक बक्से में चालीस चोर
सबका मुंह है काला,
पैर पकड़ जिसका भी रगड़ो
वो झट करे उजाला।

3 एक वृक्ष में बारह शाखें
बावन उनके होती आंखें,
तीन सौ पैंसठ जिसमें फूल
क्या कहलाए बोलो मूल?

-वसीम अहमद नगरामी

उत्तर: 1. दांत, 2. माचिस, 3. वर्ष

## जीके क्विज-207


1. हाल ही में भारत के किस शहर में हाइड्रोजन बस सेवा शुरू की गई है?
2. इंटरनेशनल बुकर लिटरेचर प्राइज 2026 के विजेता कौन बने हैं?
3. भारत के किस राज्य ने देश में सबसे पहले एआई मंत्रालय बनाया है?
4. अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कब मनाया जाता है?
5. ताज महल किस नदी के तट पर स्थित है?
6. पिछले दिनों किस पर्वतारोही ने 32वीं बार माउंट एवरेस्ट पर सफलतापूर्वक चढ़ाई करने का विश्व रिकॉर्ड बनाया?
7. भारत का पहला परमाणु ऊर्जा संयंत्र कहां स्थापित किया गया था?
8. इंसुलिन का प्रयोग किस बीमारी के उपचार में होता है?
9. विश्व का सबसे घना जंगल कौन-सा है?
10. सांची का स्तूप किस राज्य में स्थित है?



बच्चो, जीके क्विज-207 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-206 का उत्तर :** 1. सी. जोसेफ विजय, 2. क्रिस्टोफर कोलंबस, 3. फॉस्टिनो ऑरो, 4. 5 जून, 5. हर्षवर्धन, 6. रामकृष्ण परमहंस, 7. भारत रत्न, 8. प्रकाश संश्लेषण, 9. दादाभाई नौरोजी, 10. शुक्र

**जीके क्विज-206 का सही उत्तर देने वाले :** प्रीति-रायपुर, पूरब-बिलासपुर, गरिमा-गरियाबंद, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, जिया शिया-रायगढ़, वर्णिका-खैरागढ़, मोहनीश-गरियाबंद, तेजस-रोहतक, दिव्या-हिसार, संचित-महासमुंद



कहानी
डॉ. अलका जैन 'आराधना'

इन दिनों गर्मी की छुट्टियों में पिंकू देर तक सोता था। दादी ने कई बार उसे टोका कि सुबह उठकर ताजी हवा का आनंद लिया करे। पिंकू की आदत नहीं सुधरी। लेकिन कुछ समय बाद ही, एक नन्ही गिलहरी ने पिंकू की देर से उठने की आदत सुधार दी। बच्चो, है ना हैरान करने वाली बात!

# गिलहरी ने सुधारा पिंकू को



पिंकू के स्कूल में गर्मी की छुट्टियां चल रही थीं। वह आजकल देर तक सोता था। उसकी दादी उससे बार-बार कहतीं, 'सुबह जल्दी उठा करो। गर्मियों की सुबह बहुत सुहानी होती है। बाहर टहलने जाओ, ताजी हवा खाओ। सूरज सिर पर आने के बाद उठने से क्या फायदा?' जवाब में पिंकू दादी से यही कहता, 'दादी, आप भी ना! पूरे साल तो जल्दी उठकर स्कूल ही जाता हूं। कम से कम छुट्टियों में तो चैन से सोने दें।'

दादी उसे समझातीं, 'बेटा, तुम दिन में भी थोड़ा सो सकते हो। सुबह जब जल्दी उठकर पार्क में खेलने जाओगे तो तुम्हें बहुत अच्छा लगेगा, तुम स्वस्थ रहोगे।'

दादी की बातों का कोई असर पिंकू पर नहीं होता। वह रात को देर तक अपने पसंदीदा टीवी शोज देखता, सुबह दस बजे से पहले नहीं उठता। पिंकू को सोते समय शांति पसंद थी। वह अपना कमरा बंद करके, सभी पर्दे लगाकर सोता था, ताकि उसकी नींद में कोई रुकावट न आए। उसका देर से उठने का सिलसिला लगातार चल रहा था। एक दिन सुबह-सुबह हल्का-सा शोर सुनकर पिंकू की नींद टूट गई। यह आवाज घर के अंदर से नहीं आ रही थी। उसने गौर किया, बाहर लॉन की तरफ से उसकी खिड़की के शीशे पर कोई ठक-ठक कर रहा है। पिंकू एक बार तो डर गया। उसने पास ही रखी स्मार्ट वॉच को उठाकर टाइम देखा, सुबह के पांच बज रहे थे। उसे समझ में नहीं आया कि इतनी सुबह भला कौन आएगा? पिंकू फिर से सोने की कोशिश करने लगा। लेकिन यह क्या? ठक-ठक की आवाज आना तो बंद ही नहीं हुई। पिंकू की नींद पूरी तरह उचट गई। वह उठा और धीरे-धीरे कदम बढ़ाते हुए खिड़की के पास आया, पर्दा हटा कर देखा, उसे कोई नहीं दिखाई दिया। पिंकू फिर से बिस्तर पर आकर लेट गया। उसने फिर से सोने की कोशिश की जैसे ही आंख लगी, फिर से खिड़की पर ठक-ठक होने लगी। पिंकू एक बार फिर खिड़की के पास गया और पर्दा हटाकर देखा, लेकिन इस बार भी उसे कोई नहीं दिखाई दिया। पिंकू वापस बिस्तर पर आकर लेट गया। थोड़ी ही देर में कुछ सोचकर वह उठा, वहीं खिड़की के पास की दीवार से सटकर खड़ा हो गया, जैसे ही आवाज आई, उसने खिड़की का पर्दा हटाकर जो देखा, देखकर दंग रह गया। एक नन्ही-सी गिलहरी खिड़की के कांच के पास आकर ठक-ठक कर रही थी। पिंकू को मन ही मन अपने पर हंसी आई, 'मैं बेकार ही डर रहा था।'

अब तो यह रोज का सिलसिला हो गया था। सुबह ठीक पांच बजे वही ठक-ठक की आवाज चालू हो जाती थी। पिंकू सो नहीं पाता। उसे ऐसा लगने लगा, मानो वह गिलहरी दादी की सहेली हो, दादी ने उसे जगाने की ट्रेनिंग दी है। एक दिन सुबह ठक-ठक की आवाज से परेशान होकर पिंकू उठा, उसने अपने स्लीपर पहने और बाहर लॉन में आ गया। लॉन में वही नन्ही गिलहरी उछल-कूद कर रही थी। बाहर दादी की चप्पलें नहीं रखी हुई थीं, मतलब दादी वॉक पर चली गई थीं। पिंकू की नजर गार्डन के फूल-पौधों पर पड़ी, वो मुरझाए से लग रहे थे। दादी रोज वॉक से लौटकर पौधों को पानी देती थीं। पिंकू ने एक पल कुछ सोचा, फिर वहां रखा हुआ पाइप नल में लगाया और पौधों को पानी देने लगा। एक गमले में उसने थोड़ा ज्यादा पानी भर दिया था। वह दूसरे गमले की तरफ बढ़ा ही था, नन्ही गिलहरी जाकर पानी भरे उस गमले से पानी पीने लगी। पिंकू को यह दृश्य बहुत प्यारा लगा। पिंकू ने गिलहरी से यों ही प्यार से पूछा, 'तुम मुझे सुबह जल्दी क्यों जगा देती हो?'

गिलहरी ने एक बार और पानी पिया और फुदकती हुई थोड़ा दूर चली गई। अगले दिन फिर उसी ठक-ठक की आवाज से पिंकू की आंख खुल गई। उसने जाकर पौधों को पानी दिया, नन्ही गिलहरी ने भी गमले में भरे पानी को पिया। पिंकू ने तभी देखा- गिलहरी के साथ-साथ पानी पीने चिड़िया भी आ गई है। 'अच्छा, तो नन्ही गिलहरी मुझे इसलिए जगाती है ताकि मैं समय पर पौधों को पानी दूं और उनकी प्यास भी बुझ जाए।' पिंकू ने मन ही मन सोचा।

अब तो पिंकू की नींद रोज सुबह पांच बजे अपने आप खुल जाती थी। वह पौधों को पानी देने के बाद नन्ही गिलहरी को 'गुड मॉर्निंग' कहकर अपनी साइकिल लेकर पार्क की ओर निकल जाता था, जहां उसके दोस्त पहले से ही खेल रहे होते थे। वहां वह थोड़ी देर अपने दोस्तों के साथ खेलता। देर से उठने की आदत की वजह से पिंकू सुबह जल्दी उठने के फायदे नहीं जानता था। लेकिन अब वह जान और समझ गया था। गिलहरी ने पिंकू की देर से उठने की आदत सुधार दी थी। पिंकू की इस बदली हुई आदत से दादी भी खुश थीं। *

तुम्हारे लिए नई किताब / शिव मोहन यादव

## अच्छी-अच्छी सीख देतीं रोचक कहानियां

बच्चों के प्रिय बाल साहित्यकार हैं गोविंद शर्मा। इनकी एक नई किताब आई है 'पानी में पैसा', जिसमें उनकी लिखी ग्यारह कहानियां संकलित हैं। इस किताब में नैतिकता, मानवता और पर्यावरण संरक्षण जैसे विविध विषयों पर प्रेरक कहानियां हैं। शीर्षक कहानी 'पानी में पैसा' नदी की स्वच्छता का गंभीर संदेश देती है। कहानी कहती है, प्रदूषण के कारण पानी में पैसा ही नहीं, आदमी भी नहीं दिखता। 'झबरू की समझ' एक वफादार कुत्ते की सूझबूझ की कहानी है, जो चोरों को पकड़ने में मदद करता है। 'देखिए और सीखिए' कहानी लालच ना करने और दूसरों का आदर करने की सीख देती है। कहानी 'घंटी तो बंधी थी' सीख देती है कि मोबाइल की लत में ऐसे भी न खोएं कि कोई बड़ा नुकसान हो जाए, किसी बड़े संकट में फंस जाएं। कहानी 'यह ताला भी खुलेगा' में शिक्षा के प्रति जिज्ञासा और लगन का सुंदर चित्रण है। 'बंदर की इंसानियत' कहानी दया-करुणा का पाठ पढ़ाती है। 'रंग मिल गए' और 'पहला दिन : शुभ दिन' जैसी कहानियां हमारे भीतर मेलजोल और सौहार्द की भावना विकसित करती हैं।



इस कहानी संग्रह की भाषा बोलचाल और बालमन के अनुकूल है। कहानियों में छोटे-छोटे वाक्यों का प्रयोग किया गया है, जिससे बच्चों तुम्हें ये कहानियां पढ़ने और समझने में आसानी होगी। संग्रह की कहानियां सीख देने के साथ, तुम्हारा मनोरंजन भी करती हैं। *

**किताब**: पानी में पैसा (कहानी संग्रह),
**लेखक**: गोविंद शर्मा, **मूल्य**: 150 रुपए,
**प्रकाशक**: साहित्यागार पब्लिकेशन, जयपुर

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां फूलों के बाग की सैर करने आई नन्ही परी के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन दोनों चित्रों में छह अंतर है। तुम जल्दी से इन दोनों चित्रों में छह अंतर ढूंढ कर बताओ।



उत्तर: 1. परी की जादुई छड़ी में लगे स्टार का कलर अलग है। 2. परी के बाएं पंख के ऊपरी हिस्से में अधिक धारियां बनी हुई हैं। 3. परी के दाहिने पैर के शू का कलर अलग है। 4. परी के बेल्ट का कलर बदला हुआ है। 5. नीचे जमीन पर घास का एक गुच्छा अधिक है। 6. एकदम बाईं तरफ फूल में एक पंखुरी कम है।

## नाम पूरा करो

बच्चो, यहां दिए गए प्रत्येक चित्र के बगल में अंग्रेजी में उसका नाम भी लिखा गया है। प्रत्येक नाम का फर्स्ट लेटर मिसिंग है। तुम हर नाम के नीचे दिए गए सर्कल्स में से सही लेटर चुनकर इन नामों को पूरा करो।



| ऑरेंज कैप | पर्पल कैप |
|---|---|
|  |  |
| वैभव सूर्यवंशी | भुवनेश्वर कुमार |
| 652 रन | 26 विकेट |
| राजस्थान | बेंगलुरु |

# सचिन ने वैभव को बताया चमत्कार तो सूर्यवंशी के जवाब ने जीत लिया दिल

एजेंसी ▶▶| मुल्लांपुर

आईपीएल में 27 मई को न्यू चंडीगढ़ के मुल्लांपुर स्थित महाराजा यादवेंद्र सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 15 साल के वैभव सूर्यवंशी की विस्फोटक पारी ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स को सिर्फ मैच ही नहीं जिताया, बल्कि पूरे क्रिकेट जगत को उनका मुरीद बना दिया।

सचिन तेंदुलकर ने उनकी बल्लेबाजी को 'चमत्कार' बताया। भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने उन्हें भविष्य का 'स्टार' कहा, जबकि युवराज सिंह ने नया निकनेम देते हुए उन्हें 'बॉस बेबी' बुलाया। वहीं मोहम्मद कैफ ने वैभव सूर्यवंशी को भारतीय क्रिकेट का 'वंडर बॉय' करार दिया। खास बात यह रही कि वैभव सूर्यवंशी ने भी इन दिग्गजों की तारीफों का बेहद विनम्र और दिल जीत लेने वाले अंदाज में जवाब दिया। वैभव सूर्यवंशी के जवाबों ने सोशल मीडिया पर फैंस का दिल जीत लिया।

### वैभव का बैट स्विंग जबरदस्त : सचिन


सचिन तेंदुलकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, 'वैभव सूर्यवंशी का बैट स्विंग जबरदस्त रहा है। इससे भी ज्यादा कमाल की बात यह है कि वह लेग स्टम्प की ओर आती गेंदों पर कितनी खूबसूरती से अपना फ्रंट फुट हटाकर जगह बनाते हैं। इसी सहूलियत की वजह से वह उस तरह से खेल पाते हैं जैसा वह खेलते हैं। यह पारी किसी चमत्कार से कम नहीं थी!''

### यह किसी सपने जैसा : वैभव

सचिन तेंदुलकर की पोस्ट का जवाब देते हुए वैभव सूर्यवंशी ने लिखा, 'धन्यवाद सर। मेरे लिए इसका बहुत बड़ा मतलब है। आपने भी लगभग इसी उम्र में खेलना शुरू किया था और अब मेरी तरह 15 साल का एक लड़का आपका आशीर्वाद पा रहा है। यह किसी सपने जैसा लग रहा है।'





### तुमने सबकी सांसें ही रोक दीं : सूर्यकुमार

भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने लिखा, 'हिम्मत बनाए रखो बच्चे। क्या शानदार पारी खेली है। तुमने सबकी सांसें ही रोक दीं थीं। एक बड़ा सितारा तैयार हो रहा है।




सूर्या को जवाब देते हुए वैभव सूर्यवंशी ने लिखा, 'बहुत-बहुत धन्यवाद कप्तान। आपके जैसे टी20 के बादशाह से ये सुनना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। मिस्टर 360, मैं भी आपसे वे कमाल के शॉट्स सीखना चाहूंगा।'

### बॉस बेबी' ने तोड़ा 'यूनिवर्स बॉस' का रिकॉर्ड : युवराज

युवराज सिंह ने लिखा, 'बॉस बेबी' ने 'यूनिवर्स बॉस' का रिकॉर्ड तोड़ दिया! अविश्वसनीय, यह बच्चा कमाल का है, इसे खेलते देखना बहुत अच्छा लगता है। युवराज की पोस्ट पर वैभव

सूर्यवंशी ने लिखा, 'बहुत-बहुत धन्यवाद युवी अंकल। आपसे 'बॉस बेबी' का खिताब मिलना मेरे लिए अब तक की सबसे बड़ी तारीफ है। मुझे अब भी इस बात का अफसोस है कि मैं तीन रन से अपने शतक से चूक गया, लेकिन इस बात की बहुत खुशी है कि हम मैच जीत गए!'

## खबर संक्षेप



### फ्रेंच ओपन : महिला युगल से हटीं वीनस और हैली

**पेरिस।** सात बार की मेजर एकल विजेता वीनस विलियम्स और हैली बैप्टिस्ट की जोड़ी ने फ्रेंच ओपन टेनिस ग्रैंडस्लैम के महिला युगल से हटने का फैसला किया। उन्होंने गुरुवार को हटने का फैसला किया और आयोजकों ने इसका कोई कारण नहीं बताया। लेकिन बैप्टिस्ट को बुधवार को वांग जियायू के खिलाफ अपने दूसरे दौर के एकल के दौरान बाएं पैर पर अजीब तरह से गिरने के बाद रिटायर होना पड़ा था। अब ड्रॉ में अमेरिकी जोड़ी की जगह यूडिस चोंग और वेरोनिका रेजवेक ने ली। वीनस अगले महीने 46 साल की हो जाएंगी। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के एकल में वाइल्ड-कार्ड से प्रवेश किया था। वह पहले दौर में हार गईं और ऑस्ट्रेलियन ओपन एकल मुख्य ड्रॉ में हिस्सा लेने वाली सबसे उम्रदराज महिला बन गईं थीं। वीनस 2002 में अपनी छोटी बहन सेरेना से फ्रेंच ओपन एकल फाइनल हार गईं।

### यूनिटी कपः सेमीफाइनल में जमैका से हारी भारतीय टीम



**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम लंदन में यूनिटी कप के सेमीफाइनल में जमैका से 0-2 से हारकर बाहर हो गई। जमैका के लिए कर्टनी क्लार्क ने आठवें और काहेम डिक्सॉन ने 78वें मिनट में गोल दागे। अब तीसरे स्थान के प्लेआफ मुकाबले में भारत का सामना जिम्बाब्वे से होगा, जिसे दूसरे सेमीफाइनल में नाइजीरिया ने हराया। वहीं फाइनल में पिछले साल की तरह नाइजीरिया की टक्कर जमैका से होगी। भारत के लिए नोफाल पीएन और रिकी शाबोंग ने सीनियर टीम में पदार्पण किया। भारतीय टीम का ब्रिटेन में यह पहला मैच था। फीफा रैंकिंग में 71वें स्थान पर काबिज जमैका ने आक्रामक शुरुआत करके आठवें ही मिनट में बढ़त बना ली। डिक्सॉन 17वें मिनट में बढत दुगुनी करने के करीब पहुंचे लेकिन गुरप्रीत संधू ने गोल नहीं होने दिया।

### एनएसएफ में होगी आईटी सलाहकार नियुक्ती




**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने कहा कि वह अहमदाबाद में होने वाले 2030 राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान बेहतर तालमेल के लिए अपनी डिजिटल प्रणाली को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय खेल संघों (एनएसएफ) में आईटी सलाहकारों की नियुक्ति करेगा। यह योजना राष्ट्रीय खेल डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र (एनएसडीई) के व्यापक ढांचे का हिस्सा है। हालांकि मंत्रालय ने अभी यह साफ नहीं किया है कि वह प्रत्येक संघ में कितने पेशेवरों को नियुक्त करना चाहता है, इसके लिए क्या समय-सीमा या मापदंड होंगे। खेल मंत्रालय वर्तमान में 40 से अधिक राष्ट्रीय संघों को मान्यता देता है। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा, ' इस पहल का उद्देश्य संघ विशिष्ट डिजिटल प्रणाली को सुव्यवस्थित करना और प्रतियोगिताओं, राष्ट्रीय कोचिंग शिविरों, खिलाड़ियों की भागीदारी, प्रशासन प्रक्रियाओं और वास्तविक समय में तालमेल के लिए अधिक प्रभावी योजना बनाना है ।

## क्वालीफायर-2 : आज शाम 7.30 बजे से गिल और सूर्यवंशी का आमना-सामना

# 'वंडर किड' को रोकने की चुनौती, जीटी के टॉप ऑर्डर को दिखना होगा दमखम

एजेंसी ▶▶| मुल्लांपुर

राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग के दूसरे क्वालीफायर में गुजरात टाइटंस के गेंदबाजों के सामने सबसे बड़ी चुनौती 'वंडर किड' वैभव सूर्यवंशी के बल्ले पर अंकुश लगाने की होगी जबकि उनके शीर्षक्रम के बल्लेबाजों को भी आक्रामक खेल दिखाना होगा। दोनों टीमों के बीच पिछले मुकाबले में मोहम्मद सिराज ने शॉर्ट गेंद पर सूर्यवंशी को आउट किया था लेकिन इससे पहले उनकी गेंद पर शानदार छक्का पड़ा था। तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा को भी सूर्यवंशी ने नहीं बख्शा। पंद्रह बरस के इस बल्लेबाज ने एलिमिनेटर में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 29 गेंद में 97 रन बनाए। बल्लेबाजों की मददगार इस पिच पर सूर्यवंशी एक बार फिर हर गेंद को पीटना चाहेंगे और गेंदबाज के रसूख की वह परवाह नहीं करते। इसलिए जसप्रीत बुमराह से लेकर पैट कमिंस तक सभी की गेंदों पर उन्होंने छक्के लगाए हैं।





### आरआर को करना होगा फिनिशिंग पर काम

कुछ मैचों में सूर्यवंशी शॉर्ट गेंद पर विकेट गंवा बैठे हैं और गुजरात के गेंदबाज इसी पर फोकस करना चाहेंगे। रॉयल्स की सफलता की कुंजी सूर्यवंशी और तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर साबित हुए हैं। सूर्यवंशी के शानदार फॉर्म के आगे यशस्वी जायसवाल छिप से गए हैं। ध्रुव जुरेल ने तीसरे नंबर पर अच्छी बल्लेबाजी की है। कप्तान रियान पराग ने कहा था कि रॉयल्स को बुधवार को 260 रन बनाने चाहिए थे लेकिन डैथ ओवरों में विकेट लगातार गिरते गए । उन्हें अपनी फिनिशिंग पर काम करना होगा।

### सुदर्शन के प्रदर्शन में निरंतरता

दूसरी ओर गुजरात के पास एक और आईपीएल फाइनल में पहुंचने का मौका है, जिसे पिछली बार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने हराया था। गुजरात की टीम बल्लेबाजी में शीर्ष तीन शुभमन गिल, साइ सुदर्शन और जोस बटलर पर निर्भर है। अगर ये नहीं चले तो बड़ा स्कोर बनना मुश्किल है। अगर रॉयल्स ने 250 से अधिक रन बना लिए तो गिल और सुदर्शन पर दबाव आ जाएगा। सुदर्शन के प्रदर्शन में निरंतरता है लेकिन वह पहली गेंद से पीट नहीं सकता।

### गुजरात की असली ताकत गेंदबाजी

गेंदबाजी गुजरात की ताकत है लेकिन धर्मशाला में आरसीबी के खिलाफ डैथ ओवरों में उसके गेंदबाज नहीं चले थे जब आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार ने शानदार पारी खेली थी। गुजरात को अपनी फील्डिंग में भी काफी सुधार करना होगा। पिछले मैच में राहुल तेवतिया का फॉर्म भी उसके लिए अच्छा संकेत है। भीषण गर्मी के बावजूद सूर्यवंशी की बल्लेबाजी देखने के लिए हजारों की संख्या में क्रिकेटप्रेमियों के स्टेडियम में आने की उम्मीद है।

### आरआर के खिलाफ जीटी का रिकॉर्ड शानदार

आरआर के खिलाफ जीटी का रिकॉर्ड शानदार रहा है। आरआर और जीटी के बीच आईपीएल में अब तक कुल 10 मुकाबले खेले गए हैं। इनमें से 7 मुकाबलों में जीत जीटी के हाथ लगी है, जबकि राजस्थान रॉयल्स सिर्फ 3 मैच ही जीत सकी है। गुजरात टाइटंस अपने इस दमदार रिकॉर्ड को दूसरे क्वालीफायर में भी बरकरार रखने के इरादे से मैदान पर उतरेगी।

**मैच का समय :** शाम 7.30 से

## नॉर्वे चेस

# प्रज्ञानानंदा ने दुनिया के नंबर-1 खिलाड़ी कार्लसन को दी शिकस्त




एजेंसी ▶▶| मुंबई

ओस्लो। आर प्रज्ञानानंदा ने दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को नॉर्वे शतरंज के तीसरे दौर के रोमांचक मुकाबले में हराकर पूरे तीन अंक ले लिए जबकि मौजूदा विश्व चैंपियन डी. गुकेश का खराब फॉर्म जारी रहा। गुकेश को अलीरजा फिरोजा ने आर्मागेडोन (सडन डैथ टाइब्रेकर) पर हराया चूंकि बाजी ड्रॉ रही थी। इस साल टूर्नामेंट में कार्लसन चिर परिचित फॉर्म में नहीं दिख रहे थे लेकिन 7 बार के चैंपियन को उसके देश में हराना विश्व शतरंज की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक है। बुकारेस्ट में सुपरबेट शतरंज क्लासिक रोमानिया में शानदार प्रदर्शन करके आए प्रज्ञानानंदा ने उस लय को कायम रखा। इस जीत के बाद उनके 4.5 अंक हो गए हैं और वह दूसरे स्थान पर हैं। फिरोजा 7.5 अंक लेकर शीर्ष पर हैं। गुकेश के 3.5 अंक है और वह छह खिलाड़ियों के ओपन वर्ग में चौथे स्थान पर हैं। कार्लसन 1.5 अंक लेकर छठे स्थान पर है।

### यह सिक्के की उछाल जैसा : प्रज्ञानानंदा

प्रज्ञानानंदा ने जीत के बाद कहा,'इस जीत में जश्न मनाने जैसा कुछ नहीं है। यह सिक्के की उछाल जैसा है, जिसमें मैं भी जीत सकता था और मैग्नस भी। मुझे इस प्रदर्शन पर बहुत गर्व नहीं है लेकिन खुश हूं कि पहले हाफ में अच्छा खेला लेकिन टाइम कंट्रोल में बाजी किसी भी तरफ जा सकती थी।'

### प्रज्ञानानंदा ने 2024 में हराया था कार्लसन को

प्रज्ञानानंदा ने 2024 में इसी टूर्नामेंट में क्लासिकल प्रारुप में पहली बार कार्लसन को हराया था। फिरोजा रोमानिया में लगी चोट के कारण व्हीलचेयर पर आयोजन स्थल से गए और मून बूट पहनकर आए थे। उन्हें दर्द हो रहा था लेकिन उससे पार पाते हुए उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। गुकेश का खराब फॉर्म चिंता का सबब है क्योंकि उन्हें इस साल के आखिर में जावोखिर सिंडारोव के खिलाफ विश्व चैंपियनशिप मुकाबला खेलना है।

## महिला टी20 विश्व कप

# अंपायर, मैच रेफरी का ऐलान चार भारतीयों को मिली जगह



एजेंसी ▶▶| दुबई

इंग्लैंड एवं वेल्स में 12 जून से शुरू होने वाले महिला टी20 विश्व कप में अंपायरिंग करने के लिए आईसीसी ने 18 सदस्यीय महिला अधिकारियों की सूची जारी की है, जिसमें मैच रैफरी जीएस लक्ष्मी सहित चार भारतीय अंपायर शामिल हैं।

यह लगातार तीसरा चरण होगा, जिसमें अधिकारियों के पैनल में सभी महिलाएं शामिल हैं। कैन्डेस ला बोर्ड, गायत्री वेणुगोपालन, केरिन क्लास्टे और शथीरा जाकिर जेसी पहली बार इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी। अंपायरों की सूची में दो अन्य भारतीय वृंदा राठी और जननी एन हैं।

### क्लेयर पोलोसाक छठी बार करेंगी अंपायरिंग

विश्व कप में 33 मैच के दौरान 14 अंपायर और 4 मैच रैफरी काम करेंगे, जिनमें 2024 चरण के दल के 9 सदस्य भी शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया की क्लेयर पोलोसाक सबसे अनुभवी हैं, जो इस टूर्नामेंट में छठी बार हिस्सा लेंगी और पहले 22 मैच में अंपायरिंग कर चुकी हैं। जैकलीन विलियम्स और किम कॉटन ने अब तक 19-19 मैच में अंपायरिंग की है और दोनों इंग्लैंड और वेल्स में अपने पांचवें टी20 विश्व कप का रिकॉर्ड बनाएंगी। तीन मैच रैफरी शांड्रे फ्रिट्ज, जीएस लक्ष्मी और मिशेल परेरा 2024 चरण का भी हिस्सा थीं। चौथे रैफरी के रूप में न्यूजीलैंड की टुडी एंडरसन को शामिल किया गया है।

### मैच अधिकारियों की सूची

**अंपायरः** लॉरेन एजेनबाग, किम कॉटन, अन्ना हैरिस, शथीरा जाकिर जेसी, केरिन क्लास्टे, कैन्डेस ला बोर्ड, जननी एन, निमाली परेरा, क्लेयर पोलोसाक, वृंदा राठी, सुजैन रेडफर्न, एलोइस शेरिडन, जैकलीन विलियम्स, गायत्री वेणुगोपालन , मैच रेफरीः ट्रुडी एंडरसन, शांड्रे फ्रिट्ज, जीएस लक्ष्मी, मिशेल परेरा।

# सुप्रीम कोर्ट पहुंचा विनेश और डब्ल्यूएफआई का मामला

### ट्रायल में हिस्सा लेने को लेकर मचा बवाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पहलवान विनेश फोगाट को एशियाई खेल 2026 के चयन ट्रायल में भाग लेने की अनुमति देने के दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर की है।



न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और आलोक अराधे की पीठ शुक्रवार को महासंघ की याचिका पर सुनवाई करेगी। 22 मई को उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने विनेश को एशियाई खेलों के चयन ट्रायल में भाग लेने की अनुमति देते हुए कहा था कि डब्ल्यूएफआई की चयन नीति भेदभावपूर्ण थी क्योंकि मातृत्व अवकाश के बाद वापसी करने वाली उनके जैसी दिग्गज खिलाड़ी के नाम पर विचार नहीं किया गया। उच्च न्यायालय ने आदेश दिया था कि 30 और 31 मई को होने वाले चयन ट्रायल की महासंघ की ओर से वीडियो रिकॉर्डिंग की जाएगी । इस दौरान भारतीय खेल प्राधिकरण और भारतीय ओलंपिक संघ का एक स्वतंत्र पर्यवेक्षक भी मौजूद होगा।

# सिंगापुर ओपन : क्वार्टर फाइनल में सिंधू और लक्ष्य, प्रणय हारे

एजेंसी ▶▶| सिंगापुर

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन ने गुरुवार को सिंगापुर ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अलग-अलग अंदाज में जीत दर्ज करते हुए क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया जबकि एचएस प्रणय कई गलतियों की वजह से बाहर हो गए।

सिंधू ने 37 मिनट के भीतर जापान की रिको गुंजी को 21-9, 21-12 से हराया। अब उनका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त कोरिया की आन से यंग से होगा। सिंधू कभी भी ओलंपिक चैंपियन को हरा नहीं सकी हैं और आठ बार पराजित हो चुकी हैं। पिछली हार पिछले साल चाइना ओपन में मिली थी।



### अब लक्ष्य का सामना कोकी वातानाबे से

लक्ष्य ने भी क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है क्योंकि दूसरे वरीय कुनलावुत विदितसर्ण ने महज दो अंक के बाद पीठ की समस्या के कारण रिटायर होने का फैसला किया। अब 2021 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य का सामना जापान के कोकी वातानाबे से होगा। पुरुष युगल में चौथी वरीयता प्राप्त सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने कड़े मुकाबले में चीनी ताइपै के ली झि हुइ और यांग पो सुआन को एक घंटे तक चले मुकाबले में 21-15, 11-21, 21-18 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। अब उनका सामना मलेशिया के खाइ शिंग कांग और आरोन ताइ से होगा।

## फ्रेंच ओपन : नहीं खेलूंगा फ्रांसीसी खिलाड़ी के खिलाफ : नोवाक

# क्ले कोर्ट में दर्शकों ने हूटिंग के बाद बजाई ताली, गुस्से में दिखे जोकोविच

एजेंसी ▶▶| पेरिस

सर्बिया के दिग्गज खिलाड़ी नोवाक जोकोविच फ्रेंच ओपन में दर्शकों के बर्ताव से काफी नाखुश हैं। जोकोविच ने कहा कि उम्मीद है कि टूर्नामेंट में उन्हें अब फ्रांस के किसी भी खिलाड़ी का सामना नहीं करना पड़ेगा। जोकोविच वैलेंटिन रॉयर के खिलाफ हुए मैच में दर्शकों की ओर से की गई लगातार हूटिंग से गुस्से में नजर आए। जोकोविच ने दूसरे राउंड में रॉयर पर चार सेट में 6-3, 6-2, 6-7(9), 6-3 से जीत हासिल करके अपने 25वें ग्रैंड स्लैम खिताब की तरफ कदम बढ़ाया। टूर्नामेंट के लगातार दूसरे मुकाबले में जोकोविच का सामना फ्रांस के खिलाड़ी से हुआ। पहले राउंड में जोकोविच ने जियोवानी मपेट्शी पेरीकार्ड को हराया था। मैच के दौरान



एक समय ऐसा आया जब जोकोविच ने भीड़ की हूटिंग के बाद ताली बजाई और अंपायर ने शांत रहने को कहा। अंपायर ने कहा, 'लेडीज एंड जेंटलमैन, कृपा दोनों खिलाड़ियों की इज्जत करें। जोकोविच ने तुरंत कहा, उनमें कोई इज्जत नहीं है। सर्बियाई खिलाड़ी ने कहा, मुझे उम्मीद है कि मैं बाकी टूर्नामेंट में किसी और फ्रेंच खिलाड़ी के साथ नहीं खेलूंगा।

### शुरुआती दो सेट में जोकोविच का ज़बरदस्त खेल

शुरुआती दो सेट में जोकोविच का ज़बरदस्त खेल देखने को मिला। तीन बार के रोलैंड-गैरोस (फ्रेंच ओपन) विजेता रॉयर के पैटर्न को समझ रहे थे और कई लेज़र-फोकस्ड शॉट मार रहे थे। हालांकि, रॉयर पीछे हटने को तैयार नहीं थे और उन्हें लगातार अच्छे खेल का इनाम तीसरे सेट में मिला। उन्होंने तीसरे सेट में अपना हुक्ड फोरहैंड मारकर स्कोर 4-4 से बराबर कर दिया। टाई-ब्रेक में जोकोविच ने मैच पॉइंट 6-5 पर बनाए रखा। फिर से रॉयर ने हार नहीं मानी और 24 ग्रैंड स्लैम विजेता खिलाड़ी को पीछे रखने के लिए जोरदार शॉट्स खेले और फुर्तीले मूवमेंट का इस्तेमाल किया। कुछ पॉइंट बाद जोकोविच का एक बैकहैंड लंबा चला गया, जिससे पेरिस के फैंस जोरदार नारे लगाने लगे।

### रॉयर अपने प्रदर्शन के लिए श्रेय के हकदार : जोकोविच

*जोकोविच ने कहा, मुझे राहत मिली है। जाहिर है कि जब आप मैच जीतते हैं तो अलग महसूस होता है। मुश्किल हालात में यह दोनों खिलाड़ियों के लिए बहुत जरूरी जीत है। बहुत गर्मी थी, और मुझे लगता है कि रॉयर इस मुकाबले के अपने प्रदर्शन के लिए बहुत श्रेय के हकदार हैं। यह बहुत मुश्किल मैच था, शुरू से ही एक चुनौती थी। यह नॉर्मल है कि इस तरह के हालात और माहौल में कोर्ट पर चीजें मुश्किल हो जाती हैं। मुझे उम्मीद है कि टूर्नामेंट के आखिर तक मुझे किसी और फ्रेंच खिलाड़ी से दोबारा नहीं खेलना पड़ेगा।*

### महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने कहा

# सरकार ने मजबूती से रखा पक्ष, इसलिए रद्द हुई गिरिबाला सिंह की जमानत

**जबलपुर।** एक्ट्रेस व मॉडल ट्विशा सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में मप्र हाईकोर्ट ने मृतका की सास पूर्व जज गिरिबाला सिंह को मिली अग्रिम जमानत खारिज कर दी है। भोपाल की जिला अदालत ने ये जमानत दी थी।हाईकोर्ट ने 17 पेज का अपना फैसला देर रात जारी किया। हाईकोर्ट ने अपने फ़ैसले में कहा कि निचली अदालत ने अग्रिम जमानत देते वक्त केस से जुड़े अहम सबूतों का ठीक से परीक्षण नहीं किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए अग्रिम जमानत न्यायपूर्ण नहीं है। मध्य प्रदेश सरकार की ओर से इस मामले में मजबूती से पक्ष रखा गया। इसके कारण हाईकोर्ट ने गिरिबाला सिंह की जमानत रद्द कर दी।



महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने पत्रकारों से चर्चा में बताया कि सरकार की ओर से जिरह के दौरान हाईकोर्ट को बताया गया था कि ट्विशा के शरीर पर चोट के सात निशान पाए गए थे। ये सभी चोटें उसकी मौत के पहले की थी। ट्विशा को फांसी के फंदे से उतारते समय ये चोटें नहीं आई थीं।कानूनन शादी के सात साल के अंदर हुई नवविवाहिता की संदिग्ध मौत की दहेज प्रताड़ना के मामले की नजर से जांच होती है। ट्विशा की व्हाट्सएप चैट से पता चलता है कि वो प्रताड़ित थी।पुलिस की एफआईआर में भी इसका जिक्र है कि ट्विशा दहेज को लेकर प्रताड़ना सह रही थी और उसके साथ क्रूरता भी हो रही थी। उसकी सास गिरिबाला को जांच एजेंसी ने कई नोटिस दिए थे लेकिन उन्होंने कोई सहयोग नहीं किया। उन्होंने कहा कि अब अग्रिम जमानत रद्द होने के बाद सीबीआई गिरिबाला सिंह को हिरासत में ले सकती है और पूछताछ कर सकती है।

## परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा ने फिर लगाई जमानत की अर्जी, पत्नी की बीमारी का दिया हवाला

**जबलपुर।** भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल में बंद परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा ने एक बार फिर मप्र हाईकोर्ट में जमानत की अर्जी दायर की है। शर्मा ने अपनी दूसरी जमानत याचिका में दावा किया है कि उसकी पत्नी दिव्या तिवारी गंभीर बीमारी से जूझ रही हैं। उनकी तत्काल सर्जरी जरुरी है और दो नाबालिग बच्चों की देखभाल के लिए परिवार में कोई अन्य जिम्मेदार व्यक्ति उपलब्ध नहीं है। याचिका पर अगले सप्ताह सुनवाई संभावित है।

शर्मा ने याचिका में कहा है कि उसकी पत्नी दिव्या तिवारी डिविएटेड नेज़ल सेप्टम और क्रोनिक साइनसाइटिस जैसी समस्या से पीड़ित हैं। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर कहा गया है कि उन्हें तत्काल फंक्शनल एंडोस्कोपिक साइनस सर्जरी की आवश्यकता है। यह भी कहा गया कि सर्जरी के बाद लंबे पोस्ट-ऑपरेटिव केयर की जरुरत होगी और ऐसे समय में पति की मौजूदगी जरुरी है।

गौरतलब है कि ईडी और लोकायुक्त की जांच में सामने आया था कि सौरभ शर्मा ने कथित तौर पर अपनी करोड़ों की अवैध कमाई को छिपाने के लिए कई लोगों के नाम का इस्तेमाल किया। जांच एजेंसियों के अनुसार अविरल बिल्डिंग एंड कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड जैसी कंपनियों में उसके दोस्त चेतन सिंह गौर, सहयोगी शरद जायसवाल और रोहित तिवारी को डायरेक्टर बनाया गया। रोहित तिवारी को उसका साला बताया गया है। इसके अलावा पत्नी दिव्या तिवारी, मां उमा शर्मा और अन्य रिश्तेदारों के नाम पर प्लॉट, मकान, पेट्रोल पंप, मछली पालन व्यवसाय, स्कूल प्रोजेक्ट और जमीनें होने के आरोप लगाए गए। जांच एजेंसियों के मुताबिक दुबई में करोड़ों का विला, भोपाल के आलीशान बंगले, ग्वालियर की जमीनें और इंदौर की आवासीय परियोजनाएं भी इसी नेटवर्क का हिस्सा थीं।



### दोपहर बाद बूंदाबांदी के बीच 44 डिग्री पर रहा पारा

# जमकर तपा नौतपा का चौथा दिन

**जबलपुर।** नौतपा के चौथे दिन जमकर तपन हुई। बीच-बीच में आए बादलों ने उमस भी बढ़ाई। कल तापमान एकदम से उछल लेकर 44 डिग्री पर पहुंच गया। मौसम विभाग के मुताबिक मौसम शुष्क हो गया है। पश्चिमी विक्षोप का प्रभाव मध्यप्रदेश के ऊपर से निकल गया है। अब तापमान तेजी से उछाल मारेगा और गर्मी बढ़ेगी। आसमान में बादल छाने से हवा मे नमी बढ़ गई और उमस हलाकान करने लगी। नौतपा के चौथे दिन भी उमस भरी गर्मी से जनजीवन परेशान रहा। इस बीच शाम 4 बजे बादल छाएं और हल्की बूंदाबांदी हुई।

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रवक्ता ने बताया कि उड़ीसा और छत्तीसगढ़में बने हवा के कम दबाव का क्षेत्र बनने से बादल छा रहे है। पूर्वी मध्यप्रदेश में बूंदाबांदी के आसार बने है। उमस की रफ्तार बढ़ रही है। पिछले 24 घंटों में नगर का अधिकतम तापमान 44.0 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान 30.2 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री अधिक रिकार्ड किया गया। हवा में नमी सुबह 38 प्रतिशत और सायंकाल 31 प्रतिशत आंकी गई। प्रदेश में सर्वाधिक 46 डिग्री सेल्सियस तापमान नौगांव (छत्तरपुर) जिले में दर्ज किया गया। गत वर्ष आज के दिन 38.8 और न्यूनतम तापमान 26.0 डिग्री दर्ज किया गया। उत्तर-पश्चिमी हवाएं 5 से 6 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चली। अगले 24 घण्टों के दौरान मौसम शुष्क रहने और तेज हवाएं चलने की संभावना। गुरुवार को हुई बूंदाबांदी 0.3 मिलीमीटर रही।

# बिना बिजली बंद किए रात में बदला 200 केव्हीए का ट्रांसफार्मर

### पीक लोड के समय शक्तिनगर में विद्युत अमले ने किया काम

**जबलपुर।** नौतपा की तेज गर्मी के बीच शहर में निर्बाध बिजली आपूर्ति बनाए रखने के लिए बिजली विभाग की टीम लगातार सक्रिय है। इसी क्रम में शक्तिनगर स्थित मानस मंदिर के पास बुधवार देर रात 200 केव्हीए का ट्रांसफार्मर खराब हो गया। रात के पीक लोड के दौरान आई इस तकनीकी समस्या को बिजली कंपनी की विशेष टीम ने करीब साढ़े तीन घंटे में दूर कर नया ट्रांसफार्मर स्थापित कर दिया। खास बात यह रही कि पूरे काम के दौरान क्षेत्र की मुख्य बिजली सप्लाई बंद नहीं की गई।अधीक्षण अभियंता सिटी संजय अरोरा ने बताया कि भीषण गर्मी के कारण रात 11 बजे से तड़के 3 बजे तक बिजली की मांग काफी अधिक थी। ऐसे में प्रभावित क्षेत्र की सप्लाई को दूसरे ट्रांसफार्मर से जोड़ने का प्रयास किया गया, लेकिन अतिरिक्त दबाव के चलते अन्य ट्रांसफार्मरों के फ्यूज उड़ने लगे। स्थिति को देखते हुए अधिकारियों ने तत्काल नया ट्रांसफार्मर लगाने का निर्णय लिया और मौके पर क्रेन बुलाकर काम शुरू कराया।



#### एबी स्विच काटकर पूरा किया काम

सहायक अभियंता अर्जुन सिंह और कनिष्ठ अभियंता उमंग राय की टीम ने तकनीकी सतर्कता के साथ केवल संबंधित एबी स्विच को बंद कर ट्रांसफार्मर बदलने का कार्य किया। क्रेन की मदद से जले हुए ट्रांसफार्मर को हटाकर नया 200 केव्हीए ट्रांसफार्मर लगाया गया। देर रात शुरू हुआ यह अभियान तड़के करीब 3 बजे पूरा हुआ। इस दौरान आसपास के उपभोक्ताओं की बिजली सप्लाई प्रभावित नहीं हुई। विभाग के इस त्वरित कार्य से क्षेत्रवासियों को गर्मी में बड़ी राहत मिली।

## जबलपुर-बान्द्रा साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन अब नियमित नंबर से चलेगी

जबलपुर। रेल मंत्रालय ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गाड़ी संख्या 02134/02133 जबलपुर-बान्द्रा टर्मिनस-जबलपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन को नियमित नंबर प्रदान करते हुए 20164/20163 जबलपुर-बान्द्रा टर्मिनस साप्ताहिक एक्सप्रेस के रूप में संचालित करने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन जबलपुर से 29 मई 2026 और बान्द्रा टर्मिनस से 30 मई 2026 से नियमित रूप से चलेगी।गाड़ी संख्या 20164 प्रत्येक शुक्रवार को शाम 5 बजे जबलपुर से रवाना होकर नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी, भोपाल, उज्जैन, रतलाम, वडोदरा, सूरत, वापी और बोरीवली होते हुए शनिवार दोपहर 2:15 बजे बान्द्रा टर्मिनस पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 20163 प्रत्येक शनिवार को शाम 4:30 बजे बान्द्रा टर्मिनस से रवाना होकर रविवार दोपहर 3:10 बजे जबलपुर पहुंचेगी। ट्रेन में एसी प्रथम श्रेणी, एसी द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी, शयनयान, सामान्य श्रेणी और एसएलआरडी सहित कुल 24 कोच रहेंगे। यात्री ट्रेन की समय-सारणी और अन्य जानकारी रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट एवं एनटीईएस ऐप पर देख सकते हैं।

# गिरफ्तारी के बाद विवेक त्रिपाठी की मुश्किले बढ़ी

### पूर्व तहसीलदार का रिकॉर्ड खंगाल रही पुलिस

जबलपुर।

निर्सग वॉटर पार्क में करंट लगने से एक युवक की मौत होने के बाद गैर इरादतन हत्या के मामले में गिरफ्तार किए गए पूर्व तहसीलदार विवेक त्रिपाठी से पुलिस अब कई मामलों में पूछताछ कर रही है। गौरतलब है कि होटल, रिसॉर्ट के साथ साथ विवेक ने जमीनों की खरीद फरोख्त का काम तेजी से शुरु कर रखा था। उनकी हिरासत के बाद अब पुलिस और आर्थिक अपराध शाखा की जांच कई पुराने मामलों तक पहुंचती नजर आ रही है। सूत्रों के मुताबिक पूछताछ के दौरान जमीन नामांतरण, पट्टा आवंटन और राजस्व रिकॉर्ड में कथित हेरफेर से जुड़े कई अहम दस्तावेजों और फैसलों की दोबारा पड़ताल शुरू कर दी गई है। जांच एजेंसियों को आशंका है कि इन मामलों में केवल एक व्यक्ति नहीं बल्कि विभागीय स्तर पर पूरा नेटवर्क सक्रिय रहा हो सकता है।

जानकारी के अनुसार विवेक त्रिपाठी से लगातार पूछताछ की जा रही है और उनके कार्यकाल के दौरान हुए विवादित नामांतरण मामलों की सूची तैयार की जा रही है। कई ऐसे प्रकरण सामने आए हैं जिनमें सरकारी नियमों को नजरअंदाज कर तेजी से आदेश जारी किए गए थे। अब पुलिस इन फैसलों के पीछे की परिस्थितियों और संबंधित लोगों की भूमिका की जांच कर रही है।

#### सुकून होटल मामले के बाद आए चर्चा में

सूत्रों का कहना है कि सुकून होटल प्रकरण में नाम सामने आने के बाद जांच एजेंसियों ने विवेक त्रिपाठी की गतिविधियों पर निगरानी और तेज कर दी थी। इसी दौरान उनके खिलाफ पहले से लंबित शिकायतों और दस्तावेजों को भी खंगाला गया। जांच में कई ऐसे रिकॉर्ड मिले हैं जिनमें जमीन संबंधी मामलों में प्रक्रिया का पालन नहीं किए जाने की बात सामने आई है। बताया जा रहा है कि पुलिस अब उन लोगों से भी संपर्क कर रही है जिनकी शिकायतें लंबे समय से लंबित थीं। शहर के अलग-अलग थानों में दर्ज मामलों और राजस्व विभाग की पुरानी फाइलों को एक साथ जोड़कर देखा जा रहा है। जांच एजेंसियों का मानना है कि पूछताछ के दौरान कई और नाम सामने आ सकते हैं।

#### कई अधिकारी निशाने पर

इधर विवेक त्रिपाठी की गिरफ्तारी के बाद प्रशासनिक और राजस्व अमले में हलचल बढ़ गई है। विभागीय स्तर पर भी पुराने आदेशों और फाइलों की समीक्षा शुरू होने की चर्चा है। सूत्रों के अनुसार आने वाले दिनों में कुछ और अधिकारियों एवं कर्मचारियों से पूछताछ हो सकती है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी तरह निष्पक्ष तरीके से की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई तय होगी।

## नहर में डूबने से दो युवतियों की मौत पर आयोग ने लिया संज्ञान

**जबलपुर।** जिले के बरगी थाना अंतर्गत बरगी बांध की ग्राम सालीवाड़ा स्थित नहर में गत दिनों नहाने गई चार युवतियों में मोबाइल फोन से रील बनाने के दौरान दो युवती 20 वर्षीय शीतल पटेल, 18 वर्षीय तनु पटेल की पानी के तेज बहाव में डूबने से मृत्यु होने तथा 8 वर्षीय सानिया के लापता होने की घटना सामने आई है। रील बना रही श्रृष्टि पटेल ने चौथी युवती निहारिका को बचा लिया था। चारों युवतियां अपने रिश्तेदार डेलन सिंह पटेल के यहां विवाह समारोह में शामिल होने सालीवाड़ा आई थी। मप्र मानव अधिकार आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी फरजाना मिर्जा ने बताया कि समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार के आधार पर जनहित में मामले को संज्ञान मे लेकर, मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग की मुख्य पीठ भोपाल में प्रकरण पर सुनवाई करते हुये, अध्यक्ष डॉ. अवधेश प्रताप सिंह की एकल पीठ ने प्रथम दृष्टया मानव अधिकारो के हनन का मामला मानकर, जबलपुर के कलेक्टर से मामले की जांच कराने के निर्देश दिये, साथ ही मृतकों के उत्तराधिकारियों को शासन के नियमानुसार देय आर्थिक सहायता राशि के संबंध में की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन दो सप्ताह में तलब किया है।

# कुएं में मिला वृद्ध महिला का शव

**हत्या कर चोरी की आशंका, घर का सामान बिखरा मिला**

**जबलपुर।** रांझी थाना क्षेत्र स्थित अन्ना बाबा मोहल्ला में 75 वर्षीय पुष्पा शर्मा का शव घर के पास बने कुएं में मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी उस समय लगी जब रोजाना खाना बनाने के लिए आने वाली महिला काफी देर तक दरवाजा खटखटाने के बाद भी अंदर से कोई जवाब नहीं मिलने पर पड़ोसियों को सूचना दी। तलाश के दौरान कुएं में वृद्धा का शव दिखाई दिया।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में घर के भीतर अलमारी खुली मिली तथा सामान अस्त-व्यस्त हालत में पड़ा था। पुलिस को घर में संघर्ष के निशान भी मिले हैं, जिससे आशंका जताई जा रही है कि बदमाश चोरी की नीयत से घर में घुसे थे और विरोध करने पर वृद्ध महिला की हत्या कर शव कुएं में फेंक दिया।

#### बेटे बाहर गए थे, घर में अकेली थीं वृद्धा

पुलिस के अनुसार मृतका के दोनों बेटे खेती संबंधी कार्य से होशंगाबाद गए हुए थे और महिला घर में अकेली थीं। रांझी थाना प्रभारी उमेश गोह्लानी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आसपास के संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है और स्थानीय लोगों ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता जताई है।




# 12 लाख वसूलने किसान पर किया फायर

### कार में घायल को थाने के सामने छोड़ गए हमलावर

जबलपुर।

कटंगी थाना अतंर्गत ग्राम पौडी राजघाट में गेहूं के 12 लाख रुपए के लेन देन के विवाद पर तीन लोगों ने मिलकर माउजर से फायर कर एक किसान की हत्या करने की कोशिश की। इतना ही नहीं आरोपियों ने घायल किसान को उसके ही कार में लेटाया और ले जाकर कटंगी थाने के गेट के सामने छोड़ दिया। इसके बाद पुलिस ने घायल किसान को कटंगी प्राथमिक चिकित्सा केंद्र में प्राथमिक उपचार दिलाया और उसके बाद उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया। इसी तरह शहपुरा में पुरानी कलारी मंडी में हारवेंस्टर साईड में खड़ा करने के विवाद पर एक युवक के सिर पर रॉड से जानलेवा हमला कर हत्या का प्रयास किया गया। पुलिस ने दोनों मामलों में आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया।

#### किसान पर फायर

कटंगी के ग्राम पौड़ी राजघाट में हरदुआ शहपुरा निवासी किसान 26 वर्षीय राजा सिंह लोधी ने पाटन उड़ना निवासी सोनू लोधी से 22-23 लाख का गेहूं खरीदा था। जिसका 12 लाख देना बकाया था। 27 मई की सुबह सोनू लोधी ने उसे बैंक ऑफ बड़ौदा पाटन उड़ना में बुलाया। पुलिस को दिए बयान में राजा लोधी ने सोनू के भाई व अन्य लोगों ने तुरंत पैसे देने का दबाव बनाया और गोली चला दी। दरअसल सोनू के फोन करने पर राजा लोधी उससे मिलने अपनी सेंट्रो कार क्रमांक एमपी 20 सीडी 1907 जिसमें नम्बर नहीं लिखा है से उड़ना चौराहा पर गया,उड़ना चैराहा पर सोनू, सोनू का भाई एवं 2 अन्य लोग सोनू की बेगनआर कार से मिले और कहा कि कलारी के पास बैठते हैं, वह अपनी कार से एवं वे लोग स्वयं की कार से उड़ना कलारी पाटन के पास पहुॅचे एंव अहाता में बैठे तथा लगभग आधा पौन घंटा बातचीत किये दोपहर लगभग 12 बजे सोनू उससे बोला कि चलो मेरे घर चलकर बैठकर बात करते हैं वह सोनू की कार में बैठ गया और सोनू उसकी कार लेकर दोपहर लगभग 1 बजे सोनू के घर ग्राम पौड़ी राजघाट कटंगी गये सभी लोग सोनू के घर के अंदर बैठकर बातचीत करने लगे, बातचीत के दौरान सोनू उससे अपने गेहू के रूपये मांगने लगा, उसने सोनू से कहा कि अभी पैसे नही शाम तक २ लाख रूपये व्यवस्था करके दे दूंगा, इसी बात पर विवाद बढ़ा और सोनू का भाई जिसका नाम वह नहीं जानता है एवं 2 अन्य लोग उसके साथ गाली गलौज करते हुये झूमाझपटी कर हाथ मुक्कों से मारपीट करते हुये सभी लोग बोले कि गेहूं का बकाया पैसा अभी चाहिये, रूपये नहीं दिये तो जान से खत्म कर देगें।

सोनू उसे गाली गलोज करते हुये जान से मारने की कहकर उसके साथ झूमाझपटी कर अपने घर के आंगन मे बने बाथरूम की और धक्का देते हुये ले गया और अपनी कमर से माउजर पिस्टल निकाला और उस पर फायर कर गोली चला दी, गोली उसके वायें तरफ कमर के उपर पेट में लगकर बाहर निकल गई। सोनू एवं सोनू का भाई एवं उनके 2 अन्य साथी उसे उठाकर उसकी कार में बीच वाली सीट मे लिटाकर डुंगरिया में रोड किनारे बने वेयर हाउस के पास कार से ले गये वहां पर लगभग एक घंटा कार में ही रोकने के बाद उसे उसकी कार से ही सोनू कटंगी थाने के गेट के पास ले गया पुलिस भी आ गयी और उसे कटंगी अस्पताल लेकर गयी जहां से मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296(ए), 109(1), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240